सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शनिवार, 14 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 44, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1048 अंकों की गिरावट

कमजोरी रुख के बीच धातु, सूचना प्रौद्योगिकी व जिंस शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 1,048.16 अंक गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। } 14

## संसद को बाधित करने के बहाने तलाशते हैं राहुल : प्रधान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को बयान बहादुर करार देते हुए कहा कि वह सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नये-नये बहाने तलाशते हैं। } 16



## बाराबंकी में मारा गया मुख्तार का शूटर शोएब

### बहुचर्चित लखनऊ जेलर हत्याकांड का आरोपी था बदमाश

जिला संवाददाता



बाराबंकी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में शुक्रवार को कुख्यात अपराधी शोएब किदवई उर्फ बॉबी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना के समय बॉबी अपनी कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था तभी अयोध्या राजमार्ग पर असैनी मोड पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसे नजदीक से गोली मार दी। वहीं सूत्रों का कहना है कि मारा गया आरोपी अधिवक्ता भी है।

पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल शोएब को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि वारदात के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइंस का निवासी शोएब के खिलाफ हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बॉबी का नाम चर्चित लखनऊ जेलर हत्याकांड में सामने आया था। जांच एजेंसियों के अनुसार, वह इस मामले में आरोपी था और लंबे समय से कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ था। पुलिस अधीक्षक अर्पित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

नए प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों का उद्घाटन करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को कर्तव्य भवन। और 2 कहा जाएगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ नौकरशाहों और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन। और 2, विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा यहां लिए गए निर्णय किसी सम्राट की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के बजाय 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की नींव बनेंगे। इसी भावना के साथ, मैं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन को देश की जनता को समर्पित करता हूं। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद, देश के भविष्य ...शेष पृष्ठ 14 पर


# यूपी अब भय का नहीं, विश्वास और विकास का प्रदेश : योगी

○ प्रदेश ने तय की अपराध से अनुशासन व कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा ○ ट्रिपल-टी की त्रिवेणी बनकर उभरा उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल के अभिभाषण पर शुक्रवार को विधानसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश अब भय का नहीं, विश्वास और विकास का प्रदेश है। अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि मानसिकता और नीतिगत प्रतिबद्धता का परिणाम है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष की शुरूआत में राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का आधिकारिक दस्तावेज होता है। इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों का सदन में आचरण अनुचित था। नेता प्रतिपक्ष पर सवाल खड़े हुए करते हुए सीएम ने कहा कि संभवतः इसीलिए आप सदन में उपस्थित नहीं हुए, क्योंकि समाजवादी पार्टी के सदस्य आपके नियंत्रण से बाहर रहे होंगे। यही वह आचरण था, जिससे बिटिया घबराती थी और व्यापारी कारोबार समेटता था। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए गालिब का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गालिब ने कहा था 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' समाजवादी पार्टी के और मुख्य विपक्षी दलों के इस आचरण के कारण पूरा सदन अपने आप को आहत महसूस कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की छवि अचानक खराब ...शेष पृष्ठ 14 पर



### इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर यूपी अग्रसर : सीएम

लखनऊ। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल, तकनीक और उद्यमिता से जोड़कर उत्तर प्रदेश को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि स्किल डेवलपमेंट और आईटीआई व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आते हैं। सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा के ढांचे को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में नए सेंटर स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से प्रत्येक जनपद के दो आईटीआई को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। इन संस्थानों को ह्ाहब एंड स्पोक मॉडलह्व पर विकसित किया जा रहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### माफिया की तरह इंसेफेलाइटिस पर भी किया प्रभावी नियंत्रण : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर स्पष्ट कहा कि सरकार के लिए घोषणाएं नहीं बल्कि परिणाम ही वास्तविक मापदंड हैं। विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कोई भी बात कहने से पहले यह देखना चाहिए कि उसका परिणाम क्या है। केवल लंबी-चौड़ी बातें करने से क्या लाभ यदि परिणाम शून्य हो? इसी दृष्टिकोण के साथ उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों, इन्सेफेलाइटिस पर नियंत्रण, मेडिकल ढांचे के विस्तार और भविष्य की स्वास्थ्य अर्थव्यवस्था की योजनाओं का विस्तृत उल्लेख किया। मुख्यमंत्री योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से कहा कि इन्सेफेलाइटिस की बीमारी के कारण आपके जिले के भी बच्चे काल-कवलित होते थे। आपने इस बीमारी का पूरा दौर देखा है। चार बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, लेकिन उन बच्चों का हाल-चाल लेने कोई नहीं गया। उपचार और सुविधाएं अलग विषय हैं, परंतु संवेदनशीलता भी आवश्यक... शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### घर के सामने पेशाब करने पर टोका तो हत्या

प्रयागराज। नैनी क्षेत्र में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने घर के पास पेशाब करने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद कथित तौर पर पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। नामजद 12 आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार रात आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर मदौका में स्थित एक शादीघर के बाहर एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटे जाने की जानकारी मिली। पुलिस जब संजय गेस्ट हाउस के पास पहुंची तो वहां घायल अवस्था में राजेश निषाद मिले, जो पास में ही रहते थे। शादी घर में ननकू चौरसिया नामक व्यक्ति की बेटी का विवाह था। एसीपी के अनुसार, बारात में आए कुछ लोग कथित तौर पर निषाद के घर के पास पेशाब कर रहे थे और जब निषाद ने इस पर आपत्ति जताई तो कहासुनी हो गई और आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। निषाद को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक-कार की टक्कर में मां-बेटे की मौत

सुलतानपुर। जिले के लम्भुआ थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में मां-बेटे की मौत हो गई व दो अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में मदनपुर पनियार शुक्ला पेट्रोल पंप के पास हुआ। सभी लोग कार में सवार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक आगे जा रहा था तभी पीछे से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। चालक को झपकी आने से कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया।

## बांग्लादेश : बीएनपी की बड़ी जीत, तारिक बनेंगे पीएम

### प्रधानमंत्री मोदी ने जीत के लिए दी बधाई

एजेंसी




ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) देश के ऐतिहासिक संसदीय चुनावों के लिए शुक्रवार को जारी मतगणना के बीच शानदार जीत की ओर अग्रसर है और दो दशक के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी के लिए तैयार है। ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर उसके नेता तारिक रहमान से बात की और दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था।

## साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने की तैयारी

### गृहमंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन में मांगे सुझाव

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आई4सी साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के व्यापक प्रयासों के तहत सरकार को सिफारिश करने के लिए कई उपायों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें बैंकों की केवाईसी प्रक्रियाओं को बायोमेट्रिक सत्यापन से जोड़ना और अंतरराष्ट्रीय मोबाइल रोमिंग सेवाओं को पासपोर्ट से जोड़ना शामिल है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ये प्रस्ताव सीबीआई और गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा साइबर अपराधों से निपटने के लिए हाल ही में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन से सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, भारतीय रिजर्व बैंक (आबीआई) सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी, इंटरपोल के अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में साइबर आपराधिक गिरोहों द्वारा भारतीय सिम कार्ड और फर्जी खातों के दुरुपयोग पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मेलन में साइबर धोखाधड़ी के तीन हथकंडों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें वित्तीय लेन-देन (अवैध खाते और धन शोधन), दूरसंचार (सिम या ई-सिम और डिजिटल बुनियादी ढांचे का दुरुपयोग) और मानव तस्करी (साइबर अपराध के लिए बंधक बनाना) शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया था कि साइबर अपराध का परिदृश्य वास्तव में चिंताजनक प्रतीत होता है, जिसमें हर 37 सेकंड में एक व्यक्ति ऐसे अपराधों का शिकार हो रहा है और औसतन हर घंटे 100 लोग इन धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। शाह ने एजेंसियों से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया बड़ा उलटफेर



एजेंसी

कोलंबो। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

(विस्तृत खबर भीतर)



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें

○ शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है : योगी (पृष्ठ-02)
○ खादी ग्रामोद्योग स्थापित करेगा 800 नयी इकाइयां (पृष्ठ-02)
○ रुपया तीन पैसे टूटकर 90.64 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
○ बैंक कर्ज में 14.41 प्रतिशत की हुई वृद्धि (पृष्ठ-14)
○ सरकार ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — एक करोड़ छह लाख निराश्रितों की बढ़ेगी पेंशन, नौ लाख सरकारी नौकरियों में से 1,75,000 नौकरियां केवल महिलाओं के लिए

## निराश्रित महिलाओं, वृद्धों व दिव्यांगों को सीएम योगी का तोहफा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 2 घंटा 13 मिनट तक बोले। इस दौरान योगी ने सरकार की उपलब्धियां और बजट की योजनाओं पर पक्ष रखा। साथ ही सपा पर एक के बाद एक कई हमले बोले। सदन में योगी ने कहा कि एक करोड़ छह लाख निराश्रित महिलाएं, वृद्धजन और दिव्यांगजन इस समय 12,000 रुपये सालाना पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। सरकार इस राशि को बहुत जल्द बढ़ाने जा रही है। हमने बजट दे दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सोमवार तक घोषणा की जाएगी। यूपी में 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धों 1000 रुपये पेंशन को दी जाती है। अभी हर साल 12000 रुपए मिलते हैं। सीएम ने कहा प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में महिला वर्कफोर्स की भागीदारी 12 से 13 प्रतिशत के बीच थी, जो अब बढ़कर 36 से 37 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसे तीन गुना से अधिक वृद्धि बताते हुए कहा कि यह बदलाव केवल आंकड़ों में नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उत्तर प्रदेश पुलिस की ही बात करूं तो महिलाओं की संख्या मात्र 10,000 थी, आज यह संख्या 44,000 पहुंच चुकी है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से कहा कि आपके समय में तो एक कहावत प्रचलित थी, देख सपाई, बिटिया घबराई। अब ऐसे में महिला सशक्तीकरण पर आपसे क्या चर्चा की जाए? आज सुरक्षा से समृद्धि और एम्प्लॉयमेंट से एक्सीलेंस तक आत्मनिर्भर, उद्यमी और नेतृत्वकारी नारी शक्ति उत्तर प्रदेश के भीतर नेतृत्व प्रदान कर रही है। अब तक नौ लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इनमें से 1,75,000 नौकरियां केवल महिलाओं के लिए समर्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ड्रोन दीदी, सेल्फ हेल्प ग्रुप और लखपति दीदी को एक मजबूत इकोसिस्टम प्रदान किया गया है। बीसी सखी योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बीसी सखी बैंकिंग कार्यों को आगे बढ़ा रही है। आप कह रहे थे कि क्या ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : कानून-व्यवस्था को लेकर सीएम धामी सख्त

प्रमुख संवाददाता



○ 20 आईपीएस अफसरों के तबादले देहरादून के एसएसपी भी बदले

देहरादून (उत्तराखंड)। प्रदेश में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर निर्णायक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अपराध, लापरवाही या शिथिलता के लिए शासन में कोई स्थान नहीं है। इसी सख्त रुख के तहत पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह सहित 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सरकार का मानना है कि प्रशासनिक पुनर्संरचना से पुलिसिंग में नई सक्रियता आएगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। यह निर्णय केवल स्थानांतरण तक सीमित नहीं, बल्कि परिणाम आधारित कार्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है, मनमर्जी से नहीं : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शंकराचार्य विवाद पर पूरी मजबूती से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले। सपा शासनकाल में हुई वाराणसी की पुरानी घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रश्न उठाया कि यदि संबंधित व्यक्ति वास्तव में शंकराचार्य थे, तो उन पर लाठीचार्ज और एफआईआर क्यों हुई? नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। माघ मेला में मौनी अमावस्या के अवसर पर साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर कड़ी व्यवस्था लागू करनी होती है। प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित होते हैं और उनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर सकती है, जिससे श्रद्धालुओं की जान खतरे में पड़

- **कानून सबके लिए समान, मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं**
- **नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा व व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए**



सकती है।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून सबके लिए समान है। मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन में विश्वास करती है और मयार्दा व व्यवस्था बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिम्मेदार और मर्यादित व्यक्ति कभी इस प्रकार का आचरण नहीं कर सकता। हम मर्यादित लोग हैं, कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून के शासन का पालन करना भी जानते हैं, पालन करवाना भी जानते हैं। दोनों चीजों को एक साथ लागू करवाना जानते हैं, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने देश की चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना की थी, उत्तर में ज्योतिष पीठ, दक्षिण में श्रृंगेरी, पूर्व में जगन्नाथपुरी और पश्चिम में द्वारिकापुरी। इन चारों पीठों की अपनी-अपनी परंपरा, दायित्व और आध्यात्मिक आधार हैं। इन पीठों से चार वेद जुड़े हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। प्रत्येक वेद का अपना महावाक्य है- प्रज्ञानं ब्रह्म, अहम् ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि और अयमात्मा ब्रह्म। ये महावाक्य भारतीय दर्शन की आत्मा हैं और साधना की उच्चतम अवस्था का बोध कराते हैं। मैं ही ब्रह्म हूं, कोई भी साधक जब अपनी साधना की पराकाष्ठा में पहुंचता है तो उसको इस बात की अनुभूति होती है। यही उपनिषदों का उद्घोष भी है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बार-बार एक ही बात को दोहराकर उसे मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जो विषय वास्तविक मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर विवाद का रूप दिया गया। सदन में तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि भ्रम फैलाने का प्रयास।

# एसआईआर के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन सत्यापन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे विरोध पर आपत्ति जताई और कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 7 के माध्यम से यदि किसी नाम पर आपत्ति दर्ज की जाती है तो निर्वाचन आयोग उसका सत्यापन करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष समाज को माता के नाम, शंकराचार्य के नाम और एसआईआर के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है, जबकि सरकार का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है। यदि संबंधित व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर यह प्रमाणित करता है कि वह जीवित है और आपत्ति गलत है, तो वह आपत्ति तत्काल निरस्त कर दी जाती है। मुख्यमंत्री ने प्रश्न उठाया कि विपक्ष पारदर्शी व्यवस्था का समर्थन क्यों नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एब्सेंट, शिफ्टिंग और डेथ (एएसडी) श्रेणी में कुल 2 करोड़ 88 लाख से अधिक नाम ऐसे हैं जो सत्यापन में सामने नहीं आए या जिनके संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त

- **उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य**

नहीं हुई। इनमें 46 लाख 23 हजार मृतकों के नाम शामिल हैं। लगभग 1 करोड़ 39 लाख लोग स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं, लेकिन उनके नाम सूची में बने हुए थे। 25 लाख 47 हजार डुप्लिकेट प्रविष्टियां पाई गई हैं, जबकि लगभग 80 लाख नाम एब्सेंट श्रेणी में हैं। अन्य नाम विभिन्न श्रेणियों में आते हैं। उन्होंने सरकार की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा और सुविधाओं का उल्लेख करते हुए माघ मेला की सफलता का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का स्पष्ट विवरण था। यदि विपक्ष ने उसे ध्यानपूर्वक सुना होता तो ऐसे प्रश्न नहीं उठते।

मुख्यमंत्री ने इसे आधुनिक रामराज्य की अनुभूति बताते हुए कहा कि प्रदेश में विरासत और विकास साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और हमारी सरकार उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। भाषण के अंत में मुख्यमंत्री ने सदन के सभी सदस्यों, अध्यक्ष और चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# गिरगिट भी पछतायेगा, समाजवादी मुझसे भी आगे निकल गये : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सदस्यों से कहा कि मैंने राजू पाल और उमेश पाल की हत्या का मुद्दा इसलिए उठाया, क्योंकि आप लोगों ने माफिया को गले लगाया था। उन माफिया ने हमें आंखें दिखाने का प्रयास किया, तो दुष्परिणाम भी भुगता। हर गरीब को जीने का अधिकार, बिना भेदभाव के उनका हक मिलना चाहिए। जातीय वैमनस्यता समाज, देश हित में नहीं है। देश गुलाम भी जातीय वैमनस्यता के कारण हुआ। तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं को महिमामंडन करना समाजवादी आंदोलन का मुख्य धंधा बन गया है। यह कब रंग बदल दें, कोई भरोसा नहीं। सीएम ने तंज कसा कि गिरगिट भी आज पश्चाताप करेगा कि ये समाजवादी मुझसे भी आगे निकल गए हैं।

सीएम ने कहा कि समाजवाद के आदर्श जेपी-लोहिया ने देश में बराबरी और सामाजिक न्याय की वकालत की थी, लेकिन आज संपत्ति और संतति समाजवादी के प्रतीक बन गए हैं। जो समाजवाद त्याग, संघर्ष, नैतिक आदर्शों का आह्वान करता था, आज वह इन लोगों के लिए वंशवाद, सुविधावाद और निजी साम्राज्य खड़ा करने की सीढ़ी बन गई है। लोहिया और जेपी की परंपरा ने कभी शोषण के विरुद्ध संघर्ष का उद्घोष किया था, लेकिन आज वही समाजवाद जातीय

- **संपत्ति और संतति का प्रतीक बन गया है समाजवादी**

वैमनस्यता पैदा करने का माध्यम बन गया है। प्रयास होना चाहिए कि किसी वर्ग विशेष या जाति विशेष को जातीय संबोधन करने से बचें। सीएम ने समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह लोग विकास के बारे में क्या बात करेंगे। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के गोमती रिवर फ्रंट, जेपीएनआईसी व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के भ्रष्टाचार को भी गिनाया। कहा कि सरकार आने के बाद बैठक में हमने 110 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे को 120 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव रखा। सीएम ने यह भी कहा कि प्रस्तावित सेमी बुलेट ट्रेन हम वहीं से चलाएंगे। वाराणसी से इसे जोड़ने के लिए लैंड राज्य उपलब्ध कराएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार शहर से गांव तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रही है। हमारे खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ही हैं। समाजवादी पार्टी चार बार में जितना नहीं कर पाई, उन्होंने आधे समय में इतना कर दिया कि पूरी सपा उसमें डूब जाएगी। सरकार ने तय किया है कि 2030 के कॉमनवेल्थ और 2036 में भारत के ओलंपिक की दावेदारी को ध्यान में रखकर हर मंडल मुख्यालय पर एक स्पोर्ट्स कॉलेज होगा।

# अब आप हाउस चलाओगे क्या? विधायक पर भड़के अध्यक्ष

**लखनऊ।** बजट सत्र के दौरान यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना उस समय इस कदर नाराज हो गए, कि उन्होंने गुस्से में अपना हेडफोन फेंक दिया। ऐसा करते हुए उन्होंने सदन को 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। उस समय हुई जब लोकसेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों के मुद्दे पर चर्चा चल रही थी। सपा विधायक रागिनी सोनकर ने एक प्रश्न पूछा था, जिसका जवाब वित्त मंत्री सुरेश खन्ना दे रहे थे, इसी दौरान पूरक सवाल पूछे जाने पर सत्ता पक्ष के कुछ विधायक खड़े हो गए। जिस पर स्पीकर ने कहा कि उन्हें शांत कराना आपका नहीं मेरा काम है। यहां तक तो सब कुछ ठीक था। इसके बाद भी हंगामा जारी रहा तो महाना ने भाजपा विधायक केतकी सिंह का नाम लेकर कहा- अब आप हाउस चलाओगे क्या? आपको हाउस चलाना है क्या? आप सब लोगों को हाउस चलाना है क्या? इतना कहते हुए गुस्से में उन्होंने अपना हेडफोन टेबल पर ही फेंक दिया और सदन को



- **हंगामा से नाराज महाना ने फेंक दिया हेडफोन, 10 मिनट स्थगित रहा सदन**

10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

**वित्त मंत्री ने शायरी सुनाकर महाना को मनाया :** अध्यक्ष के बाहर जाने के बाद सदन में हलचल मच गई और सभी दलों के सदस्य उन्हें मनाने की कोशिश में जुट गए। कुछ देर बाद जब सतीश महाना वापस लौटे तो माहौल को हल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी सुनाई। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी अध्यक्ष से कहा कि उनके मुस्कुराने से सदन का माहौल सकारात्मक रहता है, जिस पर सदन में हल्की मुस्कान और हंसी का माहौल बन गया। सवाल-जवाब के बीच सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि आजमगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 100 से ज्यादा कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है। 7-8 महीने से वे आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुन नहीं रहा है।

# कुशीनगर में स्थापित होगी अत्याधुनिक केले की टिशू कल्चर लैब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के क्रम में कुशीनगर के कसया स्थित राजकीय आलू फार्म पर 'केला टिशू कल्चर लैब' की स्थापना की जा रही है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 401.75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 223.54 लाख रुपये निर्माण कार्य और 178.21 लाख रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए आवंटित किए गए हैं। इस लैब की स्थापना से क्षेत्र के केला उत्पादक किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोगमुक्त पौधे स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे उनकी उत्पादन लागत में कमी आएगी और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कुशीनगर में केले की खेती को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ना है। कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में किसानों को उन्नत टिशू कल्चर पौधों के लिए अन्य



राज्यों या दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे परिवहन के दौरान पौधों के खराब होने का डर और अधिक व्यय होता था।

अब स्थानीय स्तर पर लैब स्थापित होने से किसानों को समय पर स्वस्थ और अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के पौधे प्राप्त होंगे। यह लैब न केवल केले की गुणवत्ता में सुधार करेगी, बल्कि निर्यात योग्य फसल तैयार करने में भी सहायक सिद्ध होगी, जिससे 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) अभियान को भी नई गति मिलेगी।

परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) को सौंपी गई है।

कुशीनगर के कसया में ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पोटैटो के अतिरिक्त घटकों के लिए भी 70.86 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार कुल 472.61 लाख रुपये की संयुक्त वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया गतिमान है। इन सुविधाओं के विकसित होने से कुशीनगर और आसपास के जनपदों के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह लैब तकनीकी हस्तांतरण का केंद्र बनेगी, जहां किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण भी दिया जा सकेगा। लैब के माध्यम से तैयार पौधे कीट और रोगों के प्रति सहनशील होंगे, जिससे कीटनाशकों पर होने वाला खर्च कम होगा और किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि होगी। सरकार का यह कदम कुशीनगर को केले के उत्पादन और प्रसंस्करण के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# अभ्युदय योजना भर्ती प्रक्रिया में कार्रवाई...

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया है। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर आगे विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि में निदेशालय से संबद्ध रहेंगे और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

**विभागीय मंत्री को मिली थी शिकायत :** चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को मिली थी। जिसके आधार पर जांच हुई, जिसमें संयुक्त निदेशक बिसेन दोषी पाए गए। विभागीय मंत्री ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिलीं, जिसमें अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से ठीक तरीके से सत्यापन नहीं हुआ।

- **संयुक्त निदेशक निलंबित, विभागीय जांच के आदेश**

**शिकायत से खुला मामला :** 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेशभर में संचालित कोचिंग में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच में यह सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए।

इंटरव्यू और चयन से जुड़े जरूरी दस्तावेज विभागीय पत्रावली में उपलब्ध नहीं थे। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए गठित समितियों द्वारा साक्षात्कार व सत्यापन कराए जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला और संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर चयन की संस्तुति की गई, जिससे योजना की पारदर्शिता प्रभावित हुई।

# खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग स्थापित करेगा 800 नयी इकाइयां

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 16 हजार को मिलेगा रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता विकास को नई गति देने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं।

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 800 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जिसके माध्यम से राज्य में 16,000 लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही विभाग की पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो प्रदेश की स्थापित इकाइयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर उनके संचालन



और विस्तार में सहयोग प्रदान करेगा।

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर उद्यमों की स्थापना करने में सहयोग प्रदान करना है। योजना के तहत विभाग वर्ष 2026-27 में 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से लगभग 16,000 रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री रोजगार योजना विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को लघु उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से सब्सिडी आधारित ऋण उपलब्ध करवाती है। साथ ही विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य जरूरी सहयोग प्रदान करता है। इससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ उनका पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को मजबूती प्रदान करने के लिए बैंक ऋण पर ब्याज अनुदान की सुविधा प्रदान करती है। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्यम इकाइयों को वित्तीय बोझ से राहत देकर उनकी निरंतरता और विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा।

योजना का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री ग्राम स्वरोजगार योजना और 'एक जिला एक उत्पाद' जैसी पहल से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देना है। योगी सरकार के ये कदम प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# ग्रामीण बिजली आपूर्ति से कृषि, डेयरी, कुटीर उद्योग और स्वरोजगार को मिला बढ़ावा

**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले बिजली की किल्लत से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के गांव अब जगमगा रहे हैं। योगी सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण को विकास की बुनियाद बनाया और योजनाबद्ध तरीके से हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया है। घर-घर बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में बिजली क्षेत्र को 65,926 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पारेषण और वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया है। जर्जर लाइनों को बदला गया और नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के जरिए लाखों परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए गए। इससे ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदलती दिख रही है। अब गांवों में न केवल घरेलू रोशनी बल्कि कृषि और लघु उद्योगों को भी निर्बाध बिजली मिल रही है। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना के अंतर्गत गांवों में वितरण तंत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है। पुराने कंडक्टर बदले जा रहे हैं, लो टेंशन एबी केबल बिछाई जा रही हैं और ट्रांसफार्मरों की

- **आरडीएसएस के तहत लाइन अपग्रेडेशन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और स्मार्ट मीटरिंग**

क्षमता बढ़ाई जा रही है। स्मार्ट मीटरिंग को भी तेजी से लागू किया जा रहा है जिससे कि बिजली चोरी पर अंकुश लगे और आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर हो। इन कदमों से ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या में कमी आई है और उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिल रही है। ग्रामीण विद्युतीकरण का सीधा लाभ खेती और स्वरोजगार के क्षेत्र में मिल रहा है। सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बेहतर होने से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। डेयरी, कोल्ड स्टोरेज, आटा चक्की, वेल्डिंग और अन्य छोटे व्यवसायों को निरंतर बिजली मिलने से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार देखा जा रहा है, क्योंकि विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों को अब बिजली की कमी से जूझना नहीं पड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सबका साथ सबका विकास की अवधारणा तभी साकार होगी जब गांव मजबूत होंगे। ग्रामीण उत्तर प्रदेश को ऊर्जा संपन्न बनाकर सरकार ने विकास की नई आधारशिला रखी है।

# बुनकरों के हितों के प्रति सरकार पूर्णत : प्रतिबद्ध

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 में नियम 56 के अंतर्गत उठाए गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार बुनकरों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में ऊर्जा विभाग द्वारा फ्लैट रेट विद्युत आपूर्ति योजना प्रारंभ की गई थी, जिसे बाद में बकायेदारी बढ़ने पर हथकरघा विभाग को हस्तांतरित किया गया। मंत्री सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बुनकर प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों से व्यापक चर्चा के बाद 1 अप्रैल 2023 से अटल बिहारी वाजपेई पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत 5 किलोवाट तक के कनेक्शनों के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रियायती दरें निर्धारित की गईं। साथ ही बुनाई कार्य में प्रयुक्त सहायक उपकरण बॉबिन, वार्पिंग, डबलिंग, बाइंडर मशीन तथा पंखा आदि को भी 5 किलोवाट सीमा में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 99,229 पावरलूम कनेक्शनों को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनमें 92,869 कनेक्शन 5 किलोवाट श्रेणी के हैं। पूर्व में इस योजना के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर लगभग 400 करोड़ रुपये किया गया है।

# उन्नत तकनीक में प्रशिक्षित होंगे 25 लाख युवा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के बजट का केंद्रीय विचार ह्यूमन कैपिटल यानि मानव पूंजी के अधिकतम उपयोग के जरिये प्रदेश को तकनीकी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश की विशाल युवा आबादी को तकनीक से लैस करके उन्हें ग्लोबल वर्कफोर्स का हिस्सा बनाना है। सरकार युवाओं को पारंपरिक शिक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर भविष्य की उन्नत तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करने की दिशा में बड़े निवेश कर रही है।

टेक युवा-समर्थ युवा योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 25 लाख युवाओं एवं छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रिएलिटी (एआर) और वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रिएलिटी (ईआर) में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र और उद्योग के लिए आधुनिक तकनीकी कौशल विकसित करना और युवाओं को उन्नत एप्लीकेशन आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध करना है। डिग्री आधारित

- **जनसंख्या से जनशक्ति तक: ह्यूमन कैपिटल के उपयोग की नयी रणनीति**

शिक्षा से आगे बढ़कर कौशल आधारित दक्षता विकसित करना है, जिससे कि प्रदेश का युवा वैश्विक कार्यबल का हिस्सा बन सके। लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में विश्वस्तरीय यू हब की स्थापना कर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की भी योजना है। डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में बजट के माध्यम से बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। वर्तमान में पूरे भारत की डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.6 गीगावाट है, जबकि उत्तर प्रदेश इसे वैश्विक स्तर तक ले जाने की तैयारी में है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को रोबोटिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन की शुरूआत की जा रही है। इससे प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित उद्योगों को गति मिलने की उम्मीद है। सरकार ने डेटा गवर्नेंस को भी विकास का आधार माना है। स्टेट डेटा अथॉरिटी की स्थापना कर विभिन्न विभागों के आंकड़ों में एकरूपता और रियल टाइम डेटा प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 100 करोड़ रुपये की लागत से स्टेट डेटा सेंटर 2.0 का निर्माण प्रस्तावित है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनना है, जिसके लिए सटीक और विश्वसनीय डेटा को आधार बनाया जा रहा है। बजट में नारी शक्ति को आर्थिक शक्ति में बदलने पर भी विशेष बल दिया गया है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से लगभग 1 करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं। इन समूहों और अन्य महिला उद्यमियों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए सरकार देश और प्रदेश के प्रमुख स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट और बड़े बाजारों में शोरूम और डिस्प्ले सेंटर स्थापित करेगी। बड़े शहरों में लिए जाने वाली दुकानों और डिस्प्ले सेंटर का किराया पहले 3 साल तक प्रदेश सरकार वहन करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रथम चरण में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक मार्केट या शॉपिंग काम्प्लेक्स बनाया जायेगा जहां महिला उद्यमियों के उत्पादों के विपणन की व्यवस्था होगी।

# नसीमुद्दीन सिद्दीकी 15 को सपा की लेंगे सदस्यता

**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति के बड़े मुस्लिम चेहरे नसीमुद्दीन सिद्दीकी 15 फरवरी को सपा माजवादी पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कुछ दिन पहले ही कांग्रेस छोड़ दी थी और इसके बाद से ही उनके अगले कदम को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष है, ऐसे में सवाल यह है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे बड़े चेहरे को अपने साथ जोड़ने से क्या सपा को फायदा मिलेगा? कहा जा रहा है कि नसीमुद्दीन के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति के कुछ और बड़े नेता भी सपा का हाथ थाम सकते हैं। इसमें बसपा सरकार में मंत्री रहे अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू भी सपा की सदस्यता लेंगे। इसकी जानकारी सपा प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने दी। फिलहाल नसीमुद्दीन कांग्रेस में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जैसे बड़े पद पर थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नसीमुद्दीन सिद्दीकी काफी सक्रिय रहे हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी को एक वक्त में बसपा प्रमुख मायावती का बेहद करीबी माना जाता था। नसीमुद्दीन सिद्दीकी साल 2007 से 2012 तक प्रदेश में रही बसपा सरकार में ताकतवर मंत्री थे लेकिन पिछले कुछ सालों में उनकी मायावती से अनबन हुई और उसके बाद वह पार्टी छोड़कर बाहर निकल गए। बसपा छोड़ने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस में कई साल तक रहे लेकिन उन्होंने कांग्रेस को भी अलविदा कह दिया और अब वह सपा के साथ नई राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहे हैं।

- **अखिलेश यादव के समक्ष सिद्दीकी समेत कई नेता होंगे शामिल**

# भाजपा सरकार ने नये माफिया पैदा किये : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने कानपुर में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा सरकार पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में नए-नए माफिया पैदा किए है। भाजपा सरकार ने एनकाउण्टर माफिया, कप सिरप माफिया, नीट माफिया और स्कैम माफिया जैसे माफियाओं के नए और लेटेस्ट वर्जन निकाले है। भाजपा सरकार इन्फ्रांस्ट्रकर नहीं दे पा रही है, जिसके कारण कानपुर आसपास कोई निवेश नहीं आ रहा है।

कानपुर में शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने नौ साल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश की जनता को आज जो बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में बने कारखानों से मिल रही है। भाजपा सरकार ने कानपुर को बदनामपुर बना दिया है। कानपुर में गरीब ब्राह्मण मां-बेटी की झोपड़ी जला



दिया गया। सीएमओ ने डीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर प्रेस किया। गंगा नदी में नाले गिरने के मामले समेत तमाम ऐसे मुद्दे है जिनसे कानपुर बदनाम हुआ। अखिलेश यादव कहा कि भाजपा सरकार ने पुलिस को भ्रष्ट बना दिया। इस सरकार में हथेली गरम पुलिस नरम कि स्थिति है। कानपुर में अगर सही माहौल मिले सही नियम बने तो बड़े पैमाने पर निवेश आ सकता है। समाजवादी सरकार आयेगी तो इटावा, कन्नौज और कानपुर मिलाकर ट्रांयगल ट्रेड के नाम से इस क्षेत्र का विकास करेंगे। गंगा नदी पर लखनऊ में गोमती से भी अच्छा रिवरफ्रंट बनायेंगे। रियल स्टेट को बेहतर प्रयोग कर नया कानपुर बनाएंगे। लाल इमली को फिर से गुलजार होगी। इंडस्ट्री और टैक्स टाइल को सपोर्ट करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जब कमजोर होती है, तो कम्युनल रास्ते पर चलने लगती है।

भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा फर्जी एनकाउण्टर हुए है। हाईकोर्ट ने कहा है कि न्याय देने का काम न्यायालय का है। पुलिस का नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सब कुछ निजी हाथों में दे रहे है।

# वंदे मातरम का विरोध करते हैं सपा नेता

## लोकमाता अहिल्याबाई की चर्चा करने का अधिकार समाजवादी पार्टी को नहीं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि सपा के नेता दुर्योधन की प्रतिमा लगाने की वकालत करते हैं। वे बाबर की कब्र में सजदा का समर्थन, लेकिन वंदे मातरम का विरोध करते हैं। सीएम ने संसद में कांग्रेस व सपा के सांसदों की बातों का जिक्र किया और कहा कि हिंदुस्तान का खाएंगे, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई वंदे मातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। कांग्रेस व सपा को वंदे मातरम का विरोध करने वालों को डंके की चोट पर कान पकड़ कर, धक्का देकर बाहर करना चाहिए। राष्ट्रगीत का विरोध करने वाले को हिंदुस्तान की धरा पर रहने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम में लोकमाता की भव्य प्रतिमा लगवाई। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने लोकमाता की 300वीं जयंती पर औरैया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का नामकरण उनके नाम पर किया। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर बने मणिकर्णिका व श्मशान घाट के पुनरुद्धार कार्यक्रम को बढ़ाया जाता है तो सपा व कांग्रेस विरोध करती हैं। लोकमाता को अपमानित करती हैं। सपा को लोकमाता की चर्चा करने का अधिकार नहीं है। सपा लोकमाता के नाम पर गुमराह कर रही है। सीएम योगी ने सदन में राजू पाल व उमेश पाल का नाम लेकर कहा कि उनकी हत्या हुई। सपा इनके हत्यारों और माफिया को गले का हार बनाकर चलती थी। आज अनावश्यक रूप से मुद्दा बनाकर सपा समाज में विद्वेष फैलाना चाहती है। सीएम ने सपाइयों से कहा कि सच बोलने-स्वीकारने की आदत डालनी चाहिए। सपा राष्ट्रद्रोहियों का महिमा मंडन, राष्ट्र नायकों का अपमान और गाजी मेले का समर्थन करती है। उन्होंने सपाइयों से कहा कि गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाना चाहिए, यह महाराज सुहेलदेव के शौर्य से सीखिए। हमारी सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का विराट स्मारक और आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बनवाया। सीएम योगी ने सपा नेताओं पर कटाक्ष किया कि वे माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ने जाते हैं, लेकिन अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, मथुरा-वृंदावन धाम के विकास का विरोध करते हैं।

सपा शासन में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की गई। सपा ने कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी पर्व को थाने-जेल में मनाने और अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा को रोक दिया था। दीपोत्सव का विरोध किया। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में एफिडेविट दिया कि श्रीराम-श्रीकृष्ण मिथक थे। सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती है। मंदिर निर्माण को रोकने के लिए कोर्ट में वकील खड़ा करती है। सीएम ने सपाइयों को चेताते हुए कहा कि सनातन आस्था को कोई कैद नहीं कर सकता है।

आज अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन गया है। पुनर्जागरण के इस मॉडल में विरासत भी है और विकास भी। सीएम योगी ने कहा कि आस्था का पुनर्जागरण उत्तर प्रदेश से प्रारंभ हुआ है। यूपी भारत की आस्था की आत्मा है। सीएम योगी ने प्रयागराज महाकुम्भ की चर्चा करते हुए काशी समेत अन्य स्थलों का जिक्र किया। आस्था को सम्मान देने का परिणाम है कि यूपी की जीडीपी बढ़ी है। यूपी ने लंबी छलांग लगाई है।

सुरक्षा के साथ ही यूपी के प्रति धारणा भी बदली है। सीएम योगी ने सदन में एक वाकया भी सुनाया। सीएम ने कहा कि जनता को भी सरकार की मंशा मालूम है, इसलिए जनता भी सहयोग कर रही है। हर कोई यूपी के बारे में आज अच्छा सोच रहा है, लेकिन 2017 के पहले ऐसा नहीं था।

# पीएम मोदी 21 को पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का करेंगे शिलान्यास

## सीएम योगी ने सदन में किया ऐलान



**लखनऊ।** यूपी को देश के सेमीकंडक्टर केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को ऐतिहासिक कदम उठाया जाएगा। गौतम बुद्ध नगर के यीडा क्षेत्र में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन को संबोधित करने के दौरान की।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे। यीडा क्षेत्र के सेक्टर 28 में 48 एकड़ भूमि पर होने जा रहा शिलान्यास कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह परियोजना भारत सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और यूपी सरकार के सहयोग से स्थापित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग) सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, संयोजन और परीक्षण किया जाएगा। डीडीआईसी चिप्स का उपयोग मोबाइल, टीवी, लैपटॉप और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में होता है। वर्तमान में इनकी आपूर्ति के लिए भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर है। यह संयंत्र घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर आयात निर्भरता कम करेगा, निर्यात क्षमता बढ़ाएगा और उत्तर प्रदेश में उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाएगा। परियोजना भारत के सकल घरेलू उत्पाद में हर साल लगभग 45 हजार करोड़ का योगदान देने में सक्षम होगी। यह निवेश उच्च मूल्य विनिर्माण को बढ़ावा देकर देश की आर्थिक वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा। परियोजना के माध्यम से यूपी में लगभग 3 हजार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय युवाओं को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही, सहायक उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला और सेवा क्षेत्रों में भी व्यापक रोजगार सृजन होगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी।

# हर जिले में भर्ती, रोजगार केंद्र : सुझाव से नीति तक की ऐतिहासिक पहल : डॉ राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनी नगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को हर्ष जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्तुत मेरे पत्र में प्रत्येक जिले में सुव्यवस्थित भर्ती एवं रोजगार केंद्र स्थापित करने का जो प्रस्ताव रखा गया था, वह अब राज्य नीति और बजटीय प्रावधान के रूप में सामने आया है। इसके लिए उन्होंने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना का भी आभार जताया है।

बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक अवसरों के विस्तार पर विशेष बल देते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक जोन की स्थापना की घोषणा की। यह मॉडल हर जिले में कौशल, रोजगार और उद्योग सुविधाओं को एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित करेगा।

बजट में लगभग 10 लाख रोजगार अवसरों का लक्ष्य, 1.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियों की प्रक्रिया, हजारों युवाओं को निःशुल्क कोचिंग एवं तैयारी सहायता देना व एमएसएमई, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी मिशन में बड़ा निवेश किए जाने की घोषणा की गई है। सरदार पटेल रोजगार एवं औद्योगिक जोन के लिए 575 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है, इससे कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने, उद्योग, उद्यमिता और स्वरोजगार को एक ही परिसर में उपलब्ध कराने, युवाओं को अपने जिले में वन-स्टॉप सॉल्यूशन देने, पलायन रोककर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मजबूती मिलेगी। यह पहल केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित, आत्मनिर्भर और रोजगार-योग्य बनाने का ठोस रोडमैप है।

## रेरा ने सात जिलों की 15 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**लखनऊ।** लखनऊ की दो परियोजनाओं में 328 करोड़ का निवेश लखनऊ में 414 नई इकाइयों का विकास लखनऊ। यूपी रेरा ने सात जिलों की 15 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। कुल 3069.10 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश में लखनऊ से हैं। शहर की दो आवासीय परियोजनाओं को 328.04 करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा। इसमें कुल 414 आवासीय इकाइयां विकसित होंगी। राजधानी में प्रस्तावित इन परियोजनाओं में फ्लैट और आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास विकसित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने इसकी मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं से शहर के विस्तारशील इलाकों में बुनियादी ढांचे को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में संतुलित विकास की पहल यूपी रेरा ने जिन 15 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, उनमें गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, मथुरा और मुरादाबाद भी शामिल हैं। हालांकि निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर शीर्ष पर है, लेकिन राजधानी लखनऊ को मिली दो परियोजनाएं शहर के संतुलित शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

# सीएसआई टावर की लिफ्ट होंगी दुरुस्त, एफआईआर दर्ज नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीजी सिटी में बने सीएसआई टावर में लिफ्ट गिरने की घटना से एलडीए प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। गुरुवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार और मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह खुद उसी लिफ्ट में सवार थे, जो अचानक झटके के साथ नीचे आ गिरी। सीजी सिटी योजना में निमार्णाधीन सीएसआई टॉवर्स के ए एवं बी ब्लाक का निरीक्षण करने उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार पहुंचे थे। उस दौरान बी ब्लाक की लिफ्ट से वीसी के अलावा प्राधिकरण के अन्य स्टॉफ भी निरीक्षण के लिए 14वें मंजिल पर जा रहे थे। लिफ्ट 7वें मंजिल से अचानक तेज झटका देते हुये नीचे आने लगी तथा ग्राउण्ड फ्लोर पर आकर रूकी। लिफ्ट का दरवाजा भी काफी देर से खुला। अंदेशा जाहिर किया गया कि लिफ्ट के निर्माण एवं संचालन में लापरवाही बरती गई है। बताया जा रहा है कि एक बार नहीं बल्कि गुरुवार को दो बार लिफ्ट गिरी। ऊपर से अचानक गिरने के बाद नीचे जमीन पर गिरने से पहले बच गयी थी। इसी वजह से अधिकारी बचे वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बी ब्लॉक की दोनों लिफ्ट को बदलने का आदेश हादसे के बाद सीएसआई टावर के बी ब्लॉक में हाल ही में लगाई गई दोनों नई लिफ्टों की तकनीकी जांच के आदेश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, ये लिफ्टें ओटिस कंपनी की हैं, जिन्हें एक निजी ठेकेदार के माध्यम से स्थापित कराया गया था। हालांकि बाद में जिस ठेकेदार असलम आगा ने लिफ्ट लगायी है उसने बताया बिजली चली गई थी, जेनरेटर से लिफ्ट चलने पर तकनीकी समस्या आई थी। वहीं मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह का कहना है कि ऐसी कोई खराबी नहीं थी। असलम आगा एण्ड कम्पनी के विरूद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि ठेकेदार का पक्ष सुनने के बाद तहरीर देने के बाद एफआईआर नहीं दर्ज की गई है।

## नगर विकास मंत्री से मिले तालकटोरा रोड के व्यापारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल लखनऊ इकाई के बैनर तले तालकटोरा रोड के दुकानदारों ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने मंत्री को बताया कि नगर निगम द्वारा दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है तथा लाखों रुपये की नोटिस जारी की गई हैं। किराए निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों के कारण दुकानदार बढ़ा हुआ किराया जमा करने में असमर्थ हैं। साप्ताहिक बंदी के दिन नगर निगम द्वारा कई दुकानों को सील कर दिया गया, जिससे व्यापारियों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए सीलिंग की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से स्थगित करने तथा पुराने निर्धारित दर से किराया लिए जाने अथवा व्याप्त विसंगतियों का समाधान किए जाने की मांग की। दुकानदारों की बात सुनकर मंत्री एके शर्मा ने नगर आयुक्त से फोन पर बात कर सीलिंग की कार्रवाई रोकने एवं सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं महापौर ने भी आश्वासन दिया है कि नगर निगम एवं व्यापारियों के बीच व्याप्त विसंगतियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समाधान निकाला जाएगा। साथ ही, होली के त्यौहार को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को सीलिंग की कार्रवाई स्थगित रखने के निर्देश भी दिए। मंत्री से मिलने गये दल में संगठन के लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मिश्रा सहित तमाम दुकानदार मौजूद रहे।

## केशव ने छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित बजट सत्र के दौरान लोरेटो कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज की कक्षा 11 की छात्राओं ने दर्शक दीर्घा में उपस्थित होकर 11, 12 एवं 13 फरवरी, को सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने न केवल बजट प्रस्तुति की विधि एवं प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा, बल्कि इस दौरान होने वाली चचाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सदन में होने वाले विचार-विमर्श को भी समझा। छात्राओं के लिए यह अनुभव अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इससे उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया, विधायी कार्यप्रणाली एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका के प्रति गहन समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। विधान सभा की कार्यवाही का अवलोकन कर बाहर आयी छात्राओं ने विधान भवन मे उप मुख्यमन्त्री कार्यालय कक्ष के बाहर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से छात्राओं की भेंट हुयी। उन्होंने छात्राओं से वार्ता करते हुये उनके भ्रमण के अनुभव को साझा किया व उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी तथा उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। उप मुख्यमंत्री ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया और आशा व्यक्त की कि यह अनुभव उन्हें भविष्य में एक जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।

# प्रदेश में तीन नयी सुरक्षा वाहिनियों का गठन करेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष पर कई गंभीर सवाल भी खड़े किए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में गुंडे व माफिया सत्ता के संरक्षण में पल रहे थे। नेता प्रतिपक्ष ने स्वयं ऐसे कुछ नाम लिए हैं, जबकि कई नाम लेने में वह संकोच कर गए। हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति की बात कही थी और सरकार आज भी अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत ही चल रही है। अपराध कोई भी करेगा तो कानून उसको अपनी गिरफ्त में लेगा।

2017 के पहले सत्ता के संरक्षण में पले गुंडे और माफिया समानांतर सरकार चला रहे थे। गुंडा टैक्स, अवैध वसूली, वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की प्रवृत्ति को आगे बढ़ा रहे थे। कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था। कर्फ्यू और दंगा आम बात थी। पर्व और त्योहार आस्था के नहीं, आशंका के पर्याय बन गए थे। पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था। न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी ही सुरक्षित था। प्रदेश की छवि अराजकता और अस्थिरता का पर्याय थी और आज उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश। मुख्यमंत्री ने सेफ सिटी का जिक्र करते हुए कहा कि मुंबई हो या गुजरात या फिर यूपी, सभी जगह भाजपा ही सुरक्षा दे सकती है। उत्तर प्रदेश में सेफ सिटी के लक्ष्य को 17 नगर निगम समेत गौतम बुद्ध नगर जनपद में हम लोगों ने लागू किया है। हर जिला मुख्यालय में सीसीटीवी कैमरे की कवरेज, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।

उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन भी उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसके साथ ही पीएसी की 34 कंपनियों को पुनर्गठित करके उसको जीवित किया है, क्योंकि ये दंगाइयों की काल है। दंगा समर्थक कोई भी पार्टी पीएसी का समर्थन नहीं करती। समाजवादी पार्टी के कालखंड में इसे एक प्रकार से समाप्त करने की साजिश की गई थी।

# पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य से छात्र सीख रहे कथक के गुर

## भातखण्डे में कथक की समृद्ध परंपरा पर पाँच दिवसीय मास्टर क्लास चतुर्थ दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पंडित बिरजू महाराज की पावन स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत कथक नृत्य की पाँच दिवसीय मास्टर क्लास विश्वविद्यालय के कला मंडपम सभागार में गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में आयोजित की जा रही है। मास्टर क्लास के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ गुरु पंडित राम मोहन महाराज, विशेषज्ञ पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य तथा सहायक आचार्य (कथक) डॉ. मंजुला पंत की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य ने कथक नृत्य के तकनीकी पक्षों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए 'ऋतु वर्षा' के भावों की प्रस्तुति का कुशल प्रशिक्षण दिया। साथ ही शुद्ध नृत्य के अंतर्गत तिहाई, टुकड़े, उठान एवं चक्करों का पुनः अभ्यास कराते हुए उन्होंने नृत्य की सूक्ष्म बारीकियों को व्यावहारिक रूप से स्पष्ट किया। शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने कथक की तकनीकी, सौंदर्यात्मक एवं शोधपरक समझ को समृद्ध करने पर विशेष बल दिया। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित इस पीठ के अंतर्गत वर्ष भर व्याख्यान, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, संगीत-नृत्य प्रस्तुतियाँ एवं शोधपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे संगीत शिक्षा, अनुसंधान तथा सामाजिक सहभागिता को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि कथक केवल एक नृत्य शैली नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना, सौंदर्यबोध और आध्यात्मिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध परंपरा से जुड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोधोन्मुख दृष्टि तथा सांस्कृतिक संवेदनशीलता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मास्टर क्लास के आगामी सत्रों में कथक की उन्नत तकनीकों, भावाभिव्यक्ति तथा मंचीय प्रस्तुति से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उत्तर प्रदेश बन रहा इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का हब

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अग्रणी बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश के कुल एक्सप्रेसवे का 55 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला प्रदेश बन चुका है। राज्य में देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है और एयर कनेक्टिविटी के लिए भी यूपी अग्रणी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की पहली रैपिड रेल और पहली इनलैंड वाटरवे यूपी में ही स्थापित की गई है। इसके अलावा देश का पहला रोपवे, जो शहरों को जोड़ रहा है, वह भी उत्तर प्रदेश के पास है। सबसे अधिक सिटीज में मेट्रो संचालन में यूपी है। बजट भाषण में चार मेट्रो का उल्लेख हुआ था, लेकिन वर्तमान में छह सिटी मेट्रो पूरी तरह चालू हैं और सातवां-मेरठ, प्रधानमंत्री के लोकार्पण के बाद जुड़ जाएगा।

# नगर निगम की खाली जमीन पर बनेगा कल्याण मंडप व पार्क

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** हरिहरपुर और हसनपुर खेवली में नगर निगम की भूमि पर कल्याण मंडप, मैरिज लान और पार्क बनेगा। शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार, डा. अरविन्द कुमार राव, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीन का संरक्षण और सदुपयोग प्राथमिकता पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने खाली पड़ी भूमि की वर्तमान स्थिति, स्वामित्व अभिलेख और सीमांकन की जानकारी ली।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि नगर निगम की एक-एक इंच जमीन सुरक्षित रहनी चाहिए। सभी खाली भूखंडों का तत्काल सीमांकन कराकर तारबाड़ और बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का कब्जा न हो सके। कल्याण मंडप और पार्क से होगा दोहरा फायदा महापौर ने सुझाव दिया कि हरिहरपुर और खेवली की जमीन पर कल्याण मंडप (मैरिज हॉल) के साथ एक सुंदर पार्क विकसित किया जाए। इससे क्षेत्रवासियों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सुलभ स्थान मिलेगा और नगर निगम को नियमित आय भी प्राप्त होगी।

इस परियोजना से न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि आसपास की कॉलोनियों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी।

विवाह और सामाजिक आयोजनों के लिए निजी मैरिज लॉन पर निर्भरता कम होगी। समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी खाली जमीनों की सूची बनाकर उनके उपयोग की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

पार्किंग, सामुदायिक केंद्र और व्यावसायिक गतिविधियों जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जाए, ताकि अधिकतम राजस्व सृजन संभव हो सके। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने आश्वस्त किया कि भूमि का विस्तृत सर्वे कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू होगी।

## नगर निगम व जलकल के जोनल कार्यालय आज खुले रहेंगे

**लखनऊ।** गृह कर एवं जल-सीवर कर की वसूली को लेकर द्वितीय शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सभी जोनल कार्यालय एवं वसूली कार्यालय खुले रहेंगे। इस संबंध में नगर निगम, लखनऊ द्वारा सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की गई है कि 14 फरवरी को जोनल कार्यालयों एवं वसूली कैम्पों में नियमित रूप से कार्य होगा। नागरिक अवकाश के दिन भी अपने बकाया गृह कर, वाटर टैक्स एवं सीवर टैक्स का भुगतान कर सकेंगे। विभाग ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय से अपने करों का भुगतान करें तथा नगर निगम की राजस्व वसूली में सहयोग प्रदान करें। अधिकारियों के अनुसार, राजस्व संग्रह में वृद्धि से शहर की मूलभूत सुविधाओं के विकास और रखरखाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# सीटीएओ और जेडओ के बीच कहासुनी, जेडएसओ व टीएस भिड़े

- जोन तीन कार्यालय में कर अधीक्षकों के बीच नोकझोंक

**लखनऊ।** नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय और जोन-3 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार के बीच विवाद की स्थिति हो गई। नगर निगम के ऑफिशियल ग्रुप जिससे नगर आयुक्त भी जुड़े हैं। उस पर दोनों अधिकारी एक दूसरे के आमने सामने आ गए। दूसरी तरफ नगर निगम के जोन-3 कार्यालय में सोमवार को उस वक्त माहौल गरमा गया जब जेडएसओ, कर अधीक्षक मनोज यादव और कर अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गाली गलौज तक नौबत आ गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काम का बंटवारा पहले ही तय हो चुका था, लेकिन कमरे के उपयोग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि कार्यालय में जमकर कहासुनी और गाली-गलौज होने लगी। कुछ देर के लिए जोनल कार्यालय में कामकाज ठप हो गया। बताया जा रहा है कि कर अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव को जोनल अधिकारी आकाश कुमार का करीबी माना जाता है, जबकि जेडएसओ मनोज यादव और आकाश कुमार के बीच काफी समय से बातचीत बंद है। पूर्व में भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। कार्यालय में हुए बवाल की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त ने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। अधिकारियों के आपस में झगड़ने से कामकाज प्रभावित हो रहा है, जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर आला अधिकारी भी संजीदा नहीं हैं।

उधर, जनता यह भी कह रही है कि यह कोई नई बात नहीं है जब दो बड़े मुखिया के बीच तनातनी हो सकती है तो उसका असर नीचे के अफसरों पर होना स्वाभाविक है। इससे पहले मेयर व नगर आयुक्त के बीच विवाद हो चुका है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एनुअल मेन्टीनेन्स कांट्रैक्ट (ए एम सी) वर्क फार एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम (मेक–फेवले) ऑफ एल एच बी कोचेज ड्यूरिंग एस०एस०–II एण्ड एस०एस०–III शेड्यूल्ड ऐट ए.एम.वी. वर्कशॉप फॉर टू ईयर। | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹8,45,17,119/- मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹5,72,600/- मात्र | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.03.2026 समय 15:00 बजे तक | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–11
दिनांक: 13.02.2026 503/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# शोएब जमीनों के मामले निपटाकर करता था मोटी कमाई

## जैसे पति को छलनी किया वैसे ही मारा गया, 27 साल बाद मिला इंसाफ




● विवादित जमीनों में टांग अड़ाना था शोएब का शगल

जय सन्देश तिलक (vol)

**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी का विवादित जमीनों के मामले निपटाने से गहरा वास्ता रहा है। वह वर्तमान में बाराबंकी जनपद में कई विवादित जमीनों से जुड़ा था। कभी वह दूसरों की जमीनों के विवादित मामले निपटाकर मोटी वसूली करता था तो कभी खुद ही सीधे जमीनों के मामलों में लिप्त रहा है। उसके करीबी सर्किल से भी कुछ इसी तरह की बाते सामने आ रही हैं। कि वर्ष 1998 से शोएब लखनऊ में रहकर मुख्तार अंसारी के लिए काम करता था। 1999 में जब मुख्तार अंसारी जिला कारागार में बन्द थे और उस समय उनके साथ पंजाब के कई माफिया भी कारागार में थे। शोएब मुख्तार अंसारी से मिलने लगभग रोज ही जेल जाता था और अपने आका से निर्देश लेता था। उसके साथ कई और नये लड़कों की भी टीम रहती थी जो बाद में जेल अधिक्षक आरके तिवारी हत्याकाण्ड में अभियुक्त बने थे।

04 फरवरी 1999 में जेलर आरके तिवारी हत्याकाण्ड के बाद ही शोएब का नाम पहली बार चर्चा में आया था। जेलर तत्कालीन लखनऊ डीएम सदाकान्त के आवास पर बैठक कर शाम करीब 7 बजे वापस लौट रहे थे, तभी हजरतगंज में जीपीओ के नजदीक उन्हें घेरकर फायरिंग की गयी और मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी, अभय सिंह, चन्दन नेगी, बउवा तिवारी, समेत दर्जनभर से अधिक लोग नामजद हुए थे।

हत्यारोपित चन्दन नेगी की 16 फरवरी 2002 को हत्या कर दी गयी थी। बउवा तिवारी 13 मार्च 2002 को पुलिस एनकाउंटर में कुकरैल के पास मारा गया था। बाकी आरोपित बाद में कोर्ट से बरी हो गए थे। हिस्टीशीटर शोएब बॉबी के खिलाफ जनपद बाराबंकी में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह बाराबंकी का हिस्टीशीटर था। इसके अलावा माफिया मुख्तार अंसारी को बुलेटप्रूफ एम्बुलेंस दिलाने में भी शोएब की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आयी थी। शोएब बॉबी मुख्तार गैंग आईएस 191 का सदस्य था। मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को बांदा जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गयी थी। इससे पहले वह पंजाब की रोपड़ जेल में बन्द था। पंजाब की मोहाली कोर्ट में पुलिस ने बाराबंकी नम्बर (यूपी 41एटी 7171) की एम्बुलेंस लाकर मुख्तार को पेश की थी। बाद में वही विवादित एम्बलेंस रूपनगर जिले में रोपड़ जेल से करीब 15 किलोमीटर दूर चंडीगढ़-नांगल हाइवे पर एक सड़क पर लावारिस मिली थी।

बाराबंकी परिवहन विभाग और स्वास्थ विभाग की जांच में परिवहन विभाग में मऊ स्थित श्याम संजीवनी हास्पिटल का लेटर और डाक्टर अलका राय का वोटर कार्ड लगाया गया था, लेकिन रजिस्टेशन के कागजात व मकान का पता फर्जी पाया गया था, जिसके बाद महिला डाक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि शोएब बॉबी ने ही मुख्तार अंसारी को बाराबंकी में जाली दस्तावेजों का प्रयोग कर एम्बुलेंस रजिस्टर्ड कराने में मदद की थी। शोएब का पुस्तैनी मकान बाराबंकी सिविल लाइन में है। वह तीन भाइयों में दूसरे का था। परिवार में पत्नी शाजिया खान और 15 साल का बेटा अरमान किदवई है। सूत्र बताते हैं कि उसका एक भाई विदेश में पढ़ाई कर रहा है।

**लखनऊ।** ठीक उसी तरह अयोध्या हाईवे असेनी मोड़ पर शोएब महमूद किदवई उर्फ बॉबी को बदमाशों से गोलियों से भून डाला जैसे उसने 27 साल पहले पति जेलर आरके तिवारी को छलनी किया था। ईश्वर के घर मे देर है, अंधेर नहीं। देर से ही सही आज मुझे और मेरे बच्चों को न्याय मिल गया। यह कहकर शुक्रवार दोपहर दिवंगत जेलर आरके तिवारी की पत्नी फूट फूट-फूटकर रोने लगीं। इसके बाद उन्होंने अपने पति की फोटो पर फूलों की माला चढ़ाई।

पति के मृतक आश्रित के स्थान पर नौकरी कर रहे जेल विभाग में तैनात लिपिक बेटे विवेक तिवारी को फोन पर बताया कि-आज तुम्हारे पिता का हत्यारोपी मारा गया। आभा अपने छोटे बेटे अर्पित, देवर श्यामा कांत तिवारी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ प्रयागराज के कोडांव गांव में रहती हैं। बब्बन तिवारी ने बताया कि दोपहर सोशल मीडिया और टीवी चैनल पर शोएब महमूद उर्फ बॉबी की हत्या की खबर प्रसारित होते ही भाभी ने पूछा कि यही वो हत्यारा है न जिसने मेरे पति की जान ली थी। हां कहते ही उनकी आंखें नम हो गई थी। उन्होंने भतीजे को फोन मिलाकर बताया। इसके बाद भगवान की अलमारी में रखी भइया की फोटो पर माला और फूल चढ़ाए। इसके बाद रोने लगीं। ढाढस बधाते हुए उन्हें शांत कराया।

**अपराधियों पर की थी सख्ती इसलिए मरवाया गया था :** श्यामाकांत ने बताया कि भइया आरके तिवारी जेल में अपराधियों पर सख्ती करते थे। इस वजह से माफिया मुख्तार अंसारी और उनके करीबियों व बाहुबलियों को दिक्कत होती थी। सभी ने मिलकर भाई की हत्या की साजिश रची। चार फरवरी 1999 को शाम करीब सात बजे भइया तत्कालीन डीएम सदाकांत के आवास से बैठक करके लौट रहे थे। राजभवन के पास उन्हें बदमाशो ने गोलियों से छलनी कर डाला था। आठ से 10 गोलियां उन्हें मारी गई थीं। हत्याकांड में मुख्तार अंसारी, अभय सिंह, शोएब मोहम्मद किदवई समेत कई अन्य के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। साक्ष्यों के अभाव और पुलिस की लचर पैरवी से आरोपी बरी हो गए थे।

## बस यात्री से 10.4 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

**लखनऊ।** नेपाल के रास्ते दिल्ली एनसीआर में बड़े पैमाने पर खतरनाक नशे की सप्लाई हो रही है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने बीबीडी के पास एक बस से आ रहे यात्री को उठाया। उसके पास 10.4 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। देर शाम तक खुफिया स्थान पर यात्री से पूछताछ चलती रही। इसके बाद उसको गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। बीबीडी के पास सादी कपड़ों में जब डीआरआई की टीम ने बस को रोका तो पहले उसका स्टाफ अकड़ने लगा। सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब बस के स्टाफ को जानकारी दी गई कि यह खुफिया एजेंसी की कार्रवाई है जो सब सन्नाटे में आ गए। इसके बाद बस को हाईवे के किनारे लगवाकर यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। इसमें एक यात्री की अटैची में पैकेट बरामद हुए। जांच में पता चला कि पैकेट में हेरोइन है। इसके बाद दिल्ली के निवासी संदीप को बस से उतारा गया। डीआरआई की टीम उसे अपने साथ ले गई। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई, तब तक डीआरआई की टीम निकल चुकी थी। आरोपी से लम्बी पूछताछ चली। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कई सवालों के जवाब डीआरआई की टीम ढूंढ़ रही है, जैसे इस नेटवर्क के पीछे कौन से ड्रग माफिया का सिंडीकेट है, बरामद हेरोइन को कहां पहुंचाना था।

## शारदा नहर में सब्जी विक्रेता का शव मिला

**काकोरी।** पारा के हंसखेड़ा में शुक्रवार दोपहर बाद शारदा सहायक नहर में सब्जी विक्रेता अधेड़ का शव मिला। राहगीरों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त उन्नाव के हसनगंज निवासी अशफाक अली (53) वर्ष के रूप में हुई। इंस्पेक्टर ने बताया कि विक्रमनगर ओवरब्रिज के पास शारदा सहायक नहर में शव पड़ा होने की सूचना राहगीरों ने दी थी। शव नहर में औंधे मुंह पड़ा हुआ था, जिसे आसपास के लोगों की मदद से नहर से बाहर निकाला गया। मृतक अशफाक नहर के किनारे झोपड़ी डालकर सब्जी बेचने का काम करता था। वह दमा की बीमारी से ग्रसित था। संभवतः रात में नहर में गिर जाने से पानी मे डूबकर मौत हो गयी।

# कार ने ऑटो और पैदल यात्रियों को मारी टक्कर, बच्चे की मौत, चार घायल




● तेज रफ्तार कार ने कई को कुचला, लाइसेंस 6 माह के लिए निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार देरशाम हुए हिट एंड रन मामले में पुलिस ने मृतक मासूम बच्चे की मां की तहरीर पर आरोपित चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित की कार बरामद कर उसे कब्जे में ले लिया और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

बताते चलें कि बंथरा के सहिजनपुर निवासी प्रमोद कुमार गुरुवार देव शाम करीब 7 बजे बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे अपनी बाइक लेकर खड़े थे। तभी लखनऊ की ओर से कानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें ठोकर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि बेकाबू कार आगे खड़े बंथरा निवासी पापे उर्फ पउवा के बेटे अरमान (12) व वहीं पर खड़ी बंथरा में किराए पर रहने वाले उन्नाव के अटवा खुद निवासी संजय पटेल की पत्नी साधना पटेल (35), उनकी मां मीना देवी (60) और बेटे दीक्षांत (6) को ठोकर मारने के साथ आगे अपना ई रिक्शा लेकर खड़े उन्नाव के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत पथरहा निवासी चालक अवध बिहारी को भी ठोकर मार दी। यही नहीं अनियंत्रित कार ने आगे खाली-खड़ी एक ऑटो में जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद कार चालक ने अपनी गाड़ी रोकी, तब कार से एक युवती नीचे उतरकर खड़ी हो गयी, लेकिन कार चालक पीछे लोगों को लहूलुहान पड़े देख युवती को छोड़ अपनी गाड़ी सहित वहां से भाग निकला। बाद में वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही सभी घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दीक्षांत की हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। लेकिन सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचते ही चिकित्सकों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से कार नम्बर देख कर देर रात बनी के पास से कार बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया।

वहीं युवती से पूछताछ करने और कार नंबर के आधार पर पता चला कि कार चालक उन्नाव जिले के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत बल्लू खेड़ा निवासी गौरव सिंह (21) है, जो सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित एक कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। पुलिस पूछताछ में युवती से पता चला कि वह आरोपी गौरव के साथ एक ही स्कूल में पढ़ती है। आरोपी उसे लेकर कार से मोहान रोड स्थित एक फेयरवेल पार्टी में गया था। जहां से वह लौट रहे थे। तभी यह घटना हो गई। उधर घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है, जिसमें कार की स्पीड 100 से ऊपर रफ्तार में लोगों को टक्कर मारते नजर आ रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक मासूम दीक्षांत की मां साधना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं इस मामले को लेकर लखनऊ के आरटीओ संजय तिवारी ने आरोपी कार चालक गौरव सिंह का ड्राइविंग लाइसेंस 6 माह के लिए निलंबित कर दिया है।

## ट्रैक्टर-टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की गयी जान

**लखनऊ।** महिंगवां थानाक्षेत्र के दरियापुर चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दो लोग सड़क पर जा गिरे। बाइक चला रहे प्रभात कुमार उर्फ संजू (45) के उपर से ट्रैक्टर का पहिया निकल गया और कुछ दूर जाने के बाद टैंकर पलट गया। प्रभात की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठे दादा के मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने प्रभात को मृत घोषित कर दिया। मुसपिपरी गांव निवासी प्रभात कुमार उर्फ संजू मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी सुमन, दो बेटे रजनीश और अवनिश है। मृतक के छोटे भाई शिवदीप ने बताय कि भाई रोज की तरह शुक्रवार सुबह बाइक से सुरेश संग काम पर जा रहे थे। जैसे ही वह दरियापुर चौराहे के पास पहुंचा कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर-टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। चालक जब तक ट्रैक्टर-टैंकर को रोकता तब तक ट्रैक्टर का पहिया प्रभात के उपर से निकल गया। कुछ दूर जाने के बाद टैंकर पलट गया और चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग गया। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर महिंगवां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों को लहूलुहान हालत में सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने प्रभात को मृत घोषित कर दिया। बाइक में पीछे बैठे सुरेश के मामूली चोट आई। डॉक्टरों ने इलाज के बाद सुरेश की छुट्टी कर दी। पुलिस ने सुरेश से पूछताछ कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। अस्पताल में प्रभात का शव स्ट्रेचर पर देख पत्नी सुमन बेहोश हो गई। पुलिस ने हादसे के बाद दोनों वाहने को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया। हेलमेट हुआ चकनाचूर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब दर्दनाक हादसा हुआ तो बाइक सवार हेलमेट पहनने हुआ था। लेकिन जबतक चालक ट्रैक्टर-टैंकर की ब्रेक लगाता। इसके पहले ही बाइक सवार के उपर से ट्रैक्टर का पहिया निकल गया। ट्रैक्टर का पहिया निकलने से बाइक सवार का हेलमेट चकनाचूर हो गया। राहगीरों को अंदेशा है कि बाइक सवार जो हेलमेट पहने था। वह लोकल कंपनी का था। अगर कंपनी का हेलमेट होतो तो उसकी जान बच जाती।

## वाहन की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**लखनऊ।** एचएएल पेट्रोल पंप के पास गुरुवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। पुलिस युवक को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से बिहार निवासी गजेंद्र कुमार (40) निजी वाहन चालक था। वह डूडा कॉलोनी, हरदाथी खेड़ा में किराए पर रहता था। पड़ोसी राम प्रताप ने बताया कि गजेंद्र डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। गुरुवार रात करीब नौ बजे वह एचएएल के पास पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने गजेंद्र की बाइक में टक्कर मार भाग गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में लेहिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान पुलिस को गजेंद्र के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिवार की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। मई में गजेंद्र की थी शादी परिजनों ने बताया कि गजेंद्र दो भाई में छोटा है। बड़ा भाई रविंद्र गांव में रहता है। गजेंद्र की शादी मई में थी। वह रुपये कमाने के लिए लखनऊ आया था। लेकिन परिवार के लोगों को क्या पता था कि मौत हो जाएगी।

**बेकाबू वाहन की टक्कर से सफाई कर्मी घायल :** पीआई क्षेत्र के तेलीबाग में गुरुवार सुबह ड्यूटी पर तैनात एक सफाई कर्मी को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में सफाई कर्मी में के पैर में फ्रैक्चर हो गया। उन्हें ट्रॉमा सेंटर से भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि सफाई कर्मी संजय शुक्रवार सुबह तेलीबाग मस्जिद के सामने सड़क झाड़ू लगा रहा था। इस दौरान तेज गति से आए वाहन ने उसे टक्कर मार दी और भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि संजय दूर जा गिरा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

## सिक्योरिटी एजेंसियों को ट्रेनिंग के लिए मिलेंगे लाइसेंस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निर्देशन व एडीजी एल.ओ. उ0प्र0 अमिताभ यश के सतत मार्गदर्शन में प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों के सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर को ट्रेनिंग प्रदान करने के लिए प्रदेश में प्राइवेट सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाने के लिए लाइसेंस प्रदान करने की नई व्यवस्था प्रारम्भ की जा रही है।

यूपी पुलिस की इस नवीन पहल के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उ.प्र, एल. आर. कुमार ने जानकारी दी।

**Notice**

Inform that my father's name is wrongly listed as B M Rai on my high school marksheet, whereas his correct name is Bal Mukund Rai. My father's correct name should be entered on my marksheet as well. **Satvik Rai, S/o Bal Mukund Rai, R/o- 538K/394 Triveni Nagar-2, Sitapur Road, Lucknow.**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने दो पुत्रों अनूप कुमार शर्मा तथा मनीष कुमार शर्मा तथा उनकी पत्नियों व बच्चों को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपने परिवार व समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उपरोक्त के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **उमा शंकर शर्मा पुत्र स्व. छबीला शर्मा नि.- म.नं.- सी-6/107, राजाजीपुरम, लखनऊ।**

# कार और बाइक में टक्कर, बच्चों के सामने पीटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कस्बे में कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपति व दो मासूम बच्चे जख्मी हो गए। इसी बीच कार सवार ने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों को फोन कर मौके पर बुला लिया। उन लोगों ने मासूम बच्चों के सामने बाइक सवार पिता की पिटाई कर दी। मासूम बच्चें ने मारपीट का वीडियों बना लिया। जिसे सोशल मीडिया में वॉयरल कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक कार सवार मौके से भाग निकले। पुलिस ने कार सवार पक्ष के एक आरोपी को पकड़ कर हिरासम में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ कस्बे में रहने वाला रामबरन शुक्रवार दोपहर बाद अपनी पत्नी शीला व दो मासूम बच्चें 7 वर्षीय तरुन व चार वर्षीय तनवी के साथ बाइक से अपनी ससुराल सोहावा से घर वापस लौट रहा था। जब वह मोहनलालगंज-बनी मार्ग पर गुप्ता ढाबे के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। कार में दंपति सवार थे। मासूम बच्चों सहित बाइक सवार चोटिल हो गए। इसी बीच जानकारी पाकर बाइक सवार का भतीजा मौके पर पहुंच गया। घायलों का उपचार व बाइक की मरम्मत कराने की मांग करने लगा। कार सवार ने बुलाया ससुरालीजनों की कार सवार की ससुराल मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा में है। उसने अपनी ससुराल में फोन कर दिया। जिसके बाद कार सवार पक्ष के कई लोग मौके पर पहुंच गये और मारपीट शुरू कर दी। बच्चें चीखने चिल्लाने लगे। लेकिन आरोपी नही रुके। पिता को पिटता देख मासूम ने मोबाइल फोन से मारपीट का वीडियों बना लिया। जिसे बाद में वॉयरल कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक कार सवार मौके से भाग निकले। कार सवार के एक साथी को पुलिस ने पकड़ लिया। कार पर उन्नाव जिले का नम्बर पड़ा हुआ है।

**दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस एफआईआर दर्ज :** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दो पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोजनी नगर के गौरी निवासी अभिषेक सिंह चौहान की पत्नी वर्षा सिंह के मुताबिक 11 फरवरी की रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच उनके पति अभिषेक सिंह को गौरव सिंह उर्फ आदित्य, दिग्विजय सिंह, रणविजय सिंह और यशविजय ने मंदिर पर बुलाकर मारपीट की, जिससे उनके पति अभिषेक को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने वर्षा और उनके देवर अखंड प्रताप सिंह के साथ भी घर पर मारपीट और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद से ही उनके पति और परिवार के साथ अभद्रता की घटनाएं होती रही हैं। वहीं दूसरे पक्ष के आदित्य सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे स्कूटर इंडिया चौराहे के पास अभिषेक सिंह उर्फ डिंपल ने नशे की हालत में धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। पीड़ित का कहना है कि वह मामले को नजर अंदाज कर आगे बढ़ा तो आरोपित के पिता राजकुमार सिंह उर्फ रजोले और भाई अखंड प्रताप उर्फ डब्बू को बुलाकर चैन व ईटों से जानलेवा हमला कर दिया, जब परिवार के लोग बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया। साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी, जिससे पीड़ित आदित्य के गंभीर चोटें आईं। फिलहाल पुलिस ने दोनों ओर से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रिटायर्ड हवलदार की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में करीब 1 माह पहले सड़क दुर्घटना में हुई रिटायर्ड हवलदार की मौत के मामले में उसकी बेटी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के अमौसी निवासी ओम प्रकाश पांडे (62) सेना में हवलदार पद से रिटायर्ड होने के बाद वह एक बैंक में कार्यरत रहे और पिछले वर्ष वहां से भी रिटायर्ड हो गए थे। तीन जनवरी की रात वह कैंट स्थित अपने सेना कार्यालय से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरोजनी नगर क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजन उन्हें पहले सीएचसी सरोजनीनगर ले गए, जहां सिर में गंभीर चोट के चलते हालत नाजुक देख उन्हें कमांड अस्पताल रेफर किया गया। जहाँ इलाज के दौरान छह जनवरी की शाम उनकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक की बेटी चारु पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## दहेज हत्या के एक केस में पति को दी गयी जमानत रद

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस पंकज भाटिया ने दहेज हत्या के मामले में उनके द्वारा अभियुक्त पति को दी गयी जमानत को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गयी कठोर टिप्पड़ी से आहत महसूस करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पड़िया उन्हें हतोत्साहित करने वाली एवं उन पर दुश्प्रभाव डालने वाली हैं। यह कहते हुए जस्टिस भाटिया न केवल उनके सामने पेष जमानत अर्जी को षुक्रवार को सुनने से इंकार कर दिया अपितु इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से अनुरोध किया है कि भविष्य में उन्हें जमानत याचिकाएं सुनने को न दी जाएं। जस्टिस भाटिया ने यह आदेष एक अभियुक्त राकेष तिवारी की दूसरी जमानत अर्जी पर सुनवायी के दौरान पारित किया। जैसे ही उनके सामने यह मामला सुनवायी के लिए आया उन्होंने गत 9 फरवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा चेतराम वर्मा के मामले में उनके खिलाफ की गयी गंभीर टिप्पड़ियां का संज्ञान ले लिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा एक अन्य मामले में दिए गए जमानत आदेश को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने उनके आदेश को निरस्त कर दिया जो कि सामान्य बात है क्योंकि कोई भी न्यायाधीश यह दावा नहीं कर सकता कि उसके किसी आदेश को ऊपरी अदालत द्वारा कभी खारिज न किया गया हो या उसमें हस्तक्षेप न किया गया हो, परंतु उक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियां उनका मनोबल गिराने वाली तथा डराने वाली है। दरअसल जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने दहेज हत्या के एक मामले में 10 अक्टूबर 2025 को अभियुक्त पति को जमानत दे दी थी। इस मामले में महिला की मृत्यु गला घोंटने से हुई थी। हाई कोर्ट के आदेष से पीड़िता वादी चेतराम वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत आदेश को चुनौती दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि जस्टिस भाटिया के आदेष का कारण केवल यह बताया गया था कि अभियुक्त पति 27 जुलाई 2025 से जेल में था और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उक्त जमानत आदेश को खारिज करते हुए टिप्पणी की थी कि उक्त आदेश उन सबसे निराशाजनक आदेशों में से है जो हमने पिछले कुछ समय में देखे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि उक्त आदेश द्वारा आखिर हाईकोर्ट कहना क्या चाहता है, उसने कहाँ अपने विवेक का इस्तेमाल किया है और सिर्फ बचाव पक्ष की दलीलों और अभियुक्त की जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर जमानत दे दी है। यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के जमानत आदेष को खारिज कर दिया था।

## नौकरानी को बंधक बनाकर डंडे से पीटा, जबरन पिलायी शराब

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र स्थित अपार्टमेंट में एक फ्लेट में काम करने वाली युवती ने मालिकों पर बंधक बनाकर मारपीट कर जबरन शराब पिलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उसने थाने में तहरीर दी है। पुलिस के एक्शन ना लेने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। घटना छह माह पूर्व की है। वीरपुर माल निवासी देविका पासी ने बताया कि उसे अन्य लोगों को रोजगार दिलाने के नाम पर शालीमार बिल्डिंग में आईआईएम रोड मड़ियांव बुलाकर काम दिया गया था। वहां वह चौबीस घंटे घोलू कार्य कर रही थी। 26 जुलाई से 2 अगस्त के बीच फ्लैट में रहने वाली प्रियंका सिंह ने सभी को प्रताड़ि किया और बेल्ट और डंडों से पीटा, जिससे पैरों, कूल्हे व तलवा पर पीटा गया और जबरन शराब पिलाई। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी लापता

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से बुधवार रात एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई इस मामले में किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के एक गांव में रहने वाले मजदूर के मुताबिक बुधवार रात करीब 10 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी अचानक लापता हो गई। खोजबीन करने के दौरान पता चला कि उसके ही गांव का रहने वाला देवा कश्यप पीड़ित की बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। परिजनों का कहना है कि इससे पहले भी आरोपित किशोरी के साथ छेड़खानी व अपहरण का प्रयास कर चुका है, तब इसकी शिकायत थाने में की गई थी।

# रॉग साइड से आये डाला ने बाइक सवार दो भाइयों को मारी टक्कर

**मलिहाबाद।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को लखनऊ-हरदोई हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। सेंट जोसेफ स्कूल के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार डाला वाहन ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों की पहचान गौसगंज निवासी अखिलेश और गणेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बाइक से लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, गणेश का दाहिना पैर टूट गया है, जबकि अखिलेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।



पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर रॉन्ग साइड से वाहनों के आने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# प्यार का प्रतीक वैलेंटाइन डे आज, फिजाओं में घुलेगी प्यार की मिठास





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्यार का कोई रंग नहीं होता, कोई उम्र नहीं होती, कोई धर्म नहीं होता। प्यार करने वालों के लिए 14 फरवरी का दिन बहुत ही खास होता है। इस दिन इजहार-ए-मोहब्बत परवान चढ़ती है। फूलों व तोहफों संग आज फिजाओं में फिजाओं में मोहब्बत की मिठास घुलेगी। फूलों की महक, दिल की धड़क से निकलकर कपल्स की जुबां पर आ जाएगी।

फूल वालों से लेकर विभिन्न गिफ्ट गैलरी की रौनक इस दौरान देखते ही बन रही है। बाजार में तरह-तरह के फूलों के गुलदस्ते उपलब्ध हैं। फूल वालों से लेकर गैलरियों में चहल पहल शुरू हो गई थी। शहर के बाजारों मार्केट में रौनक देखते ही बन रही है। 14 फरवरी को फिजाओं में मोहब्बत घोलने के लिए राजधानी के होटलों में तैयारी पूरी हो गई है। एक होटल के मैनेजर ने बताया कि हमारे यहां कपल्स को स्पेशल फील करवाने के लिए थीम बेस्ड प्रिपरेशन की जा रही है। तीसरे फ्लोर पर बने रेस्टोरेंट सीपिया में दावत-ए-इश्क थीम पर लाइव म्यूजिक के साथ सेलिब्रेशन होगा।

**उपहारों से गुलजार हो गई दुकानें:** वैलेंटाइन को लेकर युवाओं के साथ ही नवविवाहित जोड़ों में भी खासा उत्साह है। यह ही कारण है कि बाजारों में दुकानें उपहारों से गुलजार हो गई हैं। प्रेमी-जोड़ों को रिझाने के लिए दुकानदारों ने भी हर तरह के उपहार तैयार किए हैं। प्राकृतिक फूलों के साथ सेवन डेज ग्रीटिंग युवाओं की पहली पसंद बन गए हैं।

**शादीशुदा जोड़े भी दिखे उत्साहित:** यह वैलेंटाइन डे सिर्फ प्रेमी-प्रेमिकाओं तक ही सीमित नहीं है। शादीशुदा जोड़े भी वैलेंटाइन डे को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे हैं। वे अपने दिल की बात साथी को बताने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो आज खत्म हो गया है। वैलेंटाइन डे को लेकर राजधानी के गिफ्ट कार्नर सज गए हैं।

**कपल को मिलेगा तोहफा:** वैलेंटाइंस डे के लिए फ्री फॉर योर वैलेंटाइन थीम पर सेलिब्रेशन किया जाएगा। होटल के रेस्टोरेंट मैनेजर सिताशु तिवारी ने बताया कि फर्स्ट फ्लोर पर बने ब्रांचे रेस्टोरेंट को हार्ट शेप बलूंस और फ्लॉवर्स के साथ डेकोरेट होगा। इस सेलिब्रेशन के दौरान बेस्ट कपल को अट्रैक्टिव सरप्राइज गिफ्ट भी दिया जाएगा। गोमतीनगर के विराजखंड स्थित होटल नोवोटल वैलेंटाइंस डे सेलिब्रेट करने जा रहा है। होटल की मार्केटिंग मैनेजर दीप्ति कपिल ने बताया कि हमारे यहां कपल्स 14 फेब को तीन जगह सेलिब्रेट कर सकेंगे। रूफ टॉप पर बाई द पूल नाम से हमने सबसे प्रीमियम इंतजाम किए हैं। कपल्स को हैंपर्स ऑफ लव में कार्ड और फोटो फ्रेम दिए जाएंगे।

**म्यूजिकल हार्ट, सिंगिंग डॉल युवाओं को लुभा रहे:** अमीनाबाद में गिफ्ट सेंटर संचालक प्रमोद कुमार ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर गुलाब का फूल भेंट करने के साथ गिफ्ट का क्रेज भी बढ़ चला है। टेडी बियर, फ्लावर, फोटो फ्रेम, चॉकलेट एवं ग्रीटिंग्स की डिमांड भी है। इसके साथ म्यूजिकल हार्ट, सिंगिंग डॉल और स्टोन आइटम भी युवाओं को लुभा रहे हैं। इनके दाम भी 100 रुपए से शुरू होकर पांच हजार रुपए तक हैं।

**यह वैलेंटाइन डे होगा खास:** प्यार एक ऐसा शब्द है जिसने हर रिश्ते को अपनी डोर में बांधा हुआ है। प्यार की इस डोर से बंधे हम समाज में मां-बाप, पति-पत्नी, भाई-बहन और दोस्तों के साथ न जाने कितने रिश्ते निभाते हैं। कुछ समय पूर्व तक जहां प्यार के बारे में बात करने और इसके इजहार करने को लेकर कुछ खास अच्छी सोच नहीं थी, वहीं आज हर रिश्ते में प्यार की अहमियत को मान्यता देते हुए हर कोई वैलेंटाइन डे पर अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की पहल करते हुए प्यार का संदेश बांटेगा।

**अपनों को मनायें, जीवन को महकायें:** आदित्य ने बताया कि वैलेंटाइन वीक की शुरूआत से ही काम में व्यस्त होने की वजह से उसकी पत्नी कुछ नाराज है। वैलेंटाइन डे पर वह उसके साथ मूवी और कैंडल लाइट डिनर करने की प्लानिंग कर रहे हैं। शिवम ने बताया कि उसकी शादी को अभी 1 सप्ताह ही हुआ है, कुछ रस्मों के लिए पत्नी मायके गई है लेकिन वह वैलेंटाइन डे पर उसे सरप्राइज गिफ्ट भेंट करेंगे।

**प्यार के इजहार का अंदाज निराला:** प्यार मोहब्बत दिल का खेल, कोई होगा पास तो कोई होगा फेल, वैलेंटाइन डे पर लड़के रेड रोज लेकर जहां बेधड़क होकर अपने प्यार का इजहार करते हुए मस्ती करेंगे वहीं लड़कियां भी अपनी फ्रेंड्स के साथ गोभी का फूल, व्हाट्सएप मैसेज करके विश करने की सोच रही हैं। सुप्रिया ने बताया कि उसने तो स्पैशल लाल रंग की ड्रैस खरीदी है। गौरव ने कहा कि प्यार के दिन वह अपने प्यार से जीवन भर का साथ मांग कर वैलेंटाइन मनाएंगे।

**फ्लेवर और कलर के लिए नेचुरल इंग्रेडिएंट:** सुरेश ने बताया कि उनके पास 25 फ्लेवर के केक मौजूद हैं, जिनमें सबसे ज्यादा डिमांड चॉकलेट केक और फ्रेश फ्रूट केक की रहती है। साथ ही, सीजन के हिसाब से मैंगो चीज केक, स्ट्रॉबेरी चीज केक और ब्लूबेरी चीज केक भी ज्यादा बिकते हैं। लोगों को ये केक इसलिए पसंद आते हैं, क्योंकि उनमें बटर का अधिक इस्तेमाल होता है और कोई भी केमिकल या कलर्स नहीं होते हैं। फ्लेवर और कलर के लिए नेचुरल इंग्रेडिएंट का इस्तेमाल किया जाता है। इन केकों की कीमत सबसे कम 399 रुपए से शुरू होती है और रेट फ्लेवर और डिजाइन के हिसाब से बढ़ता रहता है।

**वैलेंटाइन्स डे के मौके पर खास केक:** सुरेश ने बताया कि उनका आउटलेट हर साल वैलेंटाइन्स डे के मौके पर खास केक लॉन्च करता है। इस बार, उन्होंने बैनटो केक कपल्स लॉन्च किया है, जो कि दो लोगों के लिए बनाया गया है। ये केक हार्ट शेप और लव यू डिजाइन के हैं, जो कपल्स को खूब पसंद आता है.इसके अलावा, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर का केक है जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। यह केक दो लोगों में आराम से खाया जा सकता है और इसका डिजाइन और स्वाद कपल्स को खास रूप से प्रभावित कर रहा है।

**केक खाने के शौकीनों की पहली पसंद:** स्वास्थ्य और स्वाद का मेल यह कहकर पेस्ट्री और केक के प्रेमी ने इस कैफे की सराहना की है। उनका कहना है कि यहां के केक स्वास्थ्यप्रद और स्वादिष्ट होते हैं, इसके अलावा यह कैफे बजट फ्रेंडली है। यहां के स्टाफ और मैनेजमेंट का नेचर भी बेहद अच्छा है। आप भी यहां से केक खरीदना चाहते हैं, तो आना होगा द चेरी ट्री, हजरतगंज। आप चारबाग रेलवे स्टेशन से ऑटो कैब द्वारा यहां आसानी से पहुंच सकते हैं।

## फूलों का बाजार गुलजार, गुलाब की मांग बढ़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** वेलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर फूलों का बाजार गुलजार नजर आया। चौक के फूल कारोबारी मोहम्मद इसरार ने बताया कि शादी के सीजन में यूं तो गुलाब की मांग वैसे ही बनी रहती है, लेकिन वेलेंटाइन डे होने के कारण गुलाब की मांग और बढ़ जाती हैए जिसके कारण इनके दामों में खासा उछाल आ जाता है। उन्होंने बताया कि गुलाब की गड्डी 900 से हजार रुपये में है। इसमें 50 फूल होते हैं। उन्होंने बताया कि फुटकर बाजार में एक गुलाब का फूल 30 रुपये से 50 रुपये तक बिक रहा है।


**वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार में बढ़ी केक की डिमांडः** वैलेंटाइन वीक कपल्स के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि बहुत से कपल्स इस समय का बेसब्री से इंतजार करते हैं ताकि वे अपने दिल की फीलिंग्स को बयां कर सकें। वैलेंटाइन डे पर गिफ्ट देकर एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार करते हैं और अपने साथी को खास महसूस कराते हैं। लखनऊ के बाजार में वैलेंटाइन डे के लिए केक की भारी मांग देखने को मिल रही है। खास तौर पर कपल्स द्वारा अपने पसंदीदा केक बनवाने की डिमांड बढ़ रही है। वैलेंटाइन डे पर अपने पार्टनर को खुश करने के लिए लोग अपने पसंदीदा फ्लेवर और डिजाइन के केक बनवा रहे हैं। सुरेश ने बताया कि सेलिब्रेशन के समय केक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वो बर्थडे, शादी फंक्शन या सक्सेस पार्टी हो, हम अपनी खुशी केक काट कर जाहिर करते है। फरवरी महीने में केक की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि यह महीना कपल्स के लिए खास होता है और वैलेंटाइन वीक से केक की मांग और भी बढ़ जाती है। इस महीने में प्यार और रोमांस का माहौल होता है और केक इस माहौल को और भी मीठापन देता है।





# लखनऊ में महाशिवरात्रि को लेकर सजने लगे शिवालय और मंदिर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में महाशिवरात्रि का पावन पर्व नजदीक आते ही शिवालयों में विशेष तैयारियां तेज हो गई हैं। महाशिवरात्रि इस बार 15 फरवरी रविवार को मनाई जाएगी। शहर के मनकामेश्वर मंदिर समेत प्राचीन शिवालयों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह सम्पन्न हुआ था। इसलिए शिवरात्रि का दिन भगवान शिव की आराधना का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है।

श्रद्धालु इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे। वहीं, महिलाएं जीवन में सुख समृद्धि व परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखेंगी, जिसका पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जायेगा। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि यह व्रत फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर रखा जाता है। श्रद्धालु दिन में महादेव का जलाभिषेक व रात्रि में शिव-पार्वती विवाह में शामिल होकर पुण्य के भागी बनेंगे। शिवरात्रि के दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त शिव मंदिर या अपने घर में नर्मदेश्वर की मूर्ति या पार्थिव शिवलिंग बनाकर मम इह जन्मनि जन्मान्तरेवार्जित सकल पाप क्षयार्थं आयु-आरोग्य-ऐश्वर्य-पुत्र-पौत्रादि सकल कामना सिद्धिपूर्वक अन्ते शिवसायुज्य प्राप्तये शिवरात्रिव्रत साङ्गता सिध्यर्थं साम्बसदाशिव पूजनम करिष्ये मंत्र का जप करते हुए महादेव को जलाभिषेक करें। महादेव को आक, कनेर, विल्वपत्र व धतूरा, कटेली आदि अर्पित करें।

**इन शिव मंदिरों में चल रही विशेष तैयारीः** महाशिवरात्रि के दिन शहर के मनकामेश्वर, महाकाल, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य शिवालय शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों से गुलजार रहेंगे। शिवरात्रि के अवसर पर महादेव के जलाभिषेक व शिव-पार्वती विवाह को लेकर शिवालयों की साज-सजावट, रंगाई-पुताई आदि की तैयारी जोरों पर हैं। शिवालयों की साफ-सफाई के साथ ही गर्भगृह तक पहुंचाने वाले रास्ते की बैरिकेडिंग व रौशनी की व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों में रंगाई-पुताई लगभग पूरी हो चुकी है। भक्तों के लिए विशेष सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। शहर के शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में महादेव का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। यहां मंदिर के प्राचीन कुंआ से शिव भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने प्राचीन शिवालयों समेत शहर के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है।

**12 ज्योतिर्लिंग धाम में होगा रुद्राभिषेकः** सदर का 12 ज्योतिर्लिंग धाम मंदिर भक्तों के लिए रात दो बजे से खुलेगा। यहां सुबह 6 बजे तक रुद्राभिषेक किया जाएगा। महाआरती के बाद कोलकाता के संजय नवीन बंधु भजन आरती पेश करेंगे। वहीं मनकामेश्वर की महंत देव्या गिरी के मार्गदर्शन में रात तीन बजे जलाभिषेक करेगी। पूर्वीदेवी और महाकालेश्वर मंदिर ठाकुरगंज में भी रुद्राभिषेक की बुकिंग पूरी हो गई है। वहां रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक रुद्राभिषेक चलेगा। शाम 6 बजे भजन संध्या के बाद दीपयज्ञशाला में दीपदान होगा। यहां रात 8 आठ बजे महाआरती और सुन्दरकांड का पाठ किया जाएगा। रात 10 बजे हवन होगा। मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर मंदिर बाघांबरी सिद्धपीठ में शाम कीर्तन के बाद दीपदान होगा। यहां आरती रात 8:30 बजे होगी। सुंदरकांड के पाठ के बाद रुद्राष्टध्यायी हवन होगा। और रात 12 बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा। उधर गोमती नगर के अयप्पा मंदिर में केवल 301 रुपये में रुद्राभिषेक करवाया जा सकता है। उधर सीतापुर रोड शिव पार्क खदरा में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यहां आचार्य विश्वम्भर शास्त्री का शिव महापुराण पर प्रवचन कल शाम से चल रहा है। चौक स्थित छोटे शिवालय में बड़े शिवालय तक शिव बारात निकाली जाएगी। बड़े शिवालय मंदिर के बाहर गुफा की भव्य झांकी सजाई जा रही है। उधर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की ओर से रविंद्रालय से झूलेलाल पार्क तक विश्व परिवर्तन शिव संदेश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**एक क्विंटल भांग गटकेंगे भोला के भक्तः** महाशिवरात्रि पर भोले को भांग का भोग लगाने की परंपरा है। प्रसाद के बाद भोले के भक्त भी भांग का मजा लेते हैं। भांग का क्रेज ऐसा है कि इस बार भोला के भक्त सौ किलोग्राम तक भांग गटक सकते हैं। यह दावा है शहर के प्रमुख ठंडाई विक्रेताओं का। इन लोगों ने इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की है। चौक में राजा ठंडाई के नाम से दुकान चला रहे राजकुमार त्रिपाठी बताते है कि इधर लोगों में शुगर फ्री ठंडाई का भी क्रेज बढ़ा है। इसके अलावा लोग मट्ठे, कुल्फी, गोली, चूरन, खस्ते तक में भांग खाने लगे हैं। राजकुमार बताते है कि कल्याणगिरी मंदिर में भोलेनाथ को तीन पीढ़ियों से भांग का प्रसाद उन्हीं के परिवार से जा रहा है।

## भातखंडे में दो दिवसीय तबला कार्यशाला शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे जी की पावन स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत तालवाद्य विभाग द्वारा दो दिवसीय तबला कार्यशाला का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में गरिमामय वातावरण में हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय संगीत की समृद्ध ताल परंपरा, विशेषकर तबले की भूमिका, उसके तकनीकी पक्ष तथा शोधपरक आयामों से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अवगत कराना है।

कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारम्भ गायन विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर द्वारा माँ सरस्वती एवं पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित प्रो. नीलू शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्र एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक संगतक र्ता के साथ विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. नीलू शर्मा ने फरुर्खाबाद घराने की बोल-निकास की तकनीकी विशेषताओं तथा पारंपरिक वादन शैली के अंतर्गत लयकारी, विभिन्न तालों की संरचना, एकल एवं संगत की बारीकियों तथा प्रस्तुति की सौंदर्यात्मक विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को तबले की पारंपरिक बंदिशों एवं विभिन्न घरानों की शैलीगत विशेषताओं के व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया। संवाद सत्र में उन्होंने तबला अध्ययन में विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, प्रामाणिक स्त्रोतों के उपयोग तथा प्रस्तुति-आधारित शोध की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को व्यावहारिक अभ्यास, बोलों की स्पष्टता, हाथों की संतुलित गति तथा संगत की संवेदनशीलता पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० मांडवी सिंह ने कहा कि भारतीय संगीत में तबले का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों की व्यावहारिक दक्षता, रचनात्मकता तथा शोधपरक दृष्टि को विकसित करती हैं और उन्हें परंपरा एवं आधुनिकता के संतुलन को समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 17वाँ. (वि./याँ.) वृत्त लो.नि.वि., 96 महात्मा गॉधी मार्ग, लखनऊ**

पत्रांकः-358/7(1)CBW-17E/M/2025-26 दिनांक: 09/02/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, 17वॉ. (वि./यॉ.) वृत्त लो.नि.वि., लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा **https://etender.up.nic.in** के माध्यम से दिनांक **16/02/2026** से दिनांक **26/02/2026** दोपहर **12:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक **26/02/2026** अपरान्ह **12:30** बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने की अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद लखनऊ में मुंशीगंज-केवली-बघौली मार्ग (अ.जि.मा.) के चैनेज 0.00 से 8.50 तक लम्बाई (8.50 किमी.) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। (विद्युत लाईन एवं उपकरणों के शिफ्टिंग का कार्य।) | 59.69 +GST Extra | 04.98 | 05 Months | 2354.00 | लो.नि.वि. में विद्युत कार्यो हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जो विद्युत सुरक्षा निदेशालय से 'क' श्रेणी में अनुमोदित हो एवं समान प्रकृति के कार्यो का अनुभव प्राप्त हो। |

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

***निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।***

निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(पारितोष सिंह)**
**कार्य अधीक्षक**
**अ.वि.नि.ई. (वि./याँ.)**
**लो.नि.वि. लखनऊ**

**(आर.एम.श्रीवास्तव)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**17वाँ. (वि./याँ.) वृत्त**
**लो.नि.वि. लखनऊ**

**UPID-245916 Date:12.02.2026 Website : www.upgov.nic.in**

# सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने दिया सेवा परमो धर्मः का संदेश

- विश्व शान्ति एवं राष्ट्र उत्थान के लिए रविवार को किया जाएगा हवन पूजन
- चित्रकूट में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ 10 मार्च को होगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में शिवरात्रि के पावन अवसर पर चिनहट फैजाबाद मार्ग स्थित वीमार्ट के पास गुरुवार 12 से रविवार 15 फरवरी तक कांवड़ियों के लिए फलाहारी जलपान एवं खीर की सेवा दी जा रही है। इस क्रम में शुक्रवार 13 फरवरी को सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने स्वयं कावड़ियों की सेवा करके सेवा परमो धर्मः का संदेश दिया। वहां भगवान महादेव का आकर्षक दरबार भी सजाया गया है। इसके साथ ही वहां कांवड़ियों के विश्राम, स्नान और उपचार आदि की भी पर्याप्त सुविधा दी जा रही हैं। इस क्रम में शिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर विश्व शान्ति और राष्ट्र उन्नति हेतु आचार्यों द्वारा रविवार 15 फरवरी को हवन पूजन चिनहट स्थित श्री परमानंद हरि हर मंदिर परिसर में किया जाएगा। उसके उपरांत चित्रकूट में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ मंगलवार 10 मार्च 2026 को होगा।

सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने इस अवसर पर आध्यात्मिक संदेश दिया कि केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार और आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। शिवरात्रि का अर्थ है 'शिव की महान रात्रि'। यह रात अज्ञानता और अहंकार के अंधकार को मिटाकर ज्ञान और विवेक के प्रकाश को जगाने का प्रतीक है। इस दिन 'शिव तत्व' जो कि शाश्वत चेतना है पृथ्वी के सबसे निकट होती है। जो हमें संदेश देती है कि परमात्मा कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर ही है। 'शिवोहम' महामंत्र का भी यही सार है। शिव और शक्ति स्वरूपा देवी मां पार्वती का विवाह भौतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के संतुलन का प्रतीक है। शिव को 'अद्वैत' और 'शून्य' माना गया है। शिवरात्रि हमें सिखाती है कि जब हम अपने भीतर की सारी हलचल शांत कर लेते हैं, तब उस असीम शून्यता से ही नई शक्ति और शांति का जन्म देते हैं। शिवरात्रि पर पूरी रात का जागरण केवल शारीरिक रूप से जागना नहीं है, बल्कि सचेत होकर अपने विकारों जैसे कि काम, क्रोध, लोभ को पहचानने और उन्हें त्यागने का संकल्प लेना है। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि संतों और देवों की पावन भूमि भारत, दोबारा विश्व गुरु बने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही सुंदरकांड महा अभियान का संचालन किया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। इस क्रम में जिलों से दिलों तक को जोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीर्थाटन का सिलसिला भी शुरू किया गया है। इसके तहत उत्तराखंड कोटद्वार के प्राचीन सिद्धबली मंदिर, नैमिषारण्य तीर्थ, काशी विश्वनाथ मंदिर, हर की पौड़ी हरिद्वार, रुड़की महादेव मंदिर, प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर और कानपुर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर के गंगा जी घाट परिसर में भी भव्य सुंदरकाण्ड का पाठ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

# होली पर रिकॉर्ड 62 स्पेशल ट्रेनों के साथ रेलवे की फेरे बढ़ाने की तैयारी



- दिल्ली-मुम्बई से आने वाली इन ट्रेनों में जगह नहीं
- बठिंडा से गोरखपुर-गोरखधाम सुपरफास्ट-सभी श्रेणी
- नई दिल्ली-गोरखपुर-दरभंगा संपर्क क्रांति सुपरफास्ट-सभी श्रेणी
- नई दिल्ली-गोरखपुर-ललित ग्राम वैशाली एक्सप्रेस-सभी श्रेणी
- एलटीटी-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस-सभी श्रेणी (24 फरवरी से 2 मार्च तक की स्थिति)
- गोरखपुर से दिल्ली-मुंबई जाने वाली ये ट्रेनें फुल
- बठिंडा से गोरखपुर-गोरखधाम सुपरफास्ट-सभी श्रेणी
- नई दिल्ली-गोरखपुर-दरभंगा संपर्क क्रांति सुपरफास्ट-सभी श्रेणी
- नई दिल्ली-गोरखपुर-ललित ग्राम वैशाली एक्सप्रेस-सभी श्रेणी
- एलटीटी-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस-सभी श्रेणी

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** आगामी होली पर्व को देखते हुए एनईआर ने तैयारी तेज कर दी है। यात्रियों की सुविधा के लिए इस बार एनईआर के गोरखपुर समेत सभी प्रमुख स्टेशनों से एक मार्च से 22 मार्च तक 62 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस बीच अगर डिमांड बढ़ती है, तो फेरों की संख्या में भी इजाफा किया जाएगा। इसमें गोरखपुर से सर्वाधिक एक दर्जन ट्रेनें दिल्ली और अमृतसर के लिए चलेंगी।

इसके साथ ही बिहार के प्रमुख स्टेशनों से भी होली स्पेशल का संचलन शुरू होगा। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर, लखनऊ, बनारस, काठगोदाम, छपरा स्टेशनों से दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता सहित देश के विभिन्न नगरों के लिए यात्री होली स्पेशल की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। उधर, यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए 25 फरवरी से जंक्शन पर पैसेंजर होल्डिंग एरिया सक्रिय कर दिया जाएगा।

**किसी भी रूटीन ट्रेन में जगह नहीं :** होली पर्व यूं तो चार मार्च को है लेकिन उसके पहले दिल्ली-मुम्बई से आने वाली और होली के बाद यहां से जाने वाली सभी ट्रेनें पूरी तरह से पैक हैं। कुछ ट्रेनों में तो नो-रूम की स्थिति है। 25 फरवरी से लेकर दो मार्च तक गोरखपुर आने के लिए किसी भी ट्रेन में सीट नहीं है। जबकि होली के बाद पांच मार्च से दिल्ली और मुंबई जाने के लिए 15 मार्च तक ट्रेनें पैक हैं।

## अयोध्या के लिए होली पर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी सं. 09097/09098 उधना-अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन उधना से 10 फरवरी से 24 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को और अयोध्या कैंट से 11 फरवरी से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। ट्रेन उधना से मंगलवार को सुबह 6.45 बजे चलकर रात 12.20 बजे ईदगाह स्टेशन और अगले दिन सुबह 11.30 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। ट्रेन बुधवार को अयोध्या कैंट से दोपहर 1.30 बजे चलकर रात 10.30 बजे ईदगाह स्टेशन व अगले दिन शाम 5.30 बजे उधना पहुंचेगी। ट्रेन में दो थर्ड एसी, 18 स्लीपर, 2 जनरल कोच लगे होंगे।

होली पर आगरा से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों में एक भी कंफर्म सीट नहीं है। फरवरी के अंत से लेकर मार्च की शुरूआत तक अधिकतर ट्रेनों में नो रूम हो गया है। होली पर घर पहुंचने के लिए कंफर्म टिकट की आस वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने अभी किसी भी होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं की है। होली की वजह से बड़े शहरों से आगरा आने वाली और आगरा से देश के विभिन्न शहरों को जाने वाली प्रमुख ट्रेनें फुल हो गई हैं। फरवरी के अंत से लेकर मार्च की शुरूआत तक अधिकतर ट्रेनों में नो रूम हो गया है।

कंफर्म सीट न मिलने से यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। पंजाब मेल, मालवा एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, मंगला एक्सप्रेस, ताज एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस सहित अधिकांश ट्रेनों में 26 फरवरी से तीन मार्च तक किसी भी क्लास में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। सदर निवासी प्रेम निधि शर्मा ने बताया कि उनकी रिश्तेदारी में मार्च के प्रथम सप्ताह में शादी है। वह ट्रेन में पुणे तक का रजिर्वेशन कराए गए तो नो रूम आ रहा है। होली के चलते ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है। टेढ़ी बगिया निवासी राम स्वरूप त्यागी ने बताया कि बेटे को मुंबई से आना है लेकिन होली के आसपास किसी भी ट्रेनें में कंफर्म बर्थ नहीं है। राजपुर चुंगी निवासी योगेश वर्मा ने बताया कि बेटी को होली पर आना है परंतु हैदराबाद से कंफर्म सीट नहीं मिल रही है। आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि होली पर लोगों को सहूलियत के साथ घर पहुंचाने के लिए होली स्पेशल ट्रेन का ऐलान होगा।

## होली के लिए गोमतीनगर से चलेगी विशेष ट्रेन

- यह ट्रेन 3 से 24 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी



**लखनऊ।** रेलवे होली पर्व को देखते हुए गोमतीनगर से खातीपुरा के लिए स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन तीन से 24 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। 05023 स्पेशल गोमतीनगर-खातीपुरा होली स्पेशल तीन से 24 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को गोमतीनगर से रात 11:55 बजे छूटेगी।

यह ट्रेन बादशाहनगर से रात 12:10 बजे, डालीगंज से 12:45 बजे, सीतापुर से सुबह चार बजे, बरेली से 7:16 बजे, मुरादाबाद से 9:10 बजे, गाजियाबाद से 11:25 बजे, दिल्ली जंक्शन से दोपहर 12:20 बजे, दिल्ली कैंट से 12:52 बजे, गुड़गांव से 1:08 बजे, रेवाड़ी से 2:35 बजे, अलवर से 3:30 बजे और बांदीकुई से शाम 4:32 बजे छूटकर खातीपुरा शाम 7:30 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह वापसी यात्रा में 05024 स्पेशल चार से 25 मार्च प्रत्येक बुधवार को खातीपुरा से शाम 6:50 बजे चलकर अगले दिन गुरुवार को डालीगंज से सुबह 11:20 बजे, बादशाहनगर से 11:35 बजे छूटकर गोमतीनगर 11:45 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरल की छह, एसी तृतीय की दो, एसी द्वितीय की एक और स्लीपर की 11 बोगियां होंगी।

**गोंदिया-छपरा के लिए दो स्पेशल ट्रेनें घोषित :** रंग एवं हर्ष उत्साह के साथ मेलजोल के पर्व होली के अवसर पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने गोंदिया-छपरा-गोंदिया रूट पर दो होली विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क विभाग,जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का संचालन मार्च के पहले सप्ताह में किया जाएगा, जिससे त्योहार के दौरान यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। पहली ट्रेन गाड़ी संख्या 08865 गोंदिया-छपरा होली विशेष 02 मार्च को गोंदिया से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी।

यह ट्रेन डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, चुनार, वाराणसी जंक्शन, जौनपुर, केराकत, औड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती और बकुल्हा होते हुए तीसरे दिन छपरा जंक्शन 00:45 बजे पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या 08866 छपरा-गोंदिया होली विशेष 04 मार्च को छपरा जंक्शन से 04:45 बजे प्रस्थान करेगी और उपरोक्त स्टेशनों से होते हुए गोंदिया 11:00 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 08863 गोंदिया-छपरा होली विशेष 01 मार्च को गोंदिया से शाम 5 बजे रवाना होगी और समान मार्ग से चलते हुए तीसरे दिन छपरा जंक्शन 00:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08864 छपरा-गोंदिया होली विशेष 03 मार्च 2026 को छपरा जंक्शन से 04:45 बजे सुबह में प्रस्थान करेगी और अगले दिन गोंदिया 11:00 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन के समय और ठहराव की जानकारी सुनिश्चित कर लें, ताकि होली के दौरान उनकी यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक हो सके।

## लविवि में समता संवर्धन मार्च रोका गया



**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा में लागू करने योग्य और प्रभावी समानता तंत्र को मजबूत करने के लिए दिए गए राष्ट्रीय छात्र आह्वान के समर्थन में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने शुक्रवार को समता संवर्धन मार्च आयोजित किया। यह मार्च विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से शुरू होकर गेट नंबर 1 तक जाने वाला था।

मार्च स्पष्ट और संरचनात्मक मांगों के साथ आयोजित किया गया था। छात्रों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को एक अलग और कानूनी रूप से कार्रवाई योग्य संस्थागत उल्लंघन के रूप में मान्यता देने की मांग की। उन्होंने पूर्णतः स्वायत्त और प्रशासन से स्वतंत्र समान अवसर एवं भेदभाव निरोधक निकायों की स्थापना की मांग की। साथ ही राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा सामाजिक न्याय आयोग बनाने की मांग की गई, जिसे जांच, निगरानी और बाध्यकारी सिफारिशें देने की शक्ति हो।

छात्रों ने सभी शिकायत निवारण तंत्रों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं, जेंडर विविध व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने समयबद्ध शिकायत प्रक्रिया, विश्वविद्यालय प्रशासन से बाहर स्वतंत्र अपील व्यवस्था, शिकायतकताओं को प्रताड़ना से कानूनी सुरक्षा, फेलोशिप में देरी और पक्षपातपूर्ण मूल्यांकन के लिए संस्थागत जवाबदेही, हर वर्ष भेदभाव से संबंधित आंकड़ों की सार्वजनिक रिपोर्ट तथा समय-समय पर स्वतंत्र सामाजिक समानता ऑडिट की भी मांग की। छात्रों ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव और उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों में लगभग 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## अंदाजे लखनऊ की अंदाज़ियन्स एग्जीबिशन सीजन 2 का उद्घाटन

**विशेष संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** अंदाजे लखनऊ की अंदाज़ियन्स एग्जीबिशन सीजन 2 का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जूही सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से मसूद अब्दुल्ला साहब, हसन काजमी साहब, मिराज हैदर, साबरा हबीब, नायला अहमद, आयशा अहमद, साजिदा सबा एवं फारिया चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस वर्ष की प्रदर्शनी की एक खास आकर्षण यहाँ लगाई गई खानों की विशेष स्टॉल्स रहीं, जिनमें महिलाओं द्वारा तैयार किए गए राजस्थानी व्यंजन, घर के ऑथेंटिक फ्लेवर, रसियावल एवं ऐसे पारंपरिक स्वाद शामिल हैं, जो आमतौर पर रेस्टोरेंट्स में उपलब्ध नहीं होते। यह सभी स्टॉल्स पूरी तरह घरेलू और पारंपरिक स्वाद को दर्शाती हैं।

यह एग्जीबिशन रमजान, होली और ईद के पावन अवसरों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई है, जो हमारी गंगा-जमनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश करती है। यही नहीं, इस प्रदर्शनी के माध्यम से लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत, आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना को किया गया है। अंदाजे लखनऊ की फाउंडर नेहा परवीन एवं इमराना अजमत, जो इस संगठन को सक्रिय रूप से संचालित करती हैं, समय-समय पर इस तरह की प्रदर्शनियों का आयोजन करती रहती हैं।

इन प्रदर्शनियों का उद्देश्य घर से काम करने वाली महिलाओं—जो हैंडीक्राफ्ट आइटम्स, क्लोदिंग, अचार, मसाले, पापड़ एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थ तैयार करती हैं—उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के अवसर मिल सकें। अंदाजे लखनऊ का मूल उद्देश्य गंगा-जमनी तहजीब को बढ़ावा देना और लखनऊ की संस्कृति को देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया तक पहुँचाना है।

## कमला कुटीर में मायणा-महोत्सव कल

**लखनऊ।** मायण महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को कमला कुटीर इटौंजा में किया जायेगा। मायण-महोत्सव एक वार्षिक उत्सव है जो हमारे जीवन में 'माँ' की भूमिका का सम्मान करने के लिए हर साल लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र के गाँव गदैला में आयोजित किया जाता रहा है। यह शहर और गाँव दोनों संस्कृतियों को एक मंच पर मिलाने का ठोस प्रयास है। महोत्सव अब अपने पांचवे सफल वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य बुजुर्गों के अनुभवों की सार्थकता को उभारना है। इस वर्ष का कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है। राजस्थान की बोली में 'मायण' का अर्थ 'माँ' है। माँ निःस्वार्थ प्रेम, त्याग, प्रेरणा और क्षमा का प्रतीक होती है। वास्तव में, वह इस धरती पर 'भगवान' का निकटतम प्रतिबिंब है। विविध संवेदनाओं को एक साथ बांधने के लिए 'उसकी' तुलना में पूर्ण करुणा का इससे बेहतर स्वरूप क्या हो सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रामीण अंचल के कर्मयोगी वरिष्ठ नागरिकों जिन्होंने अपने क्षेत्र में निपुणता के साथ-2 सामाजिक उत्थान में भी योगदान दिया है, के अलंकरण से किया जायेगा। स्थानीय क्षेत्रीय कमेटी द्वारा कृषि, समाज सेवा, नारी सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण के क्षेत्रों से 07 ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ महानुभावों का चयन किया गया है जिसमें 03 महिलायें हैं। इसके बाद साधुवाद स्वरुप कार्यक्रम का आगाज गीतादत्त के नग्मों द्वारा किया जायेगा।

## दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की अवधि 18 तक बढ़ी

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की तिथि को विस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान, जो 06 से 13 फरवरी के मध्य संचालित किया जा रहा था, अब 18 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्ध है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से दिव्यांग युवाओं को रोजगारपरक अवसर प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं एमआईएस प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रदेश के समस्त जिलों में अभियान की प्रगति संतोषजनक पाई गई है तथा प्रत्येक इच्छुक दिव्यांगजन को रोजगार से जोड़ने की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपादित की जा रही है। विभिन्न जनपदों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि अधिकाधिक दिव्यांगजन को लाभान्वित करने के लिए अभियान की अवधि बढ़ाई जाए।

## छात्रों को ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन के बारे में समझाया



**लखनऊ।** काकोरी ब्लाक के मौंदा ग्राम में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन (पीआरए) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों सहित समाज कार्य के छात्रों द्वारा गांव भ्रमण करने के साथ- साथ सामाजिक और संसाधन मानचित्र का निर्माण किया गया। चतुर्थ दिवस के सुबह के सत्र में विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्याम सिंह ने स्वयंसेवकों सहित समाज कार्य के छात्रों को ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन के बारे में विस्तार से समझाया और मानचित्र निर्माण करना सिखाया। सत्र की समाप्ति के बाद कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारियों की अगुवाई में तथा डॉ. श्याम सिंह के मार्गदर्शन में समाज कार्य के छात्रों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव में ट्रांसिट वॉक (पैदल भ्रमण) किया तथा गांव की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति और गांव के संसाधनों के बारे में जानकारी एकत्रित की। इसके पश्चात छात्रों ने ग्रामीणों के साथ विचार-विमर्श करके सामाजिक और संसाधन मानचित्रों का निर्माण किया। इस प्रकार चतुर्थ दिवस की गतिविधियों ने ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन के प्रति ग्राम वासियों में सकारात्मक चेतना विकसित की।

## छात्रों का आरएमसी यूनिट में औद्योगिक भ्रमण

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्माण आरएमसी सीमेंट एवं कंक्रीट निर्माण इकाई में एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण तथा आधुनिक कंक्रीट तकनीक की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

इस औद्योगिक भ्रमण में विभाग के संकाय सदस्य केके शाह, अभिषेक अवस्थी, आस्था चौरसिया एवं सलमान अंसारी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को सीमेंट, एग्रीगेट, जल एवं रासायनिक मिश्रकों के अनुपात, बैचिंग प्लांट की कार्यप्रणाली, स्वचालित मिश्रण प्रणाली, कंक्रीट की गुणवत्ता जांच, तथा परिवहन एवं साइट पर डिलीवरी की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## स्वतंत्र देव सिंह ने सिंचाई विभाग के नवनिर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल सिंचाई भवन का किया लोकार्पण

**विशेष संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल सिंचाई भवन, का लोकार्पण किया, इस अवसर पर जलशक्ति राज्यमंत्री राकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष इं0 संदीप कुमार, प्रमुख अभियन्ता परिकल्प एवं नियोजन इं0 अशोक कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता तथा अन्य अभियन्ता गण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। सिंचाई भवन के उद्घाटन पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि यह भवन सिंचाई विभाग के कार्यों एवं कार्यक्षमता को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करेगा।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में बेसमेंट तथा भूतल पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के साथ प्रथम तल से चतुर्थ तल तक लगभग 600 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। इस भवन में अधिकारियों की बैठक एवं अन्य मीटिंगों के लिए हॉल निर्मित है। यह भवन कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ जनहितकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा।

जलशक्ति मंत्री ने इसके साथ ही सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से संबंधित कोर्ट केसेज के ऑनलाइन अनुश्रवण के लिए सूचना प्रणाली संगठन, लखनऊ द्वारा विकसित एलसीएमआईएस पोर्टल का भी उद्घाटन किया। यह पोर्टल कोर्ट केसेज एवं आर्बिट्रेशन प्रकरणों को डिजिटल करते हुए पारदर्शिता रखने एवं प्रत्येक स्तर पर त्वरित प्रभावी कार्यवाही करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## निजी स्कूलों की फीस में 27 % तक की उछाल

**लखनऊ।** नये शैक्षिक सत्र 2026-27 में शहर के निजी स्कूलों की फीस में 27 प्रतिशत तक का भारी उछाल देखने को मिल रहा है। शहर के कई बड़े स्कूलों की वेबसाइट पर उपलब्ध फीस विवरण को देखने से पता चलता है कि निजी स्कलों में प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर सेक्शन तक एडमीशन फीस व वार्षिक कंपोजिट फीस दोनों में 3 से लेकर 27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। फीस बढ़ोत्तरी की यह जानकारी विद्यालय की अपनी वेबसाइट पर स्वयं उपलब्ध करायी गई है। फीस वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पता चलता है कि लखनऊ पब्लिक स्कूल, गोमती नगर फीस वृद्धि के मामले में सबसे अव्वल है, जिसने प्री-प्राइमरी में 18 प्रतिशत, प्राइमरी में 22 प्रतिशत, जूनियर सेक्शन में 25 प्रतिशत जबकि सीनियर सेक्शन में 27 प्रतिशत की अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी की है। दूसरे स्थान पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल, गोमती नगर है जिसने प्री-प्राइमरी में 16 प्रतिशत, प्राइमरी एवं जूनियर सेक्शन में 13 प्रतिशत जबकि सीनियर सेक्शन में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। तीसरे स्थान पर डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) है जिसने प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर तक सभी सेक्शन मेंएक समान 11 प्रतिशत फीस वृद्धि की है जबकि चौथे स्थान पर जीडी गोयनका स्कूल एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत सबसे कम फीस वृद्धि की है। जीडी गोयनका ने प्री-प्राइमरी में 5 प्रतिशत, प्राइमरी एवं जूनियर सेक्शन में 4 प्रतिशत एवं सीनियर सेक्शन में 6 व 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है, तो वहीं सिटी मोन्टेसरी स्कूल ने प्री-प्राइमरी में 7 प्रतिशत फीस वृद्धि के अलावा अन्य सभी सेक्शन में 5 प्रतिशत की फीस वृद्धि की है। यहां महत्वपूर्ण यह है कि फीस निर्धारण अधिनियम-2018 के अनुसार विद्यालय अपनी फीस में पिछले वर्ष की महंगाई दर के साथ 5 प्रतिशत तक वृद्धि कर सकते हैं। चूंकि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एण्ड प्रोग्राम इम्प्लीमेन्टेशन) के अनुसार पिछले 12 महीनों का औसत महंगाई दर 2.55 प्रतिशत रहा है इसलिए इस वर्ष अधिकतम फीस वृद्धि 7.55 प्रतिशत तक होनी चाहिए लेकिन कई स्कूलों ने इस सीमा से कहीं अधिक फीस वृद्धि की है।

## एलपीएस को के-12 स्कूल चेन ऑफ द ईयर से किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में शामिल लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) को एंटरप्रेन्योर इंडियन एजुकेशन अवॉर्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित के-12 स्कूल चेन ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान 5 फरवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस समारोह में देशभर के प्रमुख शिक्षाविदों और संस्थानों को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। लखनऊ पब्लिक स्कूल की ओर से यह सम्मान संस्था की एचआर हेड शुभांगी पाठक ने प्राप्त किया। उनकी उपस्थिति ने विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया।



सी.पी. सिंह फाउंडेशन के मार्गदर्शन में संचालित लखनऊ पब्लिक स्कूल ने अनुशासन, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास को अपनी पहचान बनाया है। विभिन्न परिसरों में एक समान शैक्षणिक मानक, आधुनिक अधोसंरचना, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलित समावेश ने संस्थान को एक मजबूत शैक्षणिक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है।

विद्यालय की निरंतर उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षाफल, सुव्यवस्थित अकादमिक प्रणाली और चरित्र निर्माण पर विशेष बल इस सम्मान की प्रमुख आधारशिला रहे हैं। स्कूल की निदेशका डॉ. रश्मि पाठक ने कहा कि लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) अपनी मूल भावना शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और भविष्य निर्माण को आत्मसात करते हुए निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के समर्पण, नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ पदयात्रा

- राजधानी में मनरेगा बचाओ पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे शामिल
- मनरेगा बचाओ पदयात्रा में कांग्रेसजनों के साथ मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही : अजय राय



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को प्रदेशव्यापी मनरेगा बचाओ पदयात्रा पूरे प्रदेश में सम्पन्न हुई। प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी आंदोलन की रूपरेखा के अनुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शुक्रवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में मनरेगा बचाओ पदयात्रा की गयी। लखनऊ की मनरेगा बचाओ पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय स्वयं शामिल रहे। राजधानी लखनऊ में मनरेगा बचाओ पदयात्रा की शुरूआत काकोरी शहीद स्मारक पर वीर अमर शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण के उपरांत शुरू हुई। शहीद स्मारक से हरदोई रोड, दुगार्गंज चौराहा, काकोरी कस्बा होते हुए टाउन एरिया, ग्राम दसदोई, ग्राम जमलापुर चौराहा, ग्राम कर्झन मोड़ होते हुए भलिया चौराहे पर समापन हुआ।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का यह प्रण है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों के आर्थिक और सामाजिक हक की इस लड़ाई को अंतिम समय तक लड़ेगे। पदयात्रा में राजबहादुर पूर्व मंत्री, श्याम किशोर शुक्ला पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू, शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ दक्षिणी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम एवं शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ उत्तरी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, मुकेश सिंह चौहान पार्षद, अमीर हैदर, प्रमोद सिंह, ओंकार नाथ सिंह, विजय बहादुर, डॉ जियाराम वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों के साथ ही मनरेगा श्रमिक शामिल हुए। उप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में आज मनरेगा बचाओ पदयात्रा सम्पन्न हुई। हर जनपद में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता और मनरेगा श्रमिकों ने अपनी व्यापक पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित की।

## देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट : डॉ.बोरा

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट से संबंधित जनसंवाद के उद्देश्य से लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय पर बजट चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में वक्ताओं ने केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के बजट के प्रमुख प्रावधानों, नई योजनाओं तथा जनकल्याणकारी घोषणाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि प्रस्तुत बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट का विशाल आकार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है और यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम सिद्ध होगा। चौपाल में किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों तथा वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा की गई तथा उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक विवेक सिंह तोमर ने भी बजट की खूबियां गिनायी। जन संवाद चौपाल कार्यक्रम में घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, चन्द्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, अनुराग मिश्रा, सीबी सिंह, पृथ्वी गुप्ता, राघवराम तिवारी आदि मौजूद थे।

# बनकटाशिव में यज्ञ की तैयारी पूर्ण, वेदाचार्यो ,कथावाचकों भजन गायकों का होगा अनुपम संगम

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बनकटाशिव में छोटी गण्डक नदी के पावन तट पर श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित 15 फरवरी से 21फरवरी तक आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ के अवसर पर होगा विद्वानों वेदाचार्यो ,सहित कलाकारों का अनूपम संगम। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए आयोजक एवं रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर के प्रबन्धक प्रभात कुमार राय ने बताया कि 15 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए छोटी गण्डक नदी वापस आकर जल भरने के बाद यज्ञ स्थल पर समाप्त होगी ।भव्य कलश यात्रा में कई गांवों के श्रद्धालु पुरुष महिलाएं, युवक बड़ी संख्या में शामिल होंगे । 20फरवरी को सुबह विग्रह प्राण प्रतिष्ठा एवं 21फरवरी को यज्ञ की पूणार्हुति होगी ।यज्ञ मे प्रतिदिन दिन के1बजे से सायंकाल 5 तक अमृतमयी श्रीमद्भागवत के मर्मज्ञ कथावाचक लक्ष्मी प्रिया अयोध्या द्वारा किया जायेगा ।6बजे रात्रि से 9 बजे रात्रि तक भब्य भगवत संध्या का आयोजन होगा जिसमें मुख्य कलाकारों मे राजीव सिंह मधुबन बिहार ,17 फरवरी को स्वाति मिश्र मुम्बई, 18 फरवरी को सुधीर व्यास उज्जैन मध्यप्रदेश 19 फरवरी को बृजभूषण एवं दर्शना वृन्दावन मथुरा , 20 फरवरी को कविता पाण्डेय एवं शोभिता पाण्डेय पटना बिहार भजन संन्ध्या मे जलवा बिखेरेगें ।श्री राय ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कालेज के पीछे व्यवस्था की गयी है ।आयोजन के मुख्य यजमान डाँ रंगनाथ त्रिपाठी होगें मुख्य संरक्षक कौशलेंद्र दास पौहारी महराज पैकौली कुटी देवरिया होगें ।यज्ञ ऐतिहासिक होगा और क्षेत्र के लिए एक यादगार बनेगा । आयोजक प्रभात कुमार राय ने क्षेत्रीय जनता यज्ञस्थल से थोडी दूरी पर बिहार के लोगों सहित जनपदवासियों एवं मण्डल के सनातन धर्मावलम्बियो को यज्ञ मे भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

# कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

**पत्रांक 1069 / नि०सू० / जि०पं०बह० / 2025-26** **दिनांक 10 फरवरी, 2026**

**-: निविदा सूचना :-**

पूर्वाचल विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) की धनराशि से स्वीकृत निम्नलिखित परियोजना पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय कार्यालय जिला पंचायत बहराइच में आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अल्पकालिक आफलाइन निविदाएं दिनांक 27.02.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण उपरान्त दिनांक 27.02.2026 को ही अपरान्ह 3:30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 26.02.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच तथा कार्यालय जिलाधिकारी, बहराइच के न्यायालय सभाकक्ष से की जायेगी तथा उपरोक्त टेण्डर बिक्री के स्थान पर रखे गये टेण्डर बाक्स में टेण्डर डाले जायेंगे। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सभी कार्यों को पूर्ण करने की अवधि तीन माह होगी। निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राक्कलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का बिचलन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। परियोजनाओं / कार्यों का विवरण निम्नलिखित हैः-

| क्र.सं. /ला.स. | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी० में) | लागत (रू. में) जी.एस.टी. रहित | 2 प्रतिशत अग्रिम / धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क GST सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| (अ)अनुदान संख्या - 40 ( सामान्य मद) | | | | | | |
| 1 | तेजवापुर | ग्रामपंचायत हुसैनपुर के मजरा कुड़वा में मोहनलाल गौतम के घर से मैकूलाल गौतम के घर की तरफ डामर रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 145 | 757500 | 15150 | 236 |
| 2 | महसी | ग्राम पंचायत ऐरिया खास में आयुर्वेदिक अस्पताल से राजित राम कश्यप के घर की तरफ सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य। | 127 | 582100 | 11642 | 236 |
| 3 | महसी | ग्राम पंचायत हरदी गौरा के मजरा डिहवा में डामर रोड से ननकऊ कश्यप के घर की तरफ सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 780000 | 15600 | 236 |
| 4 | हुजूरपुर | ग्राम पंचायत रामपुर में मुंशीपुरवा में मुरली के घर से मथुरा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 721200 | 14424 | 236 |
| 5 | पयागपुर | ग्राम पंचायत कुशभौना में ट्रांसफार्मर के पास इण्टरलाकिंग से हरिओम तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 75 | 350550 | 7011 | 118 |
| 6 | पयागपुर | ग्राम पंचायत राजापुर कला में बभनपुरवा प्रा०विद्यालय से संगमलाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200 | 805600 | 16112 | 236 |
| 7 | हुजूरपुर | गाम पंचायत कटघरा कला के मजरा विशुनपुर में पेशकार के घर से बैजनाथ मोहन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 741000 | 14820 | 236 |
| 8 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत तिंगाई के मजरा सरजू शुक्लपुरवा में राममूर्ति शुक्ल के घर से कौशल शुक्ला के घर मार्ग पर सी.सी. कार्य। | 110 | 662900 | 13258 | 236 |
| (ब) अनुदान संख्या-83 ( ए०सी०पी० मद) | | | | | | |
| 9 | फखरपुर | ग्राम सभा बेहटाचूरामणि के मजरा तारापुरवा में कमलेश चौहान के घर से गुड्डू गौतम के घर होते हुए नानमून गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 129 | 600200 | 12004 | 236 |
| 10 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत तमाचपुर के चमरगढहिया में लक्ष्मन के घर के पास सड़क से मिश्रीलाल बहेलिया के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 170 | 786600 | 15732 | 236 |
| 11 | महसी | ग्राम पंचायत नकवा के मजरा चमारनपुरवा में मालती गौतम के घर से सनेही गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 63 | 300200 | 6004 | 118 |
| 12 | महसी | ग्राम पंचायत बकैना बाजार में भूप नारायन शर्मा के घर से गांवट स्थान तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 170 | 763135 | 15263 | 236 |
| 13 | पयागपुर | ग्राम पंचायत डेरवा हरवंशपुर में सत्यदेव मिश्र के घर के पास इण्टरलाकिंग से सी.सी. रोड होते हुए नकछेद के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200 | 800850 | 16017 | 236 |
| 14 | चित्तौरा | ग्राम पंचायत रसूलपुर सरैया में डामर रोड के अन्त से रामावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होते हुए गांव की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 105 | 483550 | 9671 | 118 |
| 15 | नगर क्षेत्र बहराइच | मोहल्ला बक्शीपुरा मेन रोड चन्द्रशेखर सिंह के आवास के बगल से विनय पाण्डेय के घर होते हुए रेलवे कालोनी बाउण्ड्री तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 70 | 427500 | 8550 | 118 |
| (स) 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) 2024-25 योजनान्तर्गत :- | | | | | | |
| 16 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत बौण्डी फतेउल्लापुर के रूकनापुर में माखनलाल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 80 | 825000 | 16500 | 236 |
| 17 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत बौण्डी फतेउल्लापुर के रूकनापुर में राजेश गोड़ के खेत से नहर तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 75 | 587600 | 11752 | 236 |
| 18 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत बौण्डी फतेउल्लापुर के रूकनापुर में राम गोपाल यादव के घर से बालकराम के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 80 | 825000 | 16500 | 236 |
| 19 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत बौण्डी फतेउल्लापुर के रूकनापुर में काशीराम की दुकान से ओंकार के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 80 | 838200 | 16764 | 236 |
| (द) 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) 2025-26 योजनान्तर्गत :- | | | | | | |
| 20 | जरवल | ग्राम पंचायत अटवा के मजरा अहिरनपुरवा में प्रवेश के घर से श्याम लाल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 100 | 761700 | 15234 | 236 |
| 21 | जरवल | ग्राम पंचायत अटवा के मजरा अहिरनपुरवा में गीतांजली दुध डेरी से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 90 | 650300 | 13006 | 236 |
| 22 | जरवल | ग्राम पंचायत अटवा के मजरा अहिरनपुरवा में जय करण लाल के घर से बलराम के घर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 90 | 695400 | 13908 | 236 |

**निविदा की मुख्य शर्ते :-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य बिड कैपसटी (Bid Capacity) तथा अन्य विभागों में प्राप्त / चालू कार्यों का विवरण नोटरी शपथ पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट / डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से ''अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच'' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर. / टी.डी.आर. जो राष्ट्रीयकृत / शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र (एन.एस.सी.) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ पृथक-पृथक संलग्न किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा ।निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र - 5 से जमा की जा सकती है।
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन (जो निविदा खुलने की तिथि में वैध हो) का चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र (टी - 6), पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा ।
4. शासनादेश संख्या 1791 / 33-26-2020 - 198जी / 2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी ।
5. शासनादेश संख्या 622 /23-12-2012-2आडिट / 08टी.सी. -2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी । निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। समस्त निविदादाताओं / ठेकेदारों को निर्गत आदेश कार्यालय - ज्ञाप संख्या 459 / जि.पं./ नि.अनु./ 2024-25 दिनांक 06 नवम्बर, 2024 का अनुपालन किया जायेगा। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार / एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय को प्रथम ठेकेदार की जमानत, स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी।
7. शासनादेश संख्या 305/33- सेल/2019 दिनांक 26 फरवरी, 2019 के अनुसार सम्पर्क मार्गों का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 2 वर्ष निधारित है। 2 वर्ष के उपरान्त ही सम्बन्धित परियोजना पर निर्माण कार्य संतोष जनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी। यदि उक्त अवधि के दौरान मार्ग किन्हीं कारणों से क्षतिग्रस्त होता है तो ठेकेदार द्वारा अपने स्तर से ठीक करायी जायेगी।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बहराइच**

संक्षेप

## चौपहिया वाहन की चपेट में आकर मासूम की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू की मोहल्ला माझखोर निवासी संजय की मनोकामना एवम आशाओं पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उसका इकलौता लगभग सात साल का बेटा चार पहिया वाहन की चपेट में आकर मौत के मुंह में चला गया। बेटे की मौत से मां साधना पिता संजय और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।बालक का शव पोस्ट मार्टम के बाद जैसे ही घर पहुंचा पूरे कस्बे मे कोहराम मच गया और शोक फैल गया।परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार दबौली घाट पर कर दिया।मोहल्ला निवासी संजय ऊगू में रहकर खेती किसानी करते हैं। उनकी पत्नी साधना अपने पुत्र दीक्षांत को लेकर बंथरा में रहती थी और पुत्र को केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ा रही थी। दीक्षांत कक्षा दो का छात्र था।गुरुवार को दीक्षांत अपनी मां और नानी के साथ बनी बाजार गया था जहां अनियंत्रित कार ने सात वर्षीय दीक्षांत समेत चार पांच लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया था।घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया। दीक्षांत की मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। संजय अपने बेटे को पढ़ा लिखाकर उच्च पद पर पहुंचाना चाहता था लेकिन समय और नियति को कुछ और ही मंजूर था और उसका इकलौता बेटा असमय मौत की गोद में समा गया। कस्बा वासियों का कहना था कि संजय सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं और मेहनत करके अपने बेटे का भविष्य उज्वल बनाना चाहते थे लेकिन बेटे की मौत से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## शिकायत के बावजूद निर्माण, जिम्मेदार उदासीन

मौरावा।कस्बे के वार्ड नंबर छह में नलकूपसंख्या एक स्थित है इसी नलकूप की भूमि पर नगर पंचायत में कार्यरत चौकीदार तहजीब अलम ने मकान व दुकान का निर्माण कराया है वार्ड नंबर नौ के सभासद सुल्तान बेग ने निर्माण को अवैध बताकर एडीएम व मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निर्माण के ध्वस्तीकरणकी मांग की थी। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने भवन पर नोटिस चासपाकर चैकीदार तहजीब अलम को भु स्वामीत्व अभिलेख के साथ बुलाया गया था नगर पंचायत अधिनियम के तहत कार्यवाही करने का अलटीमेटम दिया गया था मगर बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई।ऐसे में कार्यवाही पर सवाल खडे हो रहे है।

## डीएम ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने तहसील लहरपुर क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन क्षेत्राधिकारी लहरपुर कार्यालय एवं पुलिस कर्मियों के आवासीय भवनों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के अनुरूप प्रगति तथा कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों के अनुसार ही कराए जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि भवनों का उपयोग शीघ्र शुरू हो सके। परिसर में निमार्णाधीन इंटरलॉकिंग, सीसी रोड और सेफ्टी टैंक आदि कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने गुणवत्ता को सर्वोपरि रखने पर विशेष बल दिया।

## भागवत कथा के महत्व को बताया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीयक्षेत्र में दो अलग अलग गांव नरीगाड़ा एवम तकिया निगोही में चल रही भागवत कथा में कथावाचको ने भक्तों को कथा सुनाते हुए भागवत कथा के महात्म्य को बताया। नरी गाड़ा में कथा व्यास नीरज स्वरुप ब्रह्मचारी ने श्री कृष्ण रूक्मिणी विवाह की कथा सुनाते कहा कि भाई के विरोध के बावजूद रूक्मिणी जी जो माता लक्ष्मी का अवतार थीं श्री कृष्ण से विवाह किया।वहीं तकिया मे चल रही कथा में आचार्य प्रेम सागर पाण्डे ने श्री कृष्ण की लीलाओं के उद्देश्य बताते हुए भक्ति के अनेक तरीके बताए ।नरी गाड़ा में सोनू और तकिया निगोही में अरूण पाण्डेय ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था की।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में विलंब और नियमविरुद्ध दंडात्मक कार्यवाहियों के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों का 15-15 दिन का वेतन मनमाने ढंग से काटा जा रहा है।किसी एएनएम के विरुद्ध त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जा रही है, जो संविदा नियमावली के विपरीत है। वहीं सीएचसी स्तर की कमियों के लिए केवल बीपीएम को जिम्मेदार ठहराकर माह में दो बार वेतन कटौती करना भेदभावपूर्ण बताया गया।संघ का कहना है कि किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई से पहले चेतावनी पत्र जारी कर सुधार का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि वेतन कटौती, टर्मिनेशन और इंक्रीमेंट रोकने जैसी कार्यवाहियां निष्पक्ष जांच के बाद ही की जाएं। चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. पीयूष बाजपेयी,अमित शर्मा, डॉ. ओ.एन०वर्मा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, बीपीएम अनुज तिवारी, कोहिनूर सिंह,राहुल बाजपेयी, बीसीपीएम शम्भू दयाल, सीएचओ संघ से अतुल पाण्डेय, राम बाबू सहित कई कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे।

## चौरासी कोसी परिक्रमा पथ बदहाल उठ रहे व्यवस्था पर सवाल



सीतापुर।सनातन धर्म में अत्यंत पावन मानी जाने वाली चौरासी कोसी परिक्रमा आरंभ होने में अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं।

84 कोस (लगभग 252 किलोमीटर) की यह परिक्रमा प्रभु श्रीराम की तपोभूमि अयोध्या से जुड़ी हुई है और इसका उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। मान्यता है कि इस परिक्रमा को पूर्ण करने से श्रद्धालु को आध्यात्मिक शुद्धि, पापों से मुक्ति और पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है। देश-विदेश से हजारों साधु-संत, श्रद्धालु और रामभक्त इस दिव्य यात्रा में सम्मिलित होते हैं।किन्तु इस बार परिक्रमा का प्रथम पड़ाव कोरौना गांव बदहाली का शिकार नजर आ रहा है।गांव की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।18 फरवरी को होने वाले रात्रि विश्राम के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है।अतिक्रमण के कारण व्यवस्था सीमित हो गई है, जबकि आसपास के खेतों में गन्ना व गेहूं की फसल खड़ी है।श्रद्धालुओं के लिए केवल आम की बागें ही सहारा बची हैं।जिनमें अब भी कंटीले तारों की घेराबंदी है।वाराह कूप जाने वाला मार्ग कीचड़ से सना पड़ा है और रास्ते के दोनों ओर कंटीले तार लगे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। गांव में बना हैंडपंप भी बंद पड़ा है, जिससे पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है।इतनी विशाल और ऐतिहासिक परिक्रमा, जिसकी महिमा युगों से गाई जाती रही है, उसके प्रथम पड़ाव की यह स्थिति प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।यदि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी असुविधा झेलनी पड़ सकती है, जो उनकी आस्था पर सीधा आघात होगा।

## मनरेगा पर कटौती के आरोप कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

फतेहपुर। खागा कस्बे में कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार की मनरेगा योजना को कमजोर करने के खिलाफ 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत भव्य पदयात्रा का आयोजन किया।इसमें महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिला कांग्रेस प्रभारी कनिष्क पांडेय, अध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा का विवरणपदयात्रा त्रिलोचनपुर से शुरू होकर कस्बा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए लगभग 8 किलोमीटर लंबी रही।यात्रा के दौरान जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं, जहां ग्रामीणों, मजदूरों व महिलाओं को मनरेगा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता की।नेताओं के बयानमहेश द्विवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार बजट कटौती व योजना का स्वरूप बदलकर मनरेगा को समाप्त करने का षड्यंत्र रच रही है।हेमलता पटेल ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कमजोर न होने देने का संकल्प लिया।कनिष्क पांडेय ने मजदूरों के हक की रक्षा व योजना को मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की।प्रमुख भागीदारयात्रा में उपाध्यक्ष रामनरेश, अतुल पासवान, कल्लू कोरी, देवी प्रसाद दुबे, संयोगिता, हसीना, कलीम उल्ला, सुधीस पांडेय, अकरम खान, गुफरान सहित जिले भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।महिलाओं की भारी भागीदारी ने आंदोलन को मजबूती दी।समापन पर गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।राष्ट्रीय संदर्भयह पदयात्रा कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान का हिस्सा है, जो जनवरी से चल रहा है।

## एसएमसी सदस्यों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। ब्लॉक सभागार में जन पहल के अंतर्गत विकास खण्ड के समस्त विद्यालयों से एसएमसी अध्यक्ष और सचिवो का एक दिवसीय प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।एक दिवसीय प्रशिक्षण में खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार, उपस्थिति एवं ठहराव, शारदा कार्यक्रम, वित्तीय दायित्व, विद्यालय विकास एवं रखरखाव, पोषण युक्त मिड-डे-मील आदि के सुंदर, सुव्यवस्थित, सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन में विद्यालय प्रबंध समिति की विशेष भूमिका रहती है।इस हेतु यह प्रशिक्षण उनकी सशक्त भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध करता है।बाल संसद, मीना मंच, शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा, सहभागिता एवं समानता का अधिकार, मानक के अनुसार पोषणयुक्त मिड-डे-मील, विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल एवं दायित्व, विद्यालय विकास योजना एवं प्रबंधन, वित्तीय दायित्व, शारदा कार्यक्रम, ऑपरेशन कायाकल्प, बाल श्रम रोकथाम, बच्चों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, अभिभावक एवं सामुदायिक भागीदारी आदि बिंदुओं पर विस्तृत उपयोगी जानकारी दी गई।उक्त प्रशिक्षण प्रवीण कुमार, संतोष श्रीवास्तव, हरिकिशोर मिश्र एवं मनोज पटेल द्वारा दिया गया।

## विकास परियोजनाओं की प्रगति पर कड़ी नजरः डीएम



फतेहपुर। जिले में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने शासन की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं और निमार्णाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता पर कड़ा निर्देश दिया गया।

मुख्य निर्देश जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आदेश दिया। लाभार्थी योजनाओं के आवेदनों का निर्धारित समय में निस्तारण सुनिश्चित करने तथा सीएम-डैशबोर्ड पर सही फीडिंग के लिए विभागाध्यक्षों को हिदायत दी। छात्रवृत्ति आवेदनों का तत्काल निपटारा और जीरो पावर्टी परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने पर जोर दिया गया।विशिष्ट विभागीय निर्देशडीसी एनआरएलएम को अधिक परिवारों को एसएचजी से जोड़ने और ब्लॉकवार समीक्षा जारी रखने को कहा गया।उप कृषि निदेशक को पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगाने के लक्ष्य पूरे करने के निर्देश।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के उच्चीकरण कार्य में देरी पर यूपी सीएलडीएफ के खिलाफ शासन स्तर पर पत्राचार और एक्सईएन से स्पष्टीकरण तलब।जिला पंचायत राज अधिकारी को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के आवेदनों का सत्यापन कर शीघ्र पूरा करने को कहा।जिला पूर्ति अधिकारी को डीसी मनरेगा से समन्वय कर अन्नपूर्णा भवन का निर्माण तेज करने का आदेश।विभागीय निरीक्षण और अपडेटसभी विभागों को निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने तथा पोर्टल पर भौतिक-वित्तीय प्रगति की अद्यतन जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए गए। गलत फीडिंग सुधार कर जनपद की रैंकिंग मजबूत करने पर बल दिया।

## किशोर की हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



असोहा, उन्नाव (वीओएल)।आरोपियो ने डेढ़ वर्ष पूर्व बालक की हत्या का बदला लेने के लिये मौत के घाट उतार दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुयी। जाजमऊ मे अंतिम संस्कार किया गया।थाना क्षेत्र के राधानगरी निवासी सूरज लोधी 16 वर्ष पुत्र रामकुमार का शव गुरुवार को घर से लगभग दो सौ मीटर दूर खेत के पास गड्ढे मे पड़ा मिला था। पिता रामकुमार ने सूरज के पारिवारिक चाचा कल्लू और उसके दो बेटों अरविंद और दीपक व कल्लू के दामाद सोहरामऊ क्षेत्र के आशाखेड़ा निवासी मोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।मौके पर पहुंचे सीओ तेज बहादुर सिंह ने एसओ फूल सिंह को घटना के जल्द खुलासे की बात कहीं थी।गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि के बाद नामजद आरोपियो कल्लू, अरविन्द और मोनू से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपियो ने बताया की सूरज ने बीती 6 जुलाई 2024 को कल्लू के दामाद मोनू के बेटे आशीष 9 वर्ष की पानी मे डुबोकर हत्या कर दी थी।बुधवार को सूरज गांव आया और गांव मे धमकी देने लगा की क्या कर लिया मेरा इसी से खुन्नस कहकर हम लोगो ने सूरज की हत्या का प्लान बनकर सूरज का पीछा करके रात मे गला दबाकर हत्या कर दी।पुलिस ने हत्या मे प्रयुक्त बाईक को भी बरामद कर लिया हैं।हत्या आरोपियो को पुलिस ने न्यायालय मे पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया हैं। जबकि दीपक अभी भी फरार हैं। सूरज का शुक्रवार को जाजमऊ मे अंतिम संस्कार कर दिया गया।सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया की फोरेंसिक साक्ष्यों और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियो को पकड़कर पूछा गया तो आरोपियो ने हत्या की बात कुबूल कर ली।बदला लेने की भावना से घटना को अंजाम दिया गया हैं।

## प्रधान प्रतिनिधि को फंसाने की साजिश नाकाम, दो आरोपी जेल भेजे गये

सीतापुर।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अपहरण और हत्या की सनसनीखेज सूचना ने पुलिस महकमे को अलर्ट कर दिया।हालांकि जांच के बाद पूरा मामला झूठा निकला और खुद के अपहरण व हत्या का नाटक रचने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शाहमहोली निवासी तौफीक ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके चाचा इस्लाम और भाई तहसीम का सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर बड़ागांव के पास नहर की पुलिया से अपहरण कर हत्या कर दी गई है।सूचना मिलते ही कोतवाली देहात इंस्पेक्टर अमर सिंह व सीओ सदर नेहा त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।परिजनों के हंगामे के बीच पुलिस ने जांच शुरू की।छानबीन में चैंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस्लाम और तहसीम ने गांव के प्रधान प्रतिनिधि से पुरानी रंजिश के चलते साजिश रची थी।आरोपियों ने नहर किनारे कार खड़ी कर उसमें खून के छींटे डाले, चाबी और मोबाइल छोड़ दिए, ताकि घटना असली लगे।बाद में परिजनों से झूठी सूचना दिलवाई गई।पुलिस ने दबिश देकर दोनों को नानकारी पुलिया के पास से बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने साजिश स्वीकार कर ली।थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

सीतापुर।रेउसा थाना क्षेत्र के छेदूदू पुरवा चंद्रसेनी गांव में शुक्रवार दोपहर एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई।घटना करीब तीन बजे की बताई जा रही है।परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मृतका की पहचान सुरजाना उर्फ अर्चना पत्नी ओमकार के रूप में हुई है।उसकी दो वर्षीय पुत्री है।सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया।मृतका के पिता पुत्तीलाल ने पति ओमकार, ससुर मथुरा समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## युवाओं को मिला राष्ट्रसेवा का संदेश



सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में रक्षा सेवाओं में संभावनाएंः राष्ट्र के युवाओं के लिए एक आह्वान विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे संस्थान के मेपल हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा 12 के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।कार्यशाला के मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल प्रखर त्रिपाठी रहे, जिन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को सेना में करियर की संभावनाओं से अवगत कराया।उन्होंने एनडीए, सीडीएस सहित विभिन्न प्रवेश मार्गों, प्रशिक्षण अकादमियों की संरचना और चयन प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी।अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व, साहस और समर्पण को सफलता की कुंजी बताया।प्रधानाचार्य ने कर्नल त्रिपाठी के अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

## 5100 दीपों के साथ उतारी मां गंगा की आरती

जिला संवाददाता(vol)



पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी स्थल बक्सर घाट पर गुरूवार की शायं ऋत फाऊंडेशन के संस्थापक अनुराग त्रिवेदी द्वारा इक्यावन सौ दीपों प्रज्वलित कर भव्य गंगा आरती का शुभारंभ किया गया।जिसमे हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रध्दालु इक्ट्ठा होकर दीप प्रज्वलित किया।

इस अवसर पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरण भी किया गया। अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि यह आरती अनवरत चलती रहेगी। माह में एक बार भव्य गंगा आरती का भी आयोजन होगा।वह ऐसे धार्मिक आयोजन समय समय पर करते रहेंगे।जिससे भारतीय संस्कृति की परंपरा बनी रहे। उन्होने ऐसे आयोजन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होने मां तीन माह के भीतर भगवंतनगर विधानसभा में छह एम्बुलेंस समेत अन्य कई सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। इस अवसर पर विकास मिश्रा,मुन्ना सिंह, आंशू बाजपेई, पप्पू त्रिवेदी, विनय तिवारी, युवा समाजसेवी अंकित पांडेय, गुड्डू शुक्ला, मनोज शुक्ला, विकास मिश्रा, भुल्लू यादव, संतोष यादव मजीत अहमद, विनय तिवारी संतोष निषाद पंकज दुवेदी, डिंपल, मोहित दुवेदी ,समेत कई क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती व दीपदान कराया।

## उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवकाश प्रकरणों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज

उन्नाव।पूर्व में अवकाश स्वीकृति के सैकड़ों प्रकरण लंबित होने की स्थिति से शिक्षक, कर्मचारियों में चिंता का माहौल था।सीसीएल, अर्जित अवकाश, मातृत्व अवकाश तथा चिकित्सकीय अवकाश से जुड़े लगभग 200 मामले मानव संपदा पोर्टल पर लंबित पड़े थे, जिससे समय पर स्वीकृति न मिलने के कारण व्यक्तिगत और शैक्षणिक दोनों स्तरों पर समस्याएँ उत्पन्न हो रही थीं।इस गंभीर स्थिति को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश जारी किए।निदेर्शों के क्रम में अब प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके स्तर से लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा की जा रही है और प्रतिदिन प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।इधर, शिक्षकों का कहना है कि समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई से ही लंबित प्रकरणों का समाधान संभव है। प्रशासनिक सक्रियता से सुधार की उम्मीद है, जिससे शिक्षा व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी।

## तुगलकी फरमान, शिक्षिकाओं के अवकाश अनावश्यक अग्रसारित न करने के निर्देश

उन्नाव।एक तरफ बीएसए ने अवकाश प्रक्रिया निस्तारित करने की बात कही है। दूसरी तरफ शाम को अचानक से जारी आदेश ने कही न कही उनकी दोहरी कार्यशैली को उजागर कर दिया।पत्रकार द्वारा सवाल किए जाने के बाद बीएसए ने एक विशेष आदेश आनन फानन में जारी कर दिया। जिसमें उनके द्वारा विशेष तौर पर महिला शिक्षको को इंगित करते हुए एक आदेश जारी किए गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वर्तमान समय में चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान, बोर्ड परीक्षाओं एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षिकाओं के बाल्य-देखभाल (सीसीएल) अवकाश आवेदन अनावश्यक रूप से अग्रसारित न किए जाएं।जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि केवल विशेष अथवा अतिआवश्यक परिस्थितियों (कम से कम दिवसों की अवधि) में ही ऐसे अवकाश प्रकरणों पर विचार किया जाए।सामान्य परिस्थितियों में आवेदन अग्रसारित करने से परहेज करने को कहा गया है, ताकि विद्यालयों का संचालन प्रभावित न हो।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शलेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा जारी इस आदेश की प्रति संबंधित उच्चाधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हलचल देखी जा रही है।

## भजनों और लोकगीतों से गूंजेगा नैमिष धाम



सीतापुर। पावन तीर्थ नैमिषारण्य की दिव्य धरा एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक वैभव के अद्भुत संगम की साक्षी बनने जा रही है। विश्व प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा इस वर्ष केवल श्रद्धा और भक्ति का महापर्व ही नहीं होगी, बल्कि लोककला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत का विराट उत्सव भी बनेगी। हर वर्ष की भांति इस बार भी देश-विदेश से हजारों साधु-संत, श्रद्धालु और रामभक्त इस पावन यात्रा में सम्मिलित होंगे।किंतु इस बार परिक्रमा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं को एक नया और अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त होगा।

भक्ति के साथ-साथ लोकसंस्कृति की सुरमई फुहारें परिक्रमार्थियों की थकान हरेंगी और उनके मन को भक्तिरस से सराबोर करेंगी। परिक्रमा के संयोजक स्वामी विमलानंद सरस्वती ने बताया कि इस वर्ष यात्रा को अधिक गरिमामय और स्मरणीय बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।संस्कृति विभाग के सहयोग से परिक्रमा मार्ग के प्रमुख पड़ावों पर ह्लसांस्कृतिक संध्याह्व का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से लोकगीत, भजन और पारंपरिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं के भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार होगा। संध्या ढलते ही जब दीपों की आभा और भक्ति का वातावरण एकाकार होगा, तब लोकस्वरों की गूंज श्रद्धालुओं को एक अलौकिक अनुभूति प्रदान करेगी। इस सांस्कृतिक महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेंगी सरिता तिवारी, जो आकाशवाणी की सुप्रसिद्ध लोकगीत एवं भजन गायिका हैं। अपनी मधुर, भावपूर्ण और सुरमयी आवाज के लिए जानी जाने वाली सरिता तिवारी अवध अंचल की लोक परंपराओं को सजीव कर देंगी। उनके लोकगीत श्रद्धालुओं को अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति और अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेंगे। साथ ही देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक भी इस परिक्रमा में देखने को मिलेगी।लोक कलाकार विक्रम बिष्ट अपनी टीम के साथ उत्तराखंड का प्रसिद्ध लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। पर्वतीय लोकनृत्य की उमंग, रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप नैमिष की पावन धरती पर एक अलग ही छटा बिखेर देगी।इसके अतिरिक्त भजन गायिका आयुषी पांडे सहित अन्य कलाकार अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे।उनके भजनों की मधुर ध्वनि परिक्रमा मार्ग को पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित कर देगी। 84 कोसी परिक्रमा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण और आध्यात्मिक उत्थान की यात्रा मानी जाती है।ऐसी पावन यात्रा में जब लोककला और संगीत का समावेश होता है, तो उसका प्रभाव और भी गहरा हो जाता है।

## जिला अस्पताल में हार्निया के बढ़े मरीज



उन्नाव (वीओएल)।जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों में बुखार,जुकाम, खांसी,जैसी बीमारियों के साथ जिला अस्पताल के सर्जरी विभाग में हार्निया की समस्या के भी मरीजों की संख्या बढ़ी है।वरिष्ठ परामर्शदाता सर्जन डॉ संजय वर्मा ने बताया ज्यादातर हार्निया बच्चों,और नवयुवक उम्र तक के लोगों में देखा जा रहा है।शुरूआत में तो यह समस्या छोटी लगती है।इलाज में लापरवाही से यह बड़ा रुप ले लेती है।सर्जरी विभाग में बीते तीन माह में लगभग हार्निया के 55 मरीजों के सकुशल ऑपरेशन वरिष्ठ परामर्शदाता सर्जन डॉ संजय वर्मा द्वारा किए गए। ऑपरेशन के बाद सात दिन में मरीज ठीक हो जाता है। हार्निया में लापरवाही खतरा बन सकती है।चिकित्सक से परामर्श लेकर समय पर इलाज कराना चाहिए।

### हार्निया से बचाव के उपाय

-मोटापा पेट की मांसपेशियों पर दबाव डालता है,इसलिए वजन को नियंत्रित रखना बहुत आवश्यक है। -यदि कोई भारी वस्तु उठानी ही पड़े,तो कमर के बजाय घुटनों को मोड़कर पैरों की ताकत से उठाएं।-कब्ज के कारण मल त्यागते समय जोर लगाने से हार्निया का खतरा बढ़ता है।इसके लिए फल,सब्जी,और साबुत अनाज खाएं। -नियमित रुप से कोर स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज (जैसे योगासन,प्लैंक) करने से पेट दिवारें मजबूत होती हैं। -धूम्रपान से पुरानी खांसी हो सकती है और ऊतक कमजोर हो सकतें हैं।जो हार्निया के कारण है।-यदि लगातार खांसी या छींक आ रही है,तो डॉक्टर से सलाह लें, क्योंकि यह पेट के अंदर दबाव बनाता है। -हार्निया के शुरूआती लक्षणों जैसे पेट के निचले हिस्से या पेट में सूजन, गांठ या दर्द को अनदेखा न करें।

## सड़क हादसे में नैमिषारण्य जा रहे दो साधु घायल

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के नहर चौराहे पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो साधु घायल हो गए।दोनों साधु कन्नौज से पवित्र तीर्थ स्थल नैमिषारण्य दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार मारुति वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान गौरत्वनाथ और दिनेश के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।प्राथमिक उपचार के बाद गौरत्वनाथ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि दिनेश का उपचार सीएचसी में जारी है।

संक्षेप

## सूचना के अधिकार का सदुपयोग अपेक्षित

देवरिया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने सूचना अधिकार का सदुपयोग अपेक्षित है। इसके दुरुपयोग से विसंगतियों को ही बढ़ावा मिलता है। जरूरतमंदों को ही इस अधिकार का अधिकतम लाभ मिलना चाहिए। देवरिया लोक निर्माण निरीक्षण भवन में राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक अधिकार में कर्तव्य भी समाहित होता है। आवेदक का अधिकार है कि वह सूचना मांगे। इसके साथ ही उसका यह कर्तव्य है कि सूचना निहित स्वार्थ से प्रेरित ना हो। यह अधिकार किसी निर्दोष की परेशानी का कारण नहीं बनना चाहिए। जबकि जन सूचना अधिकार कर्तव्य है कि वह तीस दिन की समय सीमा में सूचना प्रदान करें। रसूचना प्रदान करने का निर्देश दिया। कहा कि जो सूचना देय नहीं है, उसका अधिनियम के अनुसार आधार बता कर अवगत कराना चाहिए। यह अधिनियम प्रजातंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की पवित्र भावना के अनुरूप बनाया गया है। इस भावना का सदैव ध्यान रखना चाहिए।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर व्यापक समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परिषदीय बोर्ड परीक्षाझ्र2026 को सकुशल, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी

● संबंधित विषय के शिक्षक उसी विषय की परीक्षा में कक्ष निरीक्षक नहीं बनेंगे

जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, कुशीनगर में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों के प्रबंधक/प्राचार्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा संबंधी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था शासन के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। प्रश्नपत्र प्राप्त होते ही उन्हें डबल लॉक अलमारी में सुरक्षित रखा जाए तथा डबल लॉक प्रणाली को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही संपादित की जाए। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें तथा उनकी रिकॉर्डिंग और लॉग बुक में अंकित विवरणों का शत-प्रतिशत मिलान किया जाए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रश्नपत्र खोलने की प्रक्रिया पर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय से पूर्व प्रश्नपत्र न खोले जाएं। प्रश्नपत्र खोलते समय सावधानी बरती जाए कि वे क्षतिग्रस्त न हों। किसी भी दशा में गलत प्रश्नपत्र न खोला जाए तथा शेष सामग्री का नियमानुसार सुरक्षित निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भरने की विधि के संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जाए, जिससे त्रुटियों की संभावना समाप्त हो सके। विद्यालयी



व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ एवं कार्यशील शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, पंखे एवं विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा आपात स्थिति के लिए वैकल्पिक बिजली व्यवस्था भी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिस विषय की परीक्षा होगी उस विषय से सम्बंधित अध्यापक की डियूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में नही होगी। दिव्यांग (विकलांग) परीक्षार्थियों के संबंध में विशेष निर्देश देते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे परीक्षार्थियों के लिए रैम्प की व्यवस्था, भूतल पर कक्ष आवंटन, पृथक शौचालय सुविधा तथा आवश्यकता अनुसार लेखक (स्क्राइब) की व्यवस्था शासनादेश के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। दिव्यांग परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाया जाए, ताकि वे बिना किसी बाधा के परीक्षा दे सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों पर इनविजीलेटर्स के साथ बैठक कर उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी जाएं। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि परीक्षा के दौरान किसी के पास मोबाइल पाया जाता है तो संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के दौरान प्राचार्यों द्वारा परीक्षा तैयारियों के संबंध में उठाई गई जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय एवं सजगता के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील केंद्रों की निगरानी एवं परीक्षा अवधि में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सभी परीक्षा केंद्रों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## बंश बहादुर मल्ल संगीत गायन श्री सम्मान से लखनऊ में सम्मानित होंगे लोक गायक राकेश उपाध्याय



बरहज, देवरिया। बीएनएम सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा लोकसंगीत गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु अंतर्राष्ट्रीय लोकगायक एवं सदस्य संतकबीर अकादमी राकेश उपाध्याय को वर्ष 2025 का बंश बहादुर मल्ल संगीत गायन श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 22 फरवरी को निराला सभागार, हिंदी संस्थान, हजरतगंज, लखनऊ में सम्मानित किया जायेगा उक्त आमन्त्रण राकेश को मेल एवं दूरभाष के माध्यम से संस्थान की ओर से प्राप्त हुआ है। राकेश उपाध्याय आकाशवाणी गोरखपुर से ए श्रेणी के लोकगायक हैं। वर्ष 2016 का उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के द्वारा मिल चुका है। भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद के इम्पैनल कलाकार राकेश अभी तक दक्षिण अफ्रीका, बैंकॉक, मस्कट ओमान, सिंगापुर एवं फिजी में अपनें शानदार लोकगायन की प्रस्तुति से भारत का नाम रौशन कर चुके हैं।

देवरिया जनपद के करौंदी भलुअनी के मूल निवासी राकेश उपाध्याय कोविड काल में सोशल मीडिया के विभिन्न मंचो द्वारा अपनी लाईव प्रस्तुतियों के माध्यम से जनमानस का मनोरंजन कराने का काम भी कर चुके हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय आज दिवंगत दारोगा के परिजनों से मिलेंगे

देवरिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय आज दिन शनिवार को समय सायं 5:30 बजे देवरिया के मूड़ाडीह गांव में आएंगे। दिवंगत दरोगा अजय कुमार गौड़ के परिजनों से मुलाकात करेंगे तत्पश्चात सायं 6:45 भटनी नगर पंचायत के हतवा टोला दिवंगत त्रिलोकी नाथ तिवारी के परिजनों से मुलाकात करेंगे, और शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने दी।

## ढाढा चीनी मिल द्वारा 29 जनवरी तक 199.34 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतानः आर के गुप्ता



कुशीनगर। अवध शुगर मिल ढाढा ने 29 जनवरी तक 199 करोड़ 34 लाख किसानों के खाते में भेज दिया। यह जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आर के गुप्ता ने दी है। कृषकों को 34 करोड़ 75 लाख, कसया समिति के कृषकों को 10 करोड़ 39 लाख, पडरौना गन्ना समिति को 61 करोड़ 16 लाख देवरिया गन्ना समिति को 20 करोड़ 85 लाख तथा गौरी बाजार गन्ना समिति के कृषकों को 6 करोड़ 44 लाख रुपए गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है कुल 13 गन्ना समितियो के कृषकों को 199 करोड़ 34 लाख गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना गेट परिक्षेत्र में गन्ना का क्षेत्रफल बढ़ाना चीनी मिल प्रबंधन की पहली प्राथमिकता है आप सभी से अपील है अधिक क्षेत्र में बसंत कालीन गन्ने की बुवाई करें तीन दिनों का भुगतान की कार्यवाही चल रही है ढाढा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह ने कृषकों को बताया कि अधिक उपज देने वाले प्रमुख प्रजातियां कोश 13235, को- 0118, को लख 14201, उड 16202, की बुवाई करें, जल भराव वाले खेतों में कॉप 9301 की बुवाई करें।

आज तक 61 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो चुकी है पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया गन्ने की दो लाइन के बीच खाली स्थान में अपनी सुविधा अनुसार प्याज, भिंडी, लोबिया, कोहड़ा, लौकी, खीरा आदि की सहफसली खेती करें इससे आय बढ़ेगी पेड़ी प्रबंधन करें।

# डीएम ने दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

देवरिया। 13 फरवरी ।महा शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के साथ प्राचीन दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर पहुँचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को

● श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के लिए दिए आवश्यक निर्देश

आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, दर्शन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, चिकित्सा एवं आपातकालीन सहायता, फायर




सेफ्टी, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने, मार्गों को अवरुद्ध न होने देने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इसके उपरांत आगामी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 14 फरवरी को सायं 7:00 बजे से मंदिर परिसर के पीछे स्थित सरोवर के निकट आयोजित विशेष शिव जागरण एवं महाप्रसाद (भंडारा) कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से सम्पन्न हो सके।

## सेवरही गन्ना शोध संस्थान से 8 जिलों को 3241 कुन्तल बीज गन्ना आवंटन

कुशीनगर। बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए गन्ना प्रजनन एवं संस्थान सेवरही कुशीनगर से 8 जिलो को 3241 कुन्तल अभिजनक (ब्रीडर सीड) बीज गन्ना, गन्ना आयुक्त कार्यालय लखनऊ से अपर गन्ना आयुक्त विकास एवं शोध समन्वय द्वारा आवंटन किया गया है। किसान अपने गन्ना पर्यवेक्षक से मिलकर बीज गन्ना लेकर बुवाई करें। यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। उन्होने बताया कि शीघ्र पकने वाली चार प्रजातियां को. शा. 17231, 13235, को. लख- 14201, यू.पी. 05125 तथा मध्य देर से पकने वाली दो प्रजातियां को. शा. 9232 व 10239 का आवंटन हुआ है।

इन जिलो को हुआ है आवंटन-देवरिया जनपद को 200 बलिया 20 कुन्तल, कुशीनगर को 640 कुन्तल, मऊ- 150 कुन्तल, आजमगढ़ 630 कुन्तल, गोरखपुर- 420 कुन्तल, बस्ती-781 कुन्तल तव्या महराजगज को 400 कुन्तल आवटन हुआ है। लक्ष्मीपुर कुशीनगर गन्ना शोध संस्थान के वरि. बैज्ञानिक डा. के. पी सिंह ने बताया कि इस केन्द्र से 2361 कुन्तल आवंटन हुआ है सेवरही गन्ना शोध संस्थान के संयुक्त निदेशक डा. सुवाष सिंह के अनुसार 32 लाख आंख गन्ना का अलग से आवट्न हुआ है जो किसान को 1.40 रुपया प्रति आंख की दर से दिया जायेगा। उप गन्ना आयुक्त देवरिया श्री ए. पी. सिंह ने सम्बंधित अधिकारियो को शत प्रतिशत उठान समय से कराने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ना कृषको को सलाह दिया कि बसंत कालीन गन्ने के साथ अपनी सुविधानुसार प्याज, मिण्डी, मूंग, लोभिया, कोहडा, लौकी आदि की सहफसली खेती अवश्य करें, इससे आय बढ़ेगी उत्पादन लागत घटेगा। मूंग का वीज कृषि विभाग दे रहा है। है। बकनहा गांव में चौपाल लगाया। तथा पेड़ी प्रबंधन पर विस्तार से बताया।

## जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता 16 को

कुशीनगर। संयुक्त निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा दिये गए निर्देश के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषयक जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।सदस्य जिला विज्ञान क्लब/जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि विज्ञान लोकप्रियकरण कार्यक्रम का उद्देश्य सामान्य जनमानस में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, दैनिक जीवन में वैज्ञानिक पद्धति को अपनाने के प्रति प्रेरित करना तथा समाज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में व्याप्त अंधविश्वासों एवं कुरीतियों के विरुद्ध वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा वैज्ञानिक चमत्कारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जाएगा। इसी क्रम में 16 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से हनुमान इंटर कॉलेज, पडरौना में जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए ह्वस्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवनह्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग/चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों से अपेक्षा की है कि वे अपने विद्यालय के अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।उक्त कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति जागरूकता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# हिंदू संगठनों के विरोध के चलते अंतरधार्मिक विवाह स्थगित

मेरठ। हिंदू संगठनों के विरोध और तनाव को देखते हुए एक हिंदू युवती को मुस्लिम युवक के साथ प्रस्तावित विवाह फिलहाल स्थगित करना पड़ा है। इसके बाद हिन्दू संगठनों ने उसी जगह पर महापंचायत बुलाने का ऐलान कर दिया, जहां विवाह होना था। इसके आलोक में पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मेरठ के गंगानगर क्षेत्र की निवासी युवती का विवाह शुक्रवार को गंगानगर-मवाना रोड स्थित एक रिसॉर्ट में होना तय था। विवाह के निमंत्रण पत्र भी छप चुके थे, लेकिन दूल्हे के नाम को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

कुछ हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि युवक की पहचान छिपाई गई और इसे कथित लव जिहाद का मामला बताया। संगठनों ने विवाह स्थल के बाहर महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की थी। विरोध की घोषणा के बाद स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ और स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। विवाद बढ़ने की आशंका के बीच रिसोर्ट प्रबंधन ने कार्यक्रम की बुकिंग निरस्त कर दी, जिसके बाद विवाह स्थगित कर दिया गया। युवती के चाचा ने युवक के खिलाफ धर्मांतरण और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए गंगानगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने नौ फरवरी को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिजीत कुमार ने बताया कि सभी तथ्यों की निष्पक्ष और विधिसम्मत जांच की जा रही है। विवाह कार्ड पर अलग-अलग नाम छपे होने और अन्य आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है। इस बीच, कुछ हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें महापंचायत रोकने के लिए नजरबंद किया गया है, हालांकि पुलिस ने हाउस अरेस्ट की बात से इनकार किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने कहा कि विवाह कार्ड में दूल्हे का नाम साहिल छापे जाने और बाद में युवक का अन्य नाम शाहवेज सामने आने से संदेह की स्थिति बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी व्यक्ति की पहचान के संबंध में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है तो यह गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

सिरोही ने यह भी दावा किया कि विवाह स्थल पर हिंदू महापंचायतबुलाने का उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना था। उनके अनुसार, महापंचायत का मकसद प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना और संभावित अनियमितताओं पर सवाल उठाना था। हम कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखना चाहते हैं। उन्होंने युवती के बौद्ध धर्म अपनाने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में उसके घर पर पूजा-पाठ और माता की चौकी का आयोजन हुआ था, जिसका वीडियो मौजूद है। यदि युवती बौद्ध धर्म मानती है तो इसके प्रमाण सामने आने चाहिए। वहीं, युवती ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह बालिग है और अपनी इच्छा से विवाह कर रही थी। उसने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वह पिछले कई वर्षों से युवक को जानती है और विवाह दोनों परिवारों की जानकारी में तय हुआ था। युवती ने राज्य सरकार से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। युवती ने कहा कि कुछ लोग गुंडागर्दी पर उतर आये हैं। बिना किसी चीज को जाने-पहचाने, उन्होंने इस मामले को तूल दे दिया। अगर किसी को कोई समस्या थी तो मेरे अलावा मेरी माता से आकर मिलते। पूरे मामले की पहले जांच करते कि क्या सही है, क्या गलत है। उन्होंने शादी के कार्ड के डबल नाम को लेकर भी अफवाहें फैला दी कि उसने नाम छिपा कर मुझे दोस्ती की है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। उसका साहिल नाम मेरी मां ने निकनेम के तौर पर दिया था, लेकिन लोगों ने इसको धर्मान्तरण से जोड़ कर इसे लव जिहाद बता दिया, जबकि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। मैं बालिग हूं और अपनी मर्जी से शादी कर रही हूं।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित प्रतिभागियों का हुआ सम्मान



देवरिया। आज को इन्दिरा गांधी बा० इ० कालेज टाउन हाल देवरिया में आकांक्षा समिति देवरिया द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से 25-25 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग लिए प्रथम, दितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रत्येक विद्यालय से चुने गये छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा (अध्यक्ष आकांक्षा समिति) द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया जिसमें आकांक्षा समिति की सचिव श्रीमती भारती शुक्ला, कोषाध्यक्ष मोनिका अरोरा, डा० शशिप्रभा गुप्ता, सुशीला विश्वकर्मा, प्रियंका सिंह, ऋचा सिंह, माया त्रिपाठी, अर्शिया रहमान, दिशा छापड़िया, माया त्रिपाठी 2, सुधा तिवारी, ऊषा मणि त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, रेनू त्रिपाठी, प्रियंका जोशी, शीला श्रीवास्तव, कृति श्रीवास्तव आदि सदस्य की उपस्थिति में चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं गरिमा चौहान कक्षा 5, कृष्णा कुमार कक्षा 4, दीपक कुमार कक्षा 3 शिशु मन्दिर मांटेसरी स्कूल, सलोनी कन्नौजिया, तेजस्वी सहगल, रेनू जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों के लिए आयोजित रोजगार मेला



बहराइच। जिला उद्योग केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में दिव्यांगजन के लाभार्थ रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग करते हुए आठ दिव्यांगजनो को कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर लेटर वितरित किया गया साथ ही छः दिव्यांगजनों का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। रोजगार मेले में आये हुए दिव्यांगजनो को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने मेला आयोजन में सहयोग करने वाले विभागों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि निरन्तर अन्तराल में शिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सेवायोजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यदेशक श्रीमती अनुसूईया, जिला प्रबन्धक रवि पाठक, डी.पी.एम. भानु प्रताप, अनुदेशक अर्पित मौर्य, राहुल बाजपेयी व निरंजन लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गरीब, असहाय व जरुरतमंदों की समस्याओं का उनकी संतुष्टि के आधार पर हो निस्तारणः डीएम

ललितपुर। गरीब, असहाय व जरुरतमंदों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले, इसके लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश नियमित रुप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूरदराज से आने वाले फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराते हैं, जिलाधिकारी का कहना है कि पीढ़ित की समस्या का समाधान उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए, इसके लिए उन्होंने अपने अधीनस्त अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर दिये हैं।



इसी के क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने अपनी नियमित जनसुनवाई में अनेकों फरियादियों की समस्याओं का सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर ही निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर जनता को राहत देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी निर्देश जारी किये हैं कि वंचित ग्रामों में अपने विभागीय कैम्प लगाकर पात्रों का चयन करें और प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलायें। इसके अलावा जिलाधिकारी जिले के सहरिया बाहुल्य ग्रामों के बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए उन्होंने अभिनव पहल शुरू करते हुए ऐसे ग्रामों को चिन्हित कर वहां कैम्प लगवाकर 300 से अधिक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जारी कराये हैं, जिससे अब इन बच्चों को विद्यालयों में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा और उनके अन्य जरुरी दस्तावेज भी तैयार हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने जिले का पदभार संभालते ही यहां के विकास का रोडमैप तैयार कर लिया था, जिसमें उन्होंने जनपद के सबसे पिछड़े इलाकों को सम्पर्क मार्ग के जरिए ग्राम पंचायतों से जोड़ने का कार्य प्रारंभ कराया, इसके साथ ही उन्होंने नगर के भीतर की मुख्य सड़क का चैड़ीकरण कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया।

## कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम, निकली पद यात्रा

जिला संवाददाता

देवरिया। जनपद में रामपुर कारखाना क्षेत्र के गोरया घाट ग्राम पंचायत में महात्मा बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा का शुभारंभ कांग्रेस जनों ने किया। इस यात्रा के जरिए कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम ग्राम पंचायत गोरया घाट में चौपाल लगाकर मजदूरों की लड़ाई लड़ने की बात कही। इसी क्रम में पदयात्रा विशुनपुर कला, लाहिलपार, महुआनी चौराहा होते हुए बड़हरा चौराहे पर नुक्कड़ सभा कर पदयात्रा नगर पालिका परिषद स्थिति महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया गया।

जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी मनरेगा बचाओं संग्राम यात्रा निकाली गई है। जिसमें कांग्रेस जनों के साथ क्षेत्र के आमजन भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है मैं जिला कांग्रेस कमेटी के तरफ से सबका हार्दिक स्वागत करता हूं। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने आगे कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है। अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नही रहेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा के प्रभारी अंशु मणि त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा योजना में किए गए बदलावों और मनरेगा योजना के अंतर्गत आने वाले मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचार और शोषण के लिए कांग्रेस गांवों में चौपालों के माध्यम से मनरेगा मजदूरों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अब आप कहां और क्या काम करेंगे, यह मोदी सरकार अपने पसंदीदा ठेकेदारों के माध्यम से मनमाने ढंग से तय करेगी।

किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से मनरेगा को को खत्म कर मजदूरों को बेरोजगार बना रही है इसके परिणाम स्वरूप आने वाले दिनों में भुखमरी दर की बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा अंशु ने कहा कि अब आपको किसी मेट या रोजगार सहायक का सहयोग नही मिलेगा। पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि ने कहा कि भाजपा सरकार देश के गरीब मजदूरों, युवाओं का शोषण कर रही हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिहर त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद ने कहा कि इस पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और मजदूर शामिल हुये।

इस दौरान नागेंद्र शुक्ला, वरुण राय, जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, दीनदयाल प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, मनोज मणि, आनन्ददेश्वर सिंह, रामप्रवेश सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, रजनीश प्रसाद, मधु शर्मा, शहनाज जफर, निर्मला वर्मा, विजय शंकर मिश्रा, रीता देवी, ऋषिकेश मिश्रा, जवाहरलाल चौहान, पन्नालाल पाठक, परमानंद प्रसाद, सोहन मिश्रा, व्यास दुबे, राजकुमार यादव, बदरे आलम, प्रेमलाल भारतीय, बब्बन कुशवाहा, मेराज मुबारक, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक 18 फरवरी को

बहराइच। जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक 18 फरवरी 2026 को सांय 05:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवनिर्मित एवं निमार्णाधीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों के निर्माण की प्रगति/निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की प्रगति, एस.एफ.सी. पूलिंग की अद्यतन प्रगति, हरा चारा उत्पादन व सी.सी. कैमरे संचालन इत्यादि की समस्त सूचनाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# खेल में नापाक सियासत

अपनी हरकतों से दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका पाकिस्तान अब लगता है खेल की दुनिया में भी किनारे लगना चाहता है। इसीलिए वह ऐसी हरकतें कर रहा है, जो न सिर्फ उसके बर्ताव पर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं बल्कि खेल में सियासत करने की उसकी हरकतों को भी उजागर करता है। क्रिकेट में भी उसने मुस्लिम उम्मा घुसाने की कोशिश की लेकिन पूरी तरह फ्लाप रहा। दरअसल अब पाकिस्तान की यही नियति है। उसे इसी तरह धूल चाटना पड़ता है। उसने सिर्फ बांग्लादेश की पैरोकारी और अंततः 'मुस्लिम ब्रदरहुड' की खातिर टीम इंडिया से मैच खेलने का बहिष्कार किया था। यह टी-20 विश्व कप का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का आयोजन है। पाकिस्तान हो या कोई अन्य देश हो, इस आयोजन के बेमानी बहिष्कार के मायने गंभीर और संवेदनशील होते हैं। देश अपनी पहचान तक खो सकते हैं, लंबी पाबंदियां झेलनी पड़ सकती हैं और आर्थिक नुकसान असहनीय होता है। पाकिस्तान ने 1970-71 के दौर में बांग्लादेश के 'मुक्ति संग्राम' के दौरान लाखों बेगुनाह लोगों की लाशें बिछाई थीं, औरतों के साथ वहशी बलात्कार किए गए थे, बच्चों के कत्लेआम किए गए थे, बांग्लादेश उस दौर को कैसे भूल सकता है? पाकिस्तान के साथ नए रिश्तों की पींगें कैसे बढ़ा सकता है? कोई तानाशाह, संवेदनहीन व्यक्ति भी इन सवालों के जवाब नहीं दे सकता। बहरहाल पाकिस्तान की विडंबना देखिए कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी ऐलान किया था कि उनकी क्रिकेट टीम भारत के साथ मैच नहीं खेलेगी, लेकिन दो दिन बाद ही उन्हें अपनी नौटंकी वापस लेनी पड़ी कि दोस्तों का आग्रह है, लिहाजा 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच में उनकी टीम खेलेगी। कितना बौना, असहाय, नासमझ है पाकिस्तान का वजीर-ए-आजम! यह बौनापन इसलिए भी गौरतलब और चिंतनीय है, क्योंकि पाकिस्तान का 'संवैधानिक शाह'




जनरल मुनीर और उसके साले, पाक गृहमंत्री, पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंदरूनी तौर पर चाहते थे कि भारत के साथ मैच खेला जाना चाहिए। लिहाजा कुछ शर्तों का भी ढोंग किया गया। मसलन- आईसीसी निर्देश दे कि भारत-पाक द्विपक्षीय शृंखला खेली जाये। बेशक शृंखला का आयोजन किसी तटस्थ मैदान पर किया जाए। आईसीसी भारत, पाक, बांग्लादेश क्रिकेट की त्रिपक्षीय शृंखला के लिए भी निर्देश दे। यह भी शर्त रखी गई कि टीम इंडिया बांग्लादेश का दौरा करे। गौरतलब यह है कि आईसीसी ने तीनों ढोंगिया शर्तें खारिज कर दीं और साफ किया कि यह उसका विशेषाधिकार नहीं है। आईसीसी ने भारत के साथ मैच खेलने का पाकिस्तान का आखिरी फैसला जानना चाहा। ये औपचारिकताएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर करनी जरूरी हैं। अलबत्ता पीसीबी को आगाह किया गया कि यदि मैच का बहिष्कार किया जाता है, तो उसे करीब 315 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ सकता है। पाकिस्तान पर कई पाबंदियां थोपी जा सकती हैं। आईसीसी मैचों की मेजबानी की सूची से उसे बाहर किया जा सकता है। पाकिस्तान को कुल करीब 1000 करोड़ रुपये की चपत लग सकती है। आखिर भूखा, नंगा, कटोरा देश इतने बड़े नुकसान की भरपाई कैसे कर सकता है? सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, तुर्किए सरीखे देशों ने 'उधारी' देने से इंकार कर दिया है, बल्कि चीन तो कर्ज के पैसे वापस मांग रहा है। ऐसे हालात के तहत घबराते, डरते, कांपते हुए पीसीबी को मैच खेलने की हामी भरनी पड़ी। आईसीसी ने इतना जरूर माना कि टी-20 विश्व कप से हटने पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर कोई जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। सहमति यह भी बनी कि 2031 से पहले बांग्लादेश किसी आईसीसी आयोजन की मेजबानी करेगा। दरअसल यह विषय इसलिए बेहद गंभीर है, क्योंकि आईसीसी के राजस्व में से मात्र 6 फीसदी से भी कम हिस्सा पीसीबी का है, जबकि बीसीसीआई को 38 फीसदी हिस्सा दिया जाता है। यह भी एक कारण था, जो आईसीसी पाकिस्तान के बहिष्कार से नाराज थी। हालांकि पीसीबी ने 15 फरवरी का मैच कोलंबो (श्रीलंका) में खेलने की रजामंदी दे दी है। इस तरह पाक को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी है।

विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

-स्वामी विवेकानन्द.

# भारत के साथ सुधरेंगे बांग्लादेश के रिश्ते



विजय कपूर



जनरल जिया-उर-रहमान व खालिदा जिया के 60-वर्षीय बेटे तारिक रहमान 17-साल तक निर्वासन में रहने के बाद स्वदेश लौटे, चुनाव लड़ा और अब वह बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनके बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) गठबंधन ने 12 फरवरी 2026 को जातीय संसद के लिए हुए 13वें आम चुनाव में 212 सीटें जीती हैं, स्थानीय जमुना आदि टीवी चैनलों के अनुसार। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को कुल 70 सीटें हासिल हुई हैं, जिसमें 5 सीटें नेशनल सिटीजन पार्टी की हैं, जिसने जेन जी आंदोलन में शेख हसीना का तख्ता पलटने में अहम भूमिका अदा की थी। शेख हसीना, जो इस समय भारत में राजनीतिक शरण लिए हुए हैं, कि अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगा हुआ है, इसलिए वह चुनाव में भाग न ले सकी। शेख हसीना ने चुनाव को 'सुनियोजित स्वांग' बताया है। बहरहाल, 300 संसदीय सीटों (जिनमें से एक पर चुनाव स्थगित हुआ, प्रत्याशी के निधन के कारण) के लिए 50 राजनीतिक दलों के सदस्यों व स्वतंत्र प्रत्याशियों सहित लगभग 2000 उम्मीदवार मैदान में थे और तकरीबन 48 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2024 के आम चुनाव के 42 प्रतिशत मतदान से बेहतर रहा। इस मतदान में मतदाताओं को दो वोट डालनी थीं, एक सांसद चुनने के लिए और दूसरी संवैधानिक 'सुधारों' के संदर्भ में जनमत संग्रह के लिए। बांग्लादेश के एक सदन वाले राष्ट्रीय संसद को जातीय संघसद कहते हैं। इसमें 300 सदस्य सीधे जनता द्वारा चुनकर आते हैं, जबकि 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जो चुनाव के बाद पार्टियों में उनकी जीत के अनुपात में विभाजित कर दी जाती हैं। बांग्लादेश में 1973 से 2026 तक जो कुल 13 आम चुनाव हुए हैं, उनमें से सिर्फ पांच (1991, 1996-2, 2001, 2008 व 2026) को ही अंतर्राष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव घोषित किये हैं। 1996 में दो बार आम चुनाव कराने पड़े थे, क्योंकि 1996-1 चुनाव को अधिकतर विपक्षी पार्टियों ने बायकाट किया था और बीएनपी ने खुद को 278 सीटों पर जीता हुआ दिखाया था। दरअसल, बांग्लादेश में अधिकतर चुनावों की कहानी राजनीतिक पार्टियों द्वारा बायकाट व उन पर प्रतिबंध के इर्दगिर्द ही घूमती रही हैं। इस बार के आम चुनाव में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पर प्रतिबंध था और जो पार्टियां- बीएनपी व जमात-ए-इस्लामी, जो वर्षों तक चुनावी दौड़ से बाहर रहीं या उन्हें बाहर रखा गया, सत्ता की मुख्य दावेदार बनकर उभरीं। शेख हसीना ने 2009 के बाद से 15 साल तक निरंतर राज किया और उनके शासनकाल में बांग्लादेश में स्थिरता व आर्थिक विकास देखने को मिला। लेकिन साथ ही उन पर तानाशाह होने के भी आरोप लगे, जिसकी वजह से उनके खिलाफ विद्रोह हुआ और 2024 में उन्हें अपनी जान बचाकर भारत में शरण लेनी पड़ी।

**बांग्लादेश चुनाव**

यह केवल इतना नहीं था कि अलोकप्रिय हुए नेता को हिंसक विद्रोह में सत्ता से हटा दिया गया बल्कि छात्रों के आंदोलन में बांग्लादेश के बुनियादी इतिहास को भी मिटाने का प्रयास किया गया, जिसमें शेख हसीना के पिता व उनकी पार्टी अवामी लीग के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान प्रमुख शख्सियत थे। जैसे ही अवामी लीग के लीडर व समर्थक अंडरग्राउंड हुए बीएनपी व जमात-ए-इस्लामी जैसी पार्टियां सत्ता के नये दावेदारों के रूप में उभरने लगीं, विशेषकर नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के नेतृत्व में। हालांकि अब तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी गठबंधन का सत्ता में आना तय हो गया है, लेकिन बांग्लादेश के समक्ष चुनौतियों का अम्बार लगा हुआ है। सबसे पहले तो पिछले 18 माह में धीमे हुए आर्थिक विकास को पटरी पर लाने की आवश्यकता है ताकि बेरोजगारी, महंगाई आदि समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। इतना ही महत्वपूर्ण यह भी है कि अल्प संख्यक हिन्दू समुदाय पर जो हिंसक हमले हो रहे हैं, उन पर त्वरित प्रभाव से विराम लगाया जाये। बीएनपी से सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने व धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को प्रोत्साहित करने की उम्मीद की जा सकती है, विशेषकर इसलिए कि उसके प्रमुख हिन्दू लीडर ज्ञानेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका-3 सीट से शानदार जीत दर्ज की है, जमात-ए-इस्लामी के मुहम्मद शाहीनूर इस्लाम को पराजित करके। रॉय की जीत बांग्लादेश के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है कि ढाका-3, जो मुस्लिम बहुल सीट है, पर पहली बार कोई हिन्दू प्रत्याशी जीता है। रॉय बीएनपी की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं।

बहरहाल, तारिक रहमान के समक्ष भारत से संबंध सुधारने की भी चुनौती है, जो शेख हसीना को शरण देने की वजह से प्रभावित हुए हैं। गौरतलब है कि तारिक रहमान जब आत्म-निर्वासन से बांग्लादेश लौटे थे, तो नई दिल्ली ने अपने विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनसे मुलाकात करने के लिए ढाका भेजा था। इसलिए भारत व बांग्लादेश के संबंध बेहतर होने की संभावना है। बांग्लादेश में मतदान के साथ ही जुलाई नेशनल चार्टर, जो 84-पॉइंट का सुधार पैकेज है, पर भी जनमतसंग्रह हुआ था। इस चार्टर को जनता ने अपनी सहमति दी है, लेकिन जनमत संग्रह कहीं भी अच्छा विचार साबित नहीं हुआ है। ब्रिटेन के सांसद 1998 में इस विषय पर कुछ भी तय नहीं कर पाये थे। ब्रिटेन से अधिक स्विट्जरलैंड जनमत संग्रह में माहिर रहा है कि उसने 1981 व 1999 के बीच 148 जनमतसंग्रह कराये। भारत में 1975 के बाद से कोई जनमत संग्रह नहीं हुआ है, पाकिस्तान ने आखिरी बार यह 2002 में कराया था। क्या इससे स्विस लोकतंत्र हम से अधिक 'परफेक्ट' हो जाता है? सिद्धांत में, शायद। व्यवहार में, हमें नतीजों के आधार पर समीक्षा करनी चाहिए।

आजाद भारत में प्रत्येक पुरुष व महिला को 1950 में ही मतदान का अधिकार मिल गया था। स्विट्जरलैंड में पुरुषों ने 1959 में महिलाओं को मतदान दिये जाने के जनमत संग्रह को ठुकरा दिया था और इस गलती का सुधार इसके 12 साल बाद किया गया। यह सही है कि जनमत संग्रह लोकतंत्र की जड़ों के बहुत करीब है, लेकिन विशेषज्ञों की राय से संचालित प्रतिनिधि लोकतंत्र के अपने लाभ हैं। अधिकतर समकालीन मुद्दे जैसे भारत में अधिक परमाणु ऊर्जा प्लांट्स और वह भी थोरियम ईंधन वाले, होने चाहिए या नहीं, आम मतदाताओं के लिए बहुत जटिल हैं। सरकारें जनता को अपनी नीतियों के लाभ व हानि के बारे में जागरूक करें, लेकिन इस प्रकार का पांच मिनट का ज्ञान प्रोफेशनल महारत का विकल्प नहीं है। साथ ही जनमत संग्रह अकसर तब आयोजित किया जाता है, जब सरकारें कोई स्टैंड लेने से डरती हैं। याद करें कि केरल ने 2018 में जनमत संग्रह कराने का ऑफर दिया था कि महिलाओं को सबरीमाला मंदिर में प्रवेश करना चाहिए या नहीं। उसी साल ब्रिटेन ने 52 प्रतिशत 'हां' व 48 प्रतिशत 'न' से यूरोपीय संघ से निकलना तय किया, जो अब गलत साबित हुआ। जनमत संग्रह की सबसे बड़ी समस्या बहुसंख्यावाद है, जिससे से अल्पसंख्यकों के हित प्रभावित होते हैं। बहरहाल अब बांग्लादेश को नया नेतृत्व मिल चुका है। इसे जनादेश भी हासिल है और नयी सोच के साथ आगे बढ़ने का हौसला भी। इसलिए भारत के साथ संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

> बांग्लादेश में 'बेगमों की जंग' पर तो विराम लग गया है। खालिदा जिया का निधन हो चुका है और शेख हसीना देश में मौजूद नहीं हैं। इसलिए बांग्लादेश में तारिक रहमान के साथ एक नये युग का आरंभ हो रहा है। अब वक़्त ही बतायेगा कि वह अपने देश को किस दिशा में लेकर जायेंगे, हालांकि उनसे उम्मीदें तो बहुत हैं।

सोशल मीडिया



श्री तारिक रहमान से बात करके खुशी हुई, मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनाव में बड़ी जीत के लिए बधाई दी। मैंने बांग्लादेश के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में उनके प्रयासों को भी समर्थन दिया। पीएम मोदी.

# जीवन में संयम

व्यक्ति का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। हमेशा वह कुछ सीखता है, समझता है और अपने व्यक्तित्व का पारिष्कार करता रहता है। ईश्वर ने मनुष्यको विशिष्ट जीव बनाया है। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधार रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# अब प्यार में शोर कम, समझदारी ज्यादा

**वेलेंटाइन डे 2026 हमें याद दिलाता है कि प्यार खत्म नहीं हुआ, बस समझदार हो गया है। अब यह शोर नहीं मचाता बल्कि गहराई से जुड़ता है। अब यह दिखता कम है, लेकिन महसूस ज्यादा होता है। शायद यही आज के प्यार की सबसे खूबसूरत पहचान है।**



वेलेंटाइन डे पर विशेष

सुबह के 7 बजे हैं। एक छोटे से फ्लैट में दो लोग अपने-अपने लैपटॉप खोलकर दिन की शुरूआत कर रहे हैं और हां, याद रखिए आज 14 फरवरी है यानी प्रेम का दिन वेलेंटाइन डे। लेकिन आसपास न कहीं गुलाब है, न कोई मोमबत्ती है और न आपस में कोई फिल्मी डायलॉग। हां, टेबल पर रखी दो कप चाय और एक दूसरे की तरफ बढ़ा हुआ हल्का सा मुस्कुराता चेहरा। यह फिल्म की भाषा में कहें तो परफेक्ट सीन है। जी हां, यही 2026 का प्यार-शांत-सजग-व्यवहारिक और भरोसे से भरा हुआ। साल 2026 का प्यार दो दशक पहले जैसा नहीं रहा और हां, यह बात शिकायत की नहीं, समझ के नजरिये से कही जा रही है। प्रेम ने अपना रूप बदला है। लेकिन गहराई नहीं खोई। प्रेम अब दिखावे से निकलकर समझदारी, व्यवहारिकता और लाइफस्टाइल के साथ संग आ गया है और हां, मानसिक सुरक्षा भी पहले से कहीं ज्यादा है। यह बदलते हुए प्रेम का उत्सव है- वेलेंटाइन डे 2026।

**अब भावना के साथ ही समझदारी का ज्यादा महत्व**

आज की पीढ़ी के पास प्यार को सिर्फ फीलिंग के रूप में देखने की न तो जरूरत है और न ही इतनी फुर्सत। उनके लिए प्यार, साझेदारी का नाम है। जीवन की जिम्मेदारियों का नाम है। मिलकर उठायी जाने वाली जिम्मेदारियां। इसलिए आज के कपल मिलकर कॅरियर की योजना बनाते हैं। खर्च और बचत पर खुलकर बात करते हैं। घरेलू और बाहरी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से बांटना स्वीकार करते हैं और मुश्किल समय में एक दूसरे का सहारा बनते हैं। आज के समय में, तुम मुझसे कितना प्यार करते हो, से ज्यादा यह अहम हो गया है, हम एक दूसरे के लिए कितने भरोसेमंद हैं। आज प्यार में जितनी स्पष्टता है, इतनी पहले कभी नहीं रही और 2026 के प्यार की यही सबसे बड़ी खूबी है। कपल अब यह कहने से नहीं डरते कि वो चाहते क्या हैं और साफ-साफ यही बताते हैं कि वो क्या नहीं चाहते। मसलन- उन्हें शादी करनी है या नहीं। बच्चे चाहिए या नहीं। एक दूसरे के लिए कितना स्पेस चाहिए और सबसे बड़ी बात यह है कि वो किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं। याद रखिए, यह स्पष्टता रिश्तों को तोड़ती नहीं है बल्कि ज्यादा मजबूत बनाती है। क्योंकि भ्रम पर टिके रिश्ते बहुत जल्दी थक जाते हैं और सच्चाई के सहारे आगे बढ़ने वाले रिश्ते बहुत दूर तक जाते हैं।

**मेंटल हेल्थ, अब डरने का नहीं प्यार का हिस्सा है**

आज के युवा इस बात को भली भांति जानते हैं कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना की शारीरिक। इसलिए अब पार्टनर्स एक दूसरे की थकान को समझते हैं। एंग्जाइटी और तनाव पर बिना झिझक खुलकर बात करते हैं और जरूरत पड़ी तो प्रोफेशनल्स की मदद लेने से न झिझकते, न कतराते हैं। आज के युवा एक दूसरे से बड़ी सहजता से कहते हैं, आज मेरा मन ठीक नहीं है। क्योंकि वो जानते हैं कि उनके इस वाक्य को गलत शब्द और संदर्भ में नहीं लिया जायेगा। पुरानी पीढ़ी के लोग भले



टेक्नोलॉजी को कितना कोसते हों, लेकिन युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी अलगाव का नहीं जुड़ाव का माध्यम है। भले पुरानी पीढ़ी के लोग मानते हों कि मोबाइल और इंटरनेट रिश्तों का दुश्मन है। लेकिन 2026 में प्यार करने वाले युवा इस बात से कतई सहमत नहीं हैं। इसलिए वो वीडियों पर साथ खाना खाते हैं, एक दूसरे को वायज नोट्स भेजते हैं, उनकी प्लेलिस्ट साझा होती है और हां, ऑनलाइन कैलेंडर में डेट-नाइट भी फिक्स करते हैं। उनके लिए टेक्नोलॉजी दिलों की दूरी कम करने के नये रास्ते खोलती है।

**बराबरी है रिश्तों की बुनियाद**

आज के प्रोफेशनल युवा यह मानते हैं कि रिश्ता मालिकाना हक नहीं बराबरी का संबंध है, इसलिए बिना झिझक और बिना किसी हैंगओवर के घरेलू काम दोनो मिलकर करते हैं। सारे फैसले मिलकर लेते हैं। एक दूसरे के कॅरियर को बराबर का सम्मान देते हैं। आज के युवाओं के बीच 70 के दशक की फिल्मों के यह डायलॉग शायद ही कहीं सुनने को मिलते हों, 'मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं हूं' बल्कि इसकी जगह आज यह डायलॉग आम है, 'मैं तुम्हारे साथ और बेहतर बनती हूं'। आज के प्यार की मजबूती सेल्फ लव है। क्योंकि 2026 में नई पीढ़ी को यह बात बहुत अच्छी तरह से समझ में आती है कि खुद से प्यार करना स्वार्थ नहीं, प्यार की समझ होना है। इसलिए आज के युवा अपने शौक के लिए समय निकालते हैं, अपने रिश्तों की सीमाएं तय करते हैं और हर वक्त उपलब्ध रहने की मजबूरी से दूर रहते हैं। क्योंकि जब कोई खुद संतुलित होता है, तभी किसी रिश्ते में स्वस्थ योगदान दे पाता है।

लब्बोलुआब यह कि आज वेलेंटाइन डे केवल गिफ्ट्स एक्सचेंज का दिन नहीं रहा। यह समझदारी भरी बातचीत का दिन है, यह एक दूसरे को ध्यान से सुनने का दिन है, यह भविष्य की योजनाएं साझा करने का दिन है और यह आभार जताने का भी दिन है। आज के युवा इस दिन साथ बैठकर एक दूसरे के लिए प्यार और मनुहार के गीत नहीं गाते। अपने लक्ष्य तय करते हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग बनाते हैं और हां, इस दिन फोन को साइड पर रखकर एक दूसरे से बातें करते हैं यानी यह दिन दिखावे का नहीं जुड़ाव का दिन है। क्योंकि प्यार की नई भाषा और नई परिभाषा यही है। आज की पीढ़ी का प्यार अगर कुछ डायलॉग्स में देखना हो तो ये डायलॉग सुनिए-

- तुम आराम करो, मैं संभाल लूंगा-लूंगी।

- तुम्हारी बात समझ में आ रही है?

- तुम जैसे हो, वैसे ही ठीक हो।

ये छोटे-छोटे वाक्य आज के वास्तविक प्रेम संदेश हैं। इसलिए 2026 का प्यार रिश्तों की नई सोच और नई समझ का प्यार है। क्योंकि अब प्रेम परिपक्व हो रहा है, कमजोर नहीं।

2026 में स्वस्थ रिश्ते की आठ पहचानें

- खुली और ईमानदार बातचीत
- आपसी सम्मान
- भावनात्मक सुरक्षा
- व्यक्तिगत स्पेस की समझ
- साझा लक्ष्य
- मेंटल हेल्थ को महत्व
- बराबरी का व्यवहार
- मुश्किल समय में साथ

आज का प्यार भले परफेक्ट न हो, लेकिन क्या ईमानदार बनने की, ईमानदार कोशिश है। क्योंकि आज का युवा जान चुका है, वास्तविक रिश्ते फिल्मी नहीं होते बल्कि रोज-रोज की छोटी-छोटी कोशिशों से बनते हैं। कभी चाय बनाकर देना, कभी बिना पूछे गले लगा लेना, कभी चुपचाप बैठ जाना और कभी सिर्फ आंखों में आंख डालकर एक नजर देख लेना। आज यही रोमांस है। वेलेंटाइन डे 2026 हमें याद दिलाता है कि प्यार खत्म नहीं हुआ, बस समझदार हो गया है। अब यह शोर नहीं मचाता बल्कि गहराई से जुड़ता है। अब यह दिखता कम है, लेकिन महसूस ज्यादा होता है। शायद यही आज के प्यार की सबसे खूबसूरत पहचान है।

**- डॉ. अनिता राठौर**

## आप की बात

### युवाओं को बनायें हुनरमंद

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में बीते साल बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी थी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आती रहीं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी थी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है, जब हादसा हो जाता है, तभी प्रशासन जागता है, यह चिंता की बात है।

**धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

महिला का आरोप है कि यह घटना 9 फरवरी को तब हुई थी, जब गांव के एक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले भी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में कुमारगंज पुलिस का कहना है कि पहले कोई शिकायत नहीं मिली थी। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने पर तुरंत मामला दर्ज किया जाता है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि महिला ने आज शाम को थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता का पति परदेश में रहता है और वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ अकेली घर पर रहती है। पुलिस ने बताया कि महिला का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और न्यायालय में उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। इन बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि विवाद में बुजुर्ग की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के चैधरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 65 वर्षीय बुजुर्ग जमुना प्रसाद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित

- घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी

कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 11 फरवरी बुधवार को जमुना प्रसाद यादव अपने घर पर दरवाजा लगा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी पक्ष से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विपक्षी देवनारायण पुत्र जगदंबा प्रसाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंचे और जमुना प्रसाद पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मृतक के पुत्र आसाराम की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 3(5), 352 व 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना के 48 घंटे के भीतर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए देवनारायण पुत्र जगदंबा प्रसाद, अनीता पुत्री देवनारायण, सुनीता पुत्री देवनारायण तथा गीता पुत्री देवनारायण को हमले में प्रयुक्त लाठी के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शुक्रवार को दन्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, विमल कुमार यादव, हेड कांस्टेबल विनोद गुप्ता, संजय तिवारी, विवेक त्रिपाठी, शशिकांत, रोहित कुमार तथा महिला कांस्टेबल सपना चैहान एवं सपना सिंह शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि मामले में शेष आरोपियों की तलाश जारी है तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# अधेड़ की हत्या के आरोप में दंपति गिरफ्तार



**बहराइच।** जले के दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित विशनपुर राहु ग्राम के रहने वाले बड़कऊ नाम के व्यक्ति का मक्के के खेत में शव मिला था, उसके शरीर पर धारदार हथियार के हमले के निशान थे। मृतक की पत्नी ने ग्राम के ही रहने वाले जसवंत व उसकी पत्नी नीलम पर हत्या का शक जताते हुए तहरीर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह ने शीघ्र घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। जिसके बाद पुलिस लगातार दोनों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह को हत्या में शामिल दोनो पति पत्नी के सायफन के पास होने की सूचना मिली जिसके बाद उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, अनूप मणि त्रिपाठी, उमेश चन्द्र आरक्षी सूर्यभान यादव, विवेक यादव व महिला कांस्टेबल शशि पांडे के साथ घेराबंदी कर दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह ने बताया कि पूछताछ में जसवंत ने मृतक की ओर से उसकी पत्नी पर गलत निगाह रखने व कई बार समझाने के बाद भी न मानने पर उसे धोखे से मक्के के खेत में बुला पत्नी संग मिल धारदार हथियार व ईंट से हमला कर हत्या करने की बात बताई। दोनो की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हंसिया बरामद हुई है। पुलिस अभिरक्षा में दोनो को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## पोस्टर प्रतियोगिता से छात्रों ने दिया सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश



**बाराबंकी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला के नेतृत्व मे जनपद के समस्त विकास खण्डो में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे फतेहपुर विकासखण्ड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरिया, विशुनपुर, हैदरगंज, इसरौली, विकासखण्ड बंकी से कंपोजिट विद्यालय कुम्हरोहरा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं देवा विकासखण्ड से उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरमऊ ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को एक माह और आगे बढ़ाया गया है। जिसमे सड़क सुरक्षा जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का मास्टर ट्रेनर उमेश चन्द्र यादव, मणि गुप्ता, वैशाली गुलसिया, सीबी सिंह, निर्मल कुमार, लीलावती, पूनम मिश्रा, शालिनी सिंह की देख-रेख मे सम्पन्न कराया गया।

## मनरेगा बचाव अभियान के तहत कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा



**बाराबंकी।** मनरेगा बचाव अभियान के अन्तर्गत कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व मे मेहदीपुर चैराहा हरख से ताहीपुर तक पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा मे मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी ममता चैधरी एवं पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि वर्तमान सरकार कांग्रेस की कई योजनाओं का नाम बदलने व संवैधानिक तौर पर आम जनमानस के अधिकारों को सीमित करने का कार्य कर रही है। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से यह योजना पूरे भारत में सुचारू रूप से संचालित थी। कांग्रेस सरकार में मजदूर, गरीब किसान, इस योजना का लाभ उठा रहे थे। लेकिन पिछले दस बारह वर्षों से मजदूर किसान गरीब इस योजना से वंचित हो रहा है, तथा उसके अधिकारों का हनन भी किया जा रहा है। पदयात्रा में अमरनाथ मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, मोहम्मद इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की दलील पर कोर्ट ने युवक को दी जमानत

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद के कुमारगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपी युवक को जमानत मिल गई है। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रथम, अयोध्या की अदालत ने आरोपी की जमानत

- न्यायालय ने अर्जी स्वीकार किया, 20 हजार रुपये के बेल बॉन्ड पर मिली राहत

अर्जी स्वीकार कर ली। अधिवक्ता सूरज कौशल द्वारा प्रस्तुत की गई मजबूत कानूनी दलीलों के आधार पर न्यायाधीश योगिता कुमार ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना में अपराध संख्या 190/2024 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 352 तथा 351(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें किसी व्यक्ति पर आपराधिक धमकी, संपत्ति को क्षति पहुंचाने तथा शांति भंग करते हुए अपराध के लिए उकसाने जैसी अन्य धाराएं लगी थी। अधिवक्ता सूरज कौशल ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं, जिसमें मामले की परिस्थितियां, सबूतों की कमी, आरोपी की सामाजिक पृष्ठभूमि, सहयोग करने की इच्छा तथा जमानत पर रिहा होने से जांच में कोई बाधा न पहुंचने जैसे तर्क शामिल थे। न्यायाधीश योगिता कुमार ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर दी। आरोपी को 20 हजार रुपये के निजी मुचलके तथा समान राशि के सिक्योरिटी बॉन्ड पर जमानत प्रदान की गई है।

# बम की सूचना से कचहरी परिसर में मचा हड़कंप



**अयोध्या।** शुक्रवार की दोपहर कचहरी परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक लाउडस्पीकर से परिसर खाली करने की घोषणा कर दी गई। करीब एक बजे हुई इस घोषणा के बाद वकीलों, फरियादियों और कर्मचारियों में हड़कंप

- पुलिस जांच में नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

मच गया। कोर्ट कक्षों में चल रही सुनवाई तत्काल रोक दी गई और कई मामलों में अगली तारीख दे दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से पूरे कलेक्ट्रेट व कचहरी परिसर को खाली कराना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक हुए एनाउंसमेंट से लोगों में अफरा तफरी फैल गई और लोग तेजी से बाहर निकलने लगे। कुछ समय तक परिसर के बाहर भारी भीड़ जमा रही। बाद में जानकारी मिली कि कचहरी और कलेक्ट्रेट परिसर में बम होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके बाद प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। वकीलों के शेड, कोर्ट कक्षों, रिकॉर्ड रूम और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच की गई। करीब दो घंटे तक चली तलाशी के बाद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

सीओ सिटी ने बताया कि ईमेल के माध्यम से बम की सूचना मिली थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। उन्होंने कहा कि जांच में अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, फिर भी मामले की पड़ताल की जा रही है और ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की है। फैजाबाद बार काउंसिल के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सभी वकीलों से अपील की गई है, जब तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का सर्च ऑपरेशन जारी है, तब तक परिसर में ना जाएं। कोर्ट में बम होने की खबर मिली थी। परिसर खाली करने के एनाउंसमेंट पर वकील अपने चैंबरों से बाहर आ गए। कोर्ट रूम-परिसर खाली हो गया है। फिलहाल हो सकता है कि अफवाह हो, लेकिन कभी भी कोई भी घटना हो सकती है। ऐसे में लापरवाही बरतना जरूरी है।

## 5 ओवरलोड वाहन सीज, 6 अनधिकृत डग्गामार बसों के चालान, 5 लाख जुर्माना



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा शुरू किये गये विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत अनाधिकृत डग्गामार सहित ओवरलोड वाहनो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध परमिट, बिना टैक्स, अनाधिकृत डग्गामार, ओवरलोड बसों व ट्रको का चालान और कई वाहनों को सीज भी किया गया। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा और अवैध संचालन के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। जो जारी रहेगा। आज शुक्रवार को विभिन्न मार्गो पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने ओवरलोड़ संचालन मिलने पर 5 वाहनो को सीज तथा 6 अनाधिकृत डग्गामार बसो के चालान कर लगभग 5 लाख जुर्माना किया गया।

# जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिदिन कराए जा रहे विषय आधारित भाषण की प्रगति की समीक्षा की। तथा ब्लॉक से जनपद स्तर तक

- विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश
- प्रार्थना सभा आधारित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाए पुरस्कृत

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाये, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हो सके। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे अपने-अपने विकास खण्ड के ऐसे 20 चिन्हित विद्यालय जहाँ विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर सामान्य से कम है। वहां के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर ठोस कार्ययोजना बनाते हुए प्रगति सुनिश्चित कराएं।

कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जिन बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार हुआ है, उन्हें प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित करे। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर मिलने वाली कमियों का निस्तारण आवश्यक रूप से कराये। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यालय निरीक्षण एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# जन्मभूमि में धन्वंतरि की प्रतिमा स्थापना से आयुर्वेद का अभ्युदय



**अयोध्या।** जन्मभूमि स्थित श्री राम मन्दिर में धन्वंतरि प्रतिमा की स्थापना का विश्व आयुर्वेद परिषद का प्रयास सफल होने पर देश के सभी आयुर्वेदिक चिकित्सकों में नया उत्साह जग गया है। अतिशीघ्र ही यहीं से आयुर्वेद चिकित्सा के नये स्वास्थ्य युग का अभ्युदय होगा। उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए विश्व आयुर्वेद परिषद के उत्तर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सहप्रभारी डॉ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व आयुर्वेद परिषद ने इस पावन कार्य में सहयोग करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के दायित्वधारी कर्मयोगियों का आभार प्रकट करने के लिए एक अभिनंदन श्रृंखला प्रारंभ की है। जिसमें चंपतराय जी का सर्वप्रथम अभिनंदन हो चुका है विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के मुख्य संरक्षक व प्रचार प्रमुख अयोध्या डा आनंद उपाध्याय ने बताया कि अभिनंदन श्रृंखला में तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत श्री नृत्यगोपाल दास व सदस्य डा अनिल मिश्रा जी को अभिनंदन पत्र अंगवस्त्र एवं देव धन्वंतरि की मूर्ति प्रदान कर विश्व आयुर्वेद परिषद सहित देश के सभी आयुर्वेद चिकित्सकों की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि में प्राण.प्रतिष्ठा के समय से ही आयुर्वेद चिकित्सकों की देश की सबसे बड़ी संस्था विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा तीन माह तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुद्वारा ब्रह्म कुंड एवं तीर्थ क्षेत्र पुरम मणि पर्वत में किया गया था इसी कड़ी में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से स्वास्थ्य व आयुर्वेद के देव धन्वन्तरि की मूर्ति की स्थापना के संबंध में लगातार अनुरोध व प्रयास किया जाता रहा। डॉ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि अभिनंदन समारोह के अवसर पर अस्वस्थता से निकल कर स्वास्थ्य लाभ करते हुए महंत नृत्य गोपाल दास जी व डा अनिल मिश्रा ने आयुर्वेद के क्षेत्र में विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए शीघ्र ही राम मंदिर में भी आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने की योजना की जानकारी दी ताकि अयोध्या आने वाले राम भक्तों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ भी मिल सके। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के इस अभिनंदन समारोह में विश्व आयुर्वेद परिषद कार्यकारिणी के अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

## किसानों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बहराइच।** जुआरी फार्महब, जो अडवेंट्ज ग्रुप का एक अभिन्न हिस्सा है, पिछले 7-8 वर्षों से अपने जय किसान जंक्शन नेटवर्क के माध्यम से किसानों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, सूक्ष्म तत्त्व, अन्य कृषि आदान तथा तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में, अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) पहल के अंतर्गत, जुआरी फार्महब ने जय किसान जंक्शन, रमिया बेहड, लखीमपुर में किसानों एवं उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण करना था। शिविर के दौरान 190 से अधिक किसानों और उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में विल्स हॉस्पिटल, कैसरगंज, उत्तर प्रदेश से आए दो विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें एक जनरल फिजिशियन तथा दूसरे नेत्र रोग विशेषज्ञ (ऑफ्थैल्मोलॉजिस्ट) शामिल थे। चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, शुगर एवं बीपी जांच के साथ-साथ नेत्र परीक्षण भी किया गया तथा वृद्ध किसानों के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरुक

**बहराइच।** बहराइचह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## सीएमओ ने सीएचसी मसौधा का किया निरीक्षण

अयोध्या। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौधा निरीक्षण किया। निरीक्षण में वहां पर आकस्मिक सेवा की व्यवस्था, औषधीय स्टोर रूम, इम्यूनाइजेशन सेंटर, बीपीएचयू यूनिट, ओपीडी संचालन, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, लैबोरेट्री, जनरल वार्ड एवं जेएसवाई वार्ड सहित संपूर्ण चिकित्सालय परिसर गहनता से देखा। जेएसवाई वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से उनको दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थितकि परिसर में प्रत्येक दिन साफ सफाई की जाएगी एवं वार्डो में दिन में समय समय पर फिनायल युक्त पोछा लगाया जाएगा जिससे किसी भी प्रकार का जीवाणु इन्फेक्शन न हो।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक 122 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परिषदीय परीक्षा-2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण वातावरण में सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वःशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आडिटोरियम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी व शासन के निर्देशानुसार जिले में नकलविहीन बोर्ड आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी की प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। डीएम श्री त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया गया कि संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। बैठक के दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए जनपद में कुल 122 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 67097 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 38103 तथा इण्टर में 28994 परीक्षार्थी हैं।

बैठक के दौरान डीआईओएस ने जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों तथा अन्य सम्बन्धित को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान व परीक्षा के बाद की समस्त प्रकिया व शासन तथा बोर्ड के दिशा-निदेर्शों की जानकारी प्रदान की गई।

## दिव्यांगों के लिए रोजगार मेला आयोजित

**बहराइच।** जिला उद्योग केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में दिव्यांगजन के लाभार्थ रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग करते हुए आठ दिव्यांगजनो को कम्पनियों के द्वारा जॉब ऑफर लेटर वितरित किया गया साथ ही छः दिव्यांगजनों का मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण कराकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया। रोजगार मेले में आये हुए दिव्यांगजनो को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने मेला आयोजन में सहयोग करने वाले विभागों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि निरन्तर अन्तराल में शिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सेवायोजित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यदेशक श्रीमती अनुसूईया, जिला प्रबन्धक रवि पाठक, डी.पी.एम. भानु प्रताप, अनुदेशक अर्पित मौर्य, राहुल बाजपेयी व निरंजन लाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

सोहावल-अयोध्या। ब्राह्मण चेतना मंच समाज के उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाले छात्रों व्यक्तियों का सम्मान करता रहेगा। यह विचार सोहावल ब्लॉक के रघ्घुपुर इस्माइल नगर सिहोरा गांव में ललित कुमार मिश्रा के बेटों को सम्मानित करते हुए मंच के प्रदेश संयोजक और रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने व्यक्त किया। श्री मिश्रा के बेटे वैभव मिश्रा का जहां सी आई एस एफ में चयन हुआ है। वहीं उनके दूसरे पुत्र अभिषेक मिश्रा का भारतीय रेलवे में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। जिससे समाज ही नहीं पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।

# विधायक अदिति सिंह के प्रयास से जेल रोड पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित

## पुलिस लाइन से मामा चौराहा ओवर ब्रिज तक जेल रोड अब लोनिवि के अधीन



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह के निरंतर प्रयासों और प्रभावी अनुश्रवण से शहर के पुलिस लाइन चौराहा से मामा चौराहा ओवर ब्रिज तक मार्ग का हस्तांतरण नगर पालिका परिषद, रायबरेली से लोक निर्माण विभाग को कर दिया गया है। इस स्वीकृति के साथ अब इस सड़क के सुदृढ़ीकरण, गुणवत्तापूर्ण रखरखाव और आवश्यक विकास कार्यों में तेजी आएगी। आज एक स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक अदिति सिंह ने यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना विकास को दी जा रही प्राथमिकता का सकारात्मक परिणाम है। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन से ही रायबरेली जैसे जनपदों में ऐसी प्रगति संभव हो रही है।

विधायक अदिति सिंह ने जेल रोड लगभग 2.350 किलोमीटर लंबे मार्ग के हस्तांतरण के लिए अपना सतत प्रयास और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को मुख्य कारण बताया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा शासन स्तर पर लगातार संवाद बनाए रखा और इस मार्ग के बेहतर अनुरक्षण एवं मजबूती की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। अब लोक निर्माण विभाग के अधीन आने से शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, ट्रैफिक की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।विधायक ने कहा, मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सड़कें, पुल और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व काम हो रहा है। रायबरेली के समग्र विकास, सुगम यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगे भी जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर मैं निरंतर प्रयासरत रहूंगी। जनपदवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विधायक अदिति सिंह का धन्यवाद किया है। यह कदम रायबरेली शहर की यातायात व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शहर के इस व्यस्त मार्ग के सुधार से हजारों लोगों को रोजाना लाभ मिलेगा।

# विधानसभा क्षेत्र सलोन में लगभग 63 हजार मतदाता सूची से बाहर

आनंद श्रीवास्तव

**सलोन, रायबरेली।** चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर एसआईआर प्रक्रिया की गई एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं जिसके तहत जहां पहले सभी लोगों के फार्म भरवा दिए गए थे। वहीं जिन लोगों ने सही फार्म में डिटेल नहीं भरी है अब उन लोगों को नोटिस जारी कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु उनके मतदेय स्थलों पर सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया हैं। एसआईआर अभियान में तहसील सलोन के विधानसभा क्षेत्र 63 836 मतदाता सूची से बाहर हो चुके हैं। अभी नो मैंपिग और डिस्क्रपेन्सी मतदाताओं पर अनमैप्ड व विसंगति का खतरा मंडरा रहा है। एक माह से नोटिस पर हो रही सुनवाई में 30 फीसदी ही मतदाता अपने अभिलेख दे सके हैं। हालांकि फरवरी तक ही सुनवाई की जाएगी। इस पर भी प्रशासन ने भरपूर्व प्रयास में जुटी हैं कि कोई मतदाता भी सूची से बाहर का रास्ता न देख सकते।

सलोन तहसील में एसआईआर अभियान के दौरान 361274 मतदाता थे। प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में 63836 मतदाता सूची से आउट हो गए। इससे 6 जनवरी को आलेख्य प्रकाशन की सूची में करीब 2 लाख 97 हजार 438 मतदाताओं के नाम ही शामिल हो सके। इस सूची में मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी। इससे उन्हें निर्वाचन कार्यालय से नोटिस जारी किए गए। जिनके नाम व आयु में अंतर होने, पिता-पुत्र, बाबा-पौत्र, पति-पत्नी की उम्र में मानक से अधिक अंतर मिलने पर 79565 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए। हालांकि इस कार्य में 4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी( एईआरओ) व 21 अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एएईआरओ) लगाए गए हैं। साथ ही सलोन, डीह, छतोह के तीनों नगर पंचायत, तीनों खण्ड विकास कार्यालय, तीनों खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यलय, बाल विकास परियोजना कार्ययल एंव तहसील कार्ययल सहित 13 सुनवाई स्थान बनाये गए है। जिम्मेदार अधिकारी बूथ पर बैठकर नोटिस पर सुनवाई की जा रही है। इस सुनवाई में कई मतदाता अभिलेख पूरे न कर पाने से सूची में फिर शामिल होने के लिए चिंतित नजर आ रहे हैं। छह जनवरी से नोटिस पर चल रही सुनवाई में बमुश्किल 30 प्रतिशत मतदाता ही साक्ष्यों के साथ फार्म जमा कर सके हैं। उपनिर्वाचन अधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि भेजे गए नोटिस पर सुनवाई की तिथि फरवरी तक ही है।

# कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा निकाली



**तिलोई, अमेठी।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकाली गई। यात्रा सिंहपुर से चलकर फूला रास्तामऊ होते हुए विभिन्न मार्गों से तिलोई पहुंची। बापू की प्रतिमा के समक्ष यात्रा का समापन हुआ। पदयात्रा के जरिए कांग्रेस केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज करा रही है और मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध कर रही है। यात्रा के दौरान मनरेगा के समर्थन में नारेबाजी की जा रही है और आम लोगों को सरकार की नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। इस पदयात्रा में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ कई सीनियर नेता, जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि रोजगार की संवैधानिक गारंटी है, जिसने गरीब और मजदूर वर्ग को सम्मानजनक जीवन दिया है। लेकिन केंद्र सरकार नई योजनाओं के जरिए इसकी मूल भावना को खत्म करने की कोशिश कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने श्इ-ॠ फ्अट ॠयोजना का हवाला देते हुए कहा कि इससे मनरेगा के अधिकार कमजोर होंगे और गांवों में ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा।

## 12 बीघे का तालाब कब्जे में, प्रशासन ने माना अतिक्रमण फिर भी कार्रवाई नहीं

**शुकुल बाजार, अमेठी।** बिकास खण्ड क्षेत्र में इन्हौना रुदौली संपर्क मार्ग से सटे करीब 12 बीघे के सरकारी तालाब पर अतिक्रमण की पुष्टि खुद प्रशासन द्वारा किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कागजों में कब्जा दर्ज है, पैमाइश हो चुकी है, 42 नाम चिन्हित हैं—फिर भी जमीन पर बुलडोजर नहीं पहुंचा। यह स्थिति प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय निवासी अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक का आरोप है कि तालाब की जमीन पर रामबक्स ळश्र एजेंसी सहित 42 लोगों ने निर्माण कर कब्जा जमा लिया है। लगातार शिकायतों और ज्ञापनों के बाद प्रशासन ने 16 सदस्यीय टीम गठित कर पैमाइश कराई। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि भी हुई, लेकिन कार्रवाई शून्य है। मामला अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन चुका है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि यदि कब्जा किसी मुस्लिम या यादव के नाम से जुड़ा होता तो अब तक सख्त कार्रवाई हो चुकी होती। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन ऐसे आरोप प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 12 बीघे का तालाब केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। तालाबों पर अतिक्रमण भूजल स्तर और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सबसे बड़ा सवाल यही है—जब प्रशासन खुद अतिक्रमण स्वीकार कर चुका है, तो कार्रवाई में देरी क्यों? क्या प्रभावशाली नामों के कारण कार्रवाई अटकी हुई है? या फिर मामला जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है? तहसील प्रशासन से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन कोई आधिकारिक बयान नहीं मिल सका। इस बीच अभिषेक शुक्ला ने चेतावनी दी है कि जरूरत पड़ी तो वे संबंधित अधिकारियों को न्यायालय तक ले जाएंगे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में जाने की बात कहते हुए कहा कि सरकारी तालाब की भूमि हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराई जानी चाहिए।

## तालाब खाते की जमीन पर अवैध निर्माण कराने में जुटी है पुलिस, राजस्व कर्मी मौन

**अमेठी।** केशवपुर गांव में तालाब खाते की जमीन पर अवैध निर्माण के मामले में राजस्व कर्मी पूरी तरह मौन है ?दो परिवारों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण एक व्यक्ति का रास्ता बंद हो गया है। पीड़िता एक महीने से कलेक्ट्रेट और तहसील के चक्कर लगा रही है। राजस्व कर्मी अतिक्रमणकारियों से मिले हुए हैं। पुलिस भी एक पक्ष से मिलकर पीड़ित परिवार को परेशान कर रही है। पीड़िता निर्मला का आरोप है कि उसके घर तक जाने वाले रास्ते पर पक्की दीवार का निर्माण कर रास्ता बंद किया जा रहा है। पीड़िता के अनुसार यह रास्ता वर्षों से उपयोग में था, लेकिन अब जानबूझकर निर्माण कर उसका आवागमन रोका जा रहा है। रास्ता बंद होने से दैनिक जरूरतों और आपात स्थिति में भारी परेशानी हो रही है। पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी से पक्की दीवार के निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर रास्ता बहाल कराने की मांग की है।

## साइबर क्राइम की समस्या-समाधान विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के अंगेजी विभाग ने उच्च प्राथमिक विद्यालय महिलो आशापुर मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम साइबर क्राइम की समस्या एवं उसके समाधानश विषय पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे अंग्रेजी विभाग के परास्नातक छात्र-छात्राओ ने विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों को साइबर अपराध के खतरों और चुनौतियों के प्रति सचेत किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. सुनीता राय ने कहा कि साइबर अपराध आधुनिक डिजिटल युग में एक गम्भीर समस्या है जिसमें वित्तीय धोखाधड़ी व डाटा चोरी की समस्या प्रमुख है। डा. रत्नेश बरनवाल ने बताया कि भारत में 2019-2024 के बीच 31,500 करोड़ रुपए की आर्थिक हानि इस अपराध से हुई है। डा. राज कुमार मिश्र ने साइबर अपराध मे यूपीआई, क्यूआर कोड धोखाधड़ी एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा किया। इस अवसर पर विभाग की सहायक आचार्या डा. शहबुन निशा ने इस समस्या से बचने के लिए अज्ञात लिंक या ईमेल पर क्लिक न करने के साथ-साथ मजबूत पासवर्ड के उपयोग की बात दोहराई। जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में उच्च प्राथमिक विद्यालय आशापुर की शिक्षिका रागिनी सिंह और गौरी सिंह का सहयोग रहा। आयोजित कार्यक्रम मे जुनैरा सबीहा रागिनी साक्षी व आंचल सहित अनेको विद्यार्थियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में कुछ अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता हेतु संस्थान प्राचार्य डॉ शक्ति सिंह व मुख्य अनुशासक डॉ. सुधांशू प्रताप सिंह आयोजक समूह की प्रशंसा की।

## हत्या के आरोप से दो आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** हत्या के मामले में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बल्दीराय थाने के गोपालपुर गांव निवासी ओम प्रकाश 22 मार्च 2016 को होली के त्यौहार का सामान खरीदने लंगड़ी बाजार गए थे। दूसरे दिन उनका शव नहर के पास खेत में मिला था। मृतक की पत्नी विद्यावती ने गांव की कर्मा देवी उर्फ पहाड़िन पत्नी शिवराम व सफलेपुर गांव निवासी रंगे उर्फ रंगलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के 9 गवाहों से बचाव पक्ष के वकील शिव बहादुर पांडेय ने जिरह की। शुक्रवार को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया।

### संक्षेप

## विजय नारायण हत्याकांड में गवाह से हुई जिरह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विजय नारायण सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष के चैथे गवाह बृजेश नारायण सिंह से बचाव पक्ष ने जिरह की। अभियोजन पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने गवाह से शेष जिरह के लिए 27 फरवरी की तिथि तय की है। कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव के विजय नारायण सिंह की सात अप्रैल 2024 को शहर के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में अंबेडकर नगर के महरुआ थाना क्षेत्र के आरोपित अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## फरार अभियुक्त के विरुद्ध बीएनएसएस 84 की उद्घोषणा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त पर सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। मुअसं 187/25 धारा 76, 352, 351 (3), 64 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व 3/9 पाक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त रंजीत निषाद पुत्र पतिराज निषाद निवासी ककरवारपुर काफी समय से फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के बावजूद अभियुक्त गिरफ्तारी से बचता रहा, जिस पर अब विधिक प्रक्रिया के तहत कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। न्यायालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 85 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई शीघ्र अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून से भागने वाले किसी भी अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा और न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## जन सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट का खुलासा

**रायबरेली।** जिले के गदागंज थाना क्षेत्र में बीती 6 फरवरी को शाम करीब 7 बजे हुई एक सनसनीखेज लूट की घटना का पुलिस ने मात्र एक सप्ताह के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से लूटा गया सामान, नकदी, अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। घटना 6 फरवरी 2026 को शाम लगभग 7 बजे की है। मतीनगंज में फोटो स्टूडियो एवं जन सेवा केंद्र संचालित करने वाले अरुणेंद्र तिवारी पुत्र रामकिशोर, निवासी पूरे बाग मजरे मनिहर सरकी थाना गदागंज अपनी दुकान बंद करके घर की ओर जा रहे थे। अशोक नगर नहरिया के पास कार सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उनके बैग को बलपूर्वक छीन लिया और फरार हो गए। बैग में उनका कैमरा और कुछ नकदी थी। पीड़ित अरुणेंद्र तिवारी की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना गदागंज तथा एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सक्रियता दिखाई। 13 फरवरी को टीम ने थाना क्षेत्र के लल्ली की चक्की चैराहे से सचिन कुमार पुत्र रामसमुझ, निवासी ग्राम पूरे वादे सिंह जमालपुर रामपुर, थाना फुरसतगंज, जनपद अमेठी, रामहंस गिरी पुत्र हरिशंकर गिरी, निवासी नहर कोठी चैराहा पूरे सधान गिरी, थाना फुरसतगंज, जनपद अमेठी गिरफ्तार कर लिया।

# पति ने ही की थी पत्नी की गला दबाकर हत्या, गिरफ्तार, जेल



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बसौंहा गांव में बुधवार रात विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मृतका के पति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बसौंहा गांव निवासी सुनीता (40) की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। पति लालबहादुर ने मायके पक्ष को सूचना दी कि सुनीता की मौत सर्पदंश से हुई है। जिस पर अंबेडकरनगर जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र सुलतानपुर खुर्द निवासी मृतका के भाई पूर्णमासी ने संदेह जताते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट आने पर गला दबाने से मृत्यु की पुष्टि हुई, जिसके बाद गुरुवार शाम पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मृतका के भाई ने अपने जीजा के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस को दी तहरीर में आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाता था। जीजा ने ही उसके बहन की हत्या की है। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र प्रिंस, अनुराग और बीके को छोड़ गई है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही किया। क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुवेर्दी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है तथा मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# प्राथमिक शिक्षा मजबूत करने की दृष्टि से प्रधान व प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न



**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज पर ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में संचालित ऑपरेशन कायाकल्प व निपुण भारत मिशन के संबंध में जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रणवीर प्रताप सिंह ए. डी.ओ पंचायत लालगंज ने कहा कि विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जहां पर प्रधान विद्यालयों को ग्राम सभा की इकाई मानकर कार्य कर रहे हैं वहां के विद्यालयों में सुधार हुआ है। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत ग्राम सभा बेलहनी के अखिलेश यादव ग्राम प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय विकास में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आस्वत किया कि ग्राम प्रधान द्वारा जितना भी सहयोग विद्यालय परिवार को होगा वह दिया जाता रहेगा। राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान व विद्यालय परिवार का आपसी समन्वय जितना बेहतर होगा विद्यालय उतना ही हमारा प्रगति करेगा। कार्यशाला में आशीष मिश्रा व अश्विनी कुमार सिंह द्वारा मधुर स्वर में कविता का वाचन किया गयाद्य कार्यशाला को डॉ आशीष पटेल एआरपी, संजय सिंह, पन्नालाल, महेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। पीएम श्री लालगंज की विद्यालय द्वारा बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप सिंह द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शशि सिंह, अंकिता सिंह, वंदना शुक्ला ,ममता शर्मा,हेमा पांडे ,राजेश, सौरभ तिवारी, रजत तिवारी, विवेक कुमार, वीरेंद्र कुमार, विवेक त्रिपाठी ओम प्रकाश, अमित कुमार आदि लोगों उपस्थित आदि लोग उपस्थित रहे।

# माइक्रोबायोलॉजी विभाग में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजित प्रतियोगिता मे 32 छात्रों ने प्रतिभाग किया व प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित हुई। प्रथम चरण में कुल प्रतिभागियों में से पांच प्रतिभागियों का चयन दूसरे चरण के लिए किया गया। द्वितीय चरण के उपरांत एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र दिलीप निषाद को विजयी घोषित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. दीप नारायण प्रसाद ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक राम कृष्ण वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. शेष विजय शर्मा व श्रेयस मिश्रा भी उपस्थित रहे। उपस्थित छात्रों में एस त्रिपाठी शिवाशीष पांडेय इकरा नवाज प्रियांशी तिवारी आशीष प्रजापति आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## शहीद की याद में आयोजित होगी वॉलीबॉल प्रतियोगिता


**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के भुलकी खेल मैदान में 15 फरवरी रविवार को 26वीं शहीद मोहम्मद जावेद की याद में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शहीद मो जावेद श्रीनगर में 29 अक्टूबर 2001 को आतंकियों के साथ हुए मुकाबले में शहीद हो गए थे। प्रतियोगिता के अध्यक्ष मुशीद अहमद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आजमगढ, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, लखनऊ, आंबेडकरनगर, वाराणसी टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। आयोजन सचिव मो. साजिद ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई। इसमें जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा स आयोजन व्यवस्था में मो माजिद मो मतीन मो एजाज मो खालिद रहेंगे।

## एनएसपीएस में मनायी गयी भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारत कोकिलासरोजिनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनायी गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सरोजिनी नायडू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। श्री प्रजापति ने कहा कि सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी नेता, प्रखर वक्ता, एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री थीं, वे आजाद भारत की प्रथम महिला राज्यपाल बनी और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करती रहीं। उनका जीवन साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। श्रीमती नायडू ने समाज सेवा में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया उन्हें वर्ष 1928 में भारत में फैली प्लेग महामारी के दौरान उनके द्वारा किए गये कार्यों के लिए केसर-ए-हिन्द सम्मान से नवाजा गया इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, जी एन तिवारी, शशेंद्र श्रीवास्तव, श्वेतांजलि, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में सरोजिनी नायडू जयंती (राष्ट्रीय महिला दिवस) पर आयोजित किये गये कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नायडू जी के चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। अन्त में प्रधानाचार्य ने कहा कि सरोजिनी नायडू जानी मानी कवयित्री होने के साथ ही स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली थीं। देश की आजादी के बाद उनको पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव प्राप्त हुआ। नायडू जी ने महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भमिका निभाई।

# कृष्ण बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार विकास खण्ड के चांदपुर क्षेत्र में असरोगा टोल प्लाजा के समीप आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पंडित सर्वेश प्रपन्नाचार्य



जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा व्याध द्वारा भागवत श्रवण जैसे प्रेरणादायी प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण और सरल भाषा में वर्णन किया। उनके प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। कथा के दौरान व्यास जी ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ क्रीड़ा, माता यशोदा का वात्सल्य और गोवर्धन पर्वत धारण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान की बाल लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, सरलता, सेवा और समर्पण का संदेश देती हैं। गोवर्धन पूजा के प्रसंग में उन्होंने प्रकृति संरक्षण और अहंकार त्याग का महत्व समझाया, जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। मुख्य यजमान वेद प्रकाश तिवारी ने अपनी पत्नी शकुंतला देवी के साथ विधिवत कथा व्यास की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रमा शंकर मिश्र, मनोज कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी, पवन पांडेय, रोशन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजक वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से सायं छह बजे तक श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की जा रही है।

# उल्लासपूर्वक मना ऊंचाहार परियोजना का स्थापना दिवस



**रायबरेली।** फिरोज गांधी ऊँचाहार परियोजना का स्थापना दिवस उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आशुतोष बिष्वास ने एनटीपीसी ध्वज फहराया तथा केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर शांति और ऊंची उड़ान के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। महाप्रबंधक दिलीप कुमार साहू, एसयू. हरिदास तथा सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की पदाधिकारी महिलाएं तथा सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय त्रिपाठी एवं अन्य विशिष्ट अतिथि भी केक काटने तथा गुब्बारों की उड़ान कार्यक्रम में शामिल रहे।

मुख्य अतिथि ने ऊँचाहार परियोजना के अतीत और वर्तमान की चर्चा करते हुए इसे एनटीपीसी का सर्वश्रेष्ठ पावर प्लांट बनाने पर जोर दिया। ऊँचाहार परियोजना के प्रारंभिक दौर के कर्मचारियों ने उस समय के अपने अनुभव साझा किए। समारोह को सफल बनाने हेतु मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित फिरोज गांधी ऊंचाहार परियोजना को एनटीपीसी ने 13 फरवरी 1992 को राज्य सरकार से अधिग्रहित किया था। एनटीपीसी की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के फलस्वरूप आज ऊंचाहार परियोजना ने न केवल एनटीपीसी, बल्कि देश के सम्पूर्ण विद्युत क्षेत्र में एक मॉडल विद्युत गृह के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है।

## विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य हैं

**महराजगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के खेरवा गांव स्थित सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी व पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य व आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य है उन्होंने छात्रों को जीवन में सदैव ईमानदारी, मेहनत और संस्कारों को अपनाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान छात्र व छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राएं व अभिभावक भी समारोह में उत्साहपूर्वक शामिल रहे।

संक्षेप

## राशन माफिया के रूप में घोषित

**फिरोजाबाद।** एसएसपी द्वारा जनपद में संगठित गिरोह बनाकर गंभीर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत साथियों संग मिलकर मुनाफाखोरी कर अधिक दामों में चावल बेचने जैसे अपराध कारित करने वाले गैंगलीडर अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र स्व. अरूण कुमार निवासी पुरानी मंडी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को राशन-माफिया के रूप में घोषित किया गया है। जिसे थाना रसूलपुर पर पंजीकरण कर अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। राशन माफिया अभियुक्त पंकज कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ती हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से मुनाफाखोरी कमाए जाने के उद्देश्य से खरीद फरोख्त कर अधिक दामों पर चावल बेचने जैसे अपराध कारित करता है।

## पेड़ में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के चंदापुर थाना क्षेत्र के जनई गांव के बाहर आम के पेड़ में फंदे से युवक का शव लटकता मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे की है। गुरुवार शाम करीब छः बजे जनई गांव निवासी उमेश कुमार शुक्ला उर्फ लाल जी 44 वर्ष पत्नी ललिता से गांव में ही निर्माण में जाने को कहकर निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने इधर उधर खोजबीन भी की लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह आठ बजे ग्रामीणों ने गांव से एक किलोमीटर दूर आम पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लाल जी के शव को लटकता देखा तो जानकारी परिजनों को दी। आनन-फानन परिजन भी मौके पर पहुंचे। मौके से परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धर्मनगरी में दबंगों ने युवक के तोड़े पैर

**वृन्दावन।** तीर्थनगरी में मथुरा गेट चैकी क्षेत्र में शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई। पुलिस चैकी से महज 100 मीटर की दूरी पर दबंगों ने दिनदहाड़े एक युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर उसके दोनों पैर तोड़ दिए। घटना के समय बाजार में भीड़ मौजूद थी, लेकिन हमलावरों में जहां पुलिस का खौफ नदारद था वहीं वे माहौल को खौफजदा करने के अपने नापाक मकसद में कामयाब रहे। बेखौफ वारदात को अंजाम देने के बाद वे आराम से फरार भी हो गए। गौतम पाड़ा निवासी राकेश गौतम शुक्रवार सुबह किसी काम से जा रहा था। तभी सीएफसी चैराहे के समीप आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने राकेश पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गए। पैरों की हड्डियां अलग हो गईं। घायल के भाई रूपकिशोर गौतम ने आरोप लगाया है कि हमला छोटे गौतम के पांच पुत्रों और तीन अन्य अज्ञात लोगों ने किया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 16 जनवरी को भी इन्हीं आरोपियों ने बांके बिहारी चैकी क्षेत्र में राकेश के साथ मारपीट की थी, जिसका मुकदमा थाना वृन्दावन में दर्ज है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पिछली वारदात के बाद भी पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की।

# संस्कृति विवि में बही हास्य, ओज व श्रृंगार की त्रिवेणी




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को जमकर मनोरंजन किया। जहां एक ओर ओज के कवियों ने विद्यार्थियों में देश, संस्कृति के प्रति जोश भरा तो वहीं श्रृंगार के कवियों ने युवा ह्रदयों को अपनी रचनाओं से सुखद एहसासों में डुबो दिया। इस विशाल कवि सम्मेलन में आए हास्य कवियों ने अपने व्यंग्य बाणों से सबको खूब हंसाया और गुदगुदाया।

प्रसिद्ध कवि सुरेश अलबेला कवि सम्मेलन में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने अपने तीखे व्यग्य वाले चुटकुलों से विद्यार्थियों और अतिथिओं को हंसते-हंसते पेट पकड़ने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि, नर को नर माला पहनाए ये भी गजब तरीका है, जनसंख्या कम करने का ये भी अजब तरीका है। उन्होंने पाकिस्तान को लेकर अपने छोटे-छोटे चुटकुलों से खूब हंसाया। उन्होंने कहा, हम जिसको सिंदूर लगाते वो अपना हो जाता है, पर मोदी जी की तो आदत है सिंदूर लगाकर छोड़ देते हैं। मंच पर आसीन काकसगंज के कवि डा. अजय अटल ने मां सरस्वती को समर्पित अपनी रचना सुनाकर सबको प्रभावित किया। हरियाणा के कवि पुनीत पंचाल ने अपनी वीर रस की कविताओं से विद्यार्थियों में खूब जोश भरा। देश के जवानों के लिए भी उन्होंने समर्पित रचना पढ़ी। पंतनगर के मशहूर गजलकार डा के.पी सिहं ने अपनी रचना पढ़ते हुए कहा, चरण मां-बाप के धोकर खुशी से झूम लेता हूं मैं, मुझे मंदिर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, मां के चरण अदब से चूम लेता हूं मैं। उन्होंने बेटियों के लिए समर्पित कविता पाठ कर छात्राओं की तालियां लूटीं।

इटावा से आए वीर रस के कवि बृजेंद्र प्रताप ने ओज भरी रचनाओं से खूब जोश भरा तो अपनी रचनाओं से समाज की समस्याओं पर भी जमकर चोट की। गाजियाबाद से आईं कवियित्री डा. शिखा दीप्ति दीक्षित ने अपनी श्रृगार से ओतप्रोत जब रचना पढ़ी तो विद्यार्थी झूम उठे, उन्होंने कहा कि, इशक की कैसे खुमारी जाएगी, लग रहा है जान हमारी जाएगी, कृष्ण को जब भी बुलाया जाएगा, सिर्फ राधा ही पुकारी जाएगी। दिल्ली के वीर रस के कवि मोहन सिंह निर्भीक ने कहा, व्यक्तित्व बड़ा करके हमको सूरजमल बनना होगा। युवाओं में जोश भरते हुए उन्होंने वीर रस की रचनाएं सुनाईं। मथुरा की उभरती हुई युवा कवियित्री मीरा चैधरी एडवोकेट ने बेटियों को अपनी रचनाओं से अपनी रक्षा स्वयं करने को प्रेरित किया। राष्ट्रवादी ओज कवियित्री चैधरी अंशू छोंकर अवनी ने कहा, नहीं लिखी अपने जीवन के शब्दों की मधुशाला...लिखी शिवाजी की तलवारें और राणा का भाला। उन्होंने संस्कृति विवि के माहौल, विद्यार्थियों के संस्कारों की जमकर तारीफ की। उन्होंने राजनीतिज्ञों को अपनी रचनाओं से खूब पाठ पढ़ाया। वृंदावन के कवि मोहनलाल मोही ने ब्रज भाषा में हल्के-फुल्के व्यंग्य करती हास्य रजनाओं से खूब गुदगुदाया तो वहीं स्वरचित वंदेमातरम का पाठ कर खूब तालियां बटोरीं। राजस्थान के देवेंद्र राय प्यार भरे मुक्तकों से श्रोताओं की तालियां बटोरीं। उन्होंने कहा, वादों पर अपने प्यार की मोहर लगा गए, यादों के इम्तहान के परचे हमें थमा गए। उन्होंने बेटियों के लिए भी रचनाएं पढ़ीं। गोरखपुर से आए ओम शंकर मिश्रा ने कहा, कोई तुम्हारे लिए क्या खराब मांगेगा, तुम्हारा अपना ही तुमसे जवाब मांगेगा। उनकी रचनाओं में व्यग्य की करारी चोट थी। अंतरराष्ट्रीय ओज एवं भक्ति के कवि गिरीश विद्रोही ने अपनी रचनाओं से जमकर जोश भरा। कवि सम्मेल का संचालन अलीगढ़ के कवि शिवम कुमार आजाद ने बड़ी कुशलता के साथ किया और बीच-बीच में अपनी रचनाओं और व्यंग्य बाणों से खूब हंसाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। उनके साथ विवि की सीईओ मीनाक्षी शर्मा, प्रति कुलपति डा. रघुराम भट्ट भी रहे। कैप्स के निदेशक डा. रजनीश त्यागी ने सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सारस्वत समाज के ओम प्रकाश सारस्वत पूर्व एनसीसी अधिकारी, ओम प्रकाश सारस्वत पूर्व रेवेन्य इंस्पेक्टर, ओम प्रकाश सारस्वत पूर्व कैप्टन, सुरेश चंद्र सारस्वत ने भी कवियों का जोरदार स्वागत किया और स्मृतिचिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम के संचालन में संस्कृति एफएम के आरजे जय शंकर और शिक्षिका शुभ्रा पांडे का भी सहयोग रहा। आयोजन में डा. दुर्गेश वाधवा आदि ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

## भारत की पहचान ही सन्यासः ध्यानमूर्ति मां

**मथुरा।** शुक्रवार नेशनल हाईवे के किनारे राजीव एकेडमी के पास कोटा व छरौरा बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात बस्ती के छोटे विद्यार्थियों ने विक्रम के निर्देशन में जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में दोनों बस्तियों से उपस्थित हिन्दू समाज के लोगों के बीच महामंडलेश्वर साध्वी ध्यानमूर्ति मां ने कहा कि अपने भारत देश की पहचान संन्यास से है। संन्यास का नाम ही त्याग है, त्याग मतलब अहंकार का त्याग, अनावश्यक इच्छाओं का त्याग, आपसी भेदभाव का त्याग। अगर हिन्दू समाज इन त्यागों के लिए तैयार है तो उसे संगठित होने से कोई नहीं रोक सकता। सम्मेलन में पंचपरिवर्तन के बारे में बताते हुए विनोद कुमार कोयला वाले की प्रधानाचार्या संगीता ने कहा कि पंचपरिवर्तन का विषय आया ही समाज को संस्कारित करने के लिए है जिसमें स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण एवं सामाजिक समरसता शामिल हैं।

## हाशिये पर हैं सवर्ण समाज : अलंकार

**वृन्दावन।** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में शनिवार को परिक्रमा मार्ग स्थित श्री हरिदास धाम में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का स्थानीय लोगों ने पटुका पहनाकर भव्य स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने एससी/एसटी एक्ट, यूजीसी एक्ट और बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर पर अपनी बात रखी। उन्होंने इन कानूनों को काला कानून करार देते हुए कहा कि यदि यूजीसी कानून वापस नहीं लिया गया, तो आगामी चुनावों में कमल का फूल जनता की सबसे बड़ी भूल साबित होगा। अग्निहोत्री ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार छद्म सनातनी सरकार है। देश में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है और वर्तमान में कॉर्पोरेट सरकार चलाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह भाजपा अयोध्या हारी, उसी तरह आगामी समय में काशी, मथुरा और वृन्दावन में भी उनकी हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज हाशिए पर आ चुका है। वोट बैंक की राजनीति हावी है। इस दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही सवर्ण समाज अपनी नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता टिकट कटने के डर से जनता के मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। बांके बिहारी कॉरिडोर के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कॉरिडोर का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। यह केवल सरकार की मंशा है और इनको केवल खजाना चाहिए। सेवायतों के अनुसार ही यहां की संपूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी एवं ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महेश भारद्वाज ने कहा यूजीसी तथा एससी एसटी एक्ट समाज पर कलंक का है। डॉ. मनोज मोहन शास्त्री एवं स्वामी अतुल कृष्ण दास ने कहा के यूजीसी कानून हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। भले ही हमें सड़क पर उतरना पड़े। श्रीमती नीलम गोस्वामी एवं प्रमोद गौतम ने कहा यूजीसी कानून के डर से विद्यार्थी कॉलेजों में प्रवेश के नाम से कतराएंगे वहीं अभिभावक बालिकाओं के प्रवेश के नाम से डरेंगे। इस अवसर पर पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम एवं गरीब एकता दल के अध्यक्ष विवेक महाजन, पं. सुरेश चंद्र शर्मा, रामनारायण बृजवासी, गोविंद नारायण शर्मा, उद्धव शर्मा, श्याम सरदार, अनमोल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# बीडीओ कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण, मॉडल हाउस का उद्घाटन



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बीडीओ मथुरा के कार्यालय का निरीक्षण किया। डीएम ने सर्वप्रथम खण्ड विकास कार्यालय परिसर में नवनिर्मित पीएम/ सीएम आवास योजना (ग्रामीण) मॉडल हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएम ने सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीएम ने बीडीओ को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर के स्थित 2 पार्कों में अधिकाधिक पौधारोपण करें। डीएम ने खण्ड विकास कार्यालय में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था हेतु बीडीओ ज्योति शर्मा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सफाई व्यवस्था बरकरार रखे।

डीएम ने अभिलेखागार, मनरेगा कक्ष, राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन कक्ष, पटल सहायक कक्ष आदि का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के सुरक्षित रख रखाव पर बल देते हुए निर्देशित किया कि पुराने रजिस्टरों की बाइंडिंग कराएं। डीएम ने आईजीआरएस रजिस्टर, जन शिकायत रजिस्टर, तहसील दिवस रजिस्टर, कैश बुक, वीबी जी राम जी गार्ड फाइल आदि का अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रातः 10 से 12 बजे तक जन सुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं का निदान शासन की प्राथमिकता है। हमें पूर्ण निष्ठा एवं दृढ़ता से उक्त कार्य को करना चाहिए। डीएम ने आगामी पर्वों के दृष्टिगत बीडीओ एवं समस्त एडीओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी अफसरों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को अधिकाधिक फॉर्मर्स रजिस्ट्री करवाने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक कर फॉर्मर्स रजिस्ट्री करवाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकालकर फॉर्मर्स रजिस्ट्री हेतु जागरूक किया जाये। डीएम ने बीडीओ को निर्देशित किया कि लैंडलाइन को अपने कक्ष में शिफ्ट करायें।

# धूमधाम से निकली महाराजा सूरजमल की शोभा यात्रा



**टूंडला।** नगर में हिंदू ह्रदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा आकर्षक दर्जनों झांकियों के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा नगर के दीपा का चौराहा से प्रारंभ होकर वीआईपी मार्ग स्टेशन रोड से गुजरते हुए सुभाष चौराहा पर समापन हुआ। शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक राजनैतिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैंड-बाजों ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों ने शोभा यात्रा को और भी भव्य बना दिया। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद ठाकुर बीरी सिंह कॉलेज प्रांगण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जहां वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के शौर्य पराक्रम और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। शोभा यात्रा कमेटी के अध्यक्ष नगर पालिका चेयरमैन चौ. भंवर सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल त्याग साहस और स्वाभिमान के प्रतीक थे, जिनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। महाराजा सूरजमल ने अपने जीवन काल में 80 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी, जो अजेय हिंदू राजा थे। इस दौरान चौधरी भंवर सिंह चेयरमेन ने सभी सरदारी का आभार व्यक्त किया उनका धन्यवाद देते आगे कहा कि भविष्य में जो इस बार कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है, प्रयास किया जाएगा कि आने वाले वर्षों में इससे भी और बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा के समापन पर जलपान प्रसाद का इंतजाम भी किया गया था, जहां शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। और समाज की एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मा. देशराज सिंह हरीश चौधरी सुशील चक सत्येंद्र धनगर महाराज सिंह धनगर दिनेश गुप्ता महेंद्र सिंह जुरेल राजवीर सिंह आचार्य प्रेमसिंह पूर्व प्रधान, पंकज चौधरी किशोर चौधरी हमवीर चौधरी ओमप्रकाश एडवोकेट जगबीर पौनिया चंद्रवीर सिंह सुशील पौनिया, उदयवीर पौनिया दिनेश पाल सिंह, अमित चौधरी डॉ. गौतम नौहवार गुलाब सिंह प्रधान, इंद्रपाल सिंह दीपक ठेनुआ, शरद पौनिया, भोला चौधरी सत्येंद्र चौधरी नेहरू सिंह उदयवीर सिंह, लवकेश लक्ष्मन सिंह आकाश पौनिया, लटूरी सिंह रजत सिंह प्रवीन चौधरी लवदीप चौधरी भूपेन्द्र चौधरी, सौरभ पौनिया जितेन्द्र पौनिया अकुर सोलकी पवन चौधरी अभिषेक पौनिया, संजय पौनिया भोला पौनिया जोगेंद्र पाल सिंह रुपेश शुक्ला संजय परमार लोकेश जादौन आदि के अलावा सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## जन्मभूमि से निकलेगी भव्य शिव-बारात

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में भव्य एवं दिव्य शिव बारात का परंपरागत आयोजन महाशिवरात्रि तद्नुसार दिनांक 15 फरवरी 2026 रविवार को किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि यह दिव्य एवं अलौकिक शिव बारात दिनांक 15 फरवरी 2026 रविवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान से दोपहर लगभग 2 बजे प्रारम्भ होगी। भोले की यह बारात रूपी शोभायात्रा नगर में डीगगेट, मण्डी रामदास, चैक बाजार, स्वामीघाट, छत्ता बाजार, होली गेट, भरतपुर गेट होते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर पहुँचकर पूर्ण होगी। इस वर्ष शिव बारात की शोभा अनूठी और अभूतपूर्व होगी। शिव बारात में सम्मलित होने के लिए विभिन्न स्थानों से झाँकी, नृत्य मण्डलियों एवं स्वरूप मथुरा पधारेंगे।

## तरौली में पेयजल समस्या गहरायी, महिलाएं पानी एक किमी से पानी लाने को मजबूर

**मथुरा।** तरौली जनूबी में पीने के पानी की समस्या गहरा गई है। गांव में खारा होने है पीने योग्य नहीं है। ग्रामीण दूर दराज से नलकूपों से पानी लाने को मजबूर हैं। गांव तरौली में 45 वर्ष पहले जल निगम विभाग द्वारा पानी की टंकी बनाई गई थी। उसमें पानी स्टॉक के लिए गांव से बाहर दो ट्यूबैल लगे थे। गांव में पानी सप्लाई के लिये अंदर जमीन में लोहे की पाइप लाइन बिछी है। जिस पाइपलाइन से ग्रामीणों को सप्लाई मिलती थी। बुधवार को प्रशासन के आदेश पर ठेकेदार ने बम लगाकर पानी की टंकी को ध्वस्त कर दिया गया है। जिससे अब ग्रामीणों को पानीं नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को गांव से एक किमी दूर रोड किनारे लगे नलकूपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा जिससे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम विभाग की लापरवाही इतनी हे कई दिन से गांव में पानी का संकट गहराया हुआ है लेकिन अभी तक किसी जिम्मेदार ने सुध नहीं ली है। जबकि पेयजल सप्लाई के गांव में दो ट्यूवैल लगे हुए है जिनसे ऐसी स्थिति में बिजली आने पर गांव में सीधे पाइप लाइन से जलापूर्ति की जा सकती है। लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या की ओर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण सुन्दर सिंह का कहना है कि कई दिन से ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है लेकिन किसी अधिकारी ने अभी तक सुध नहीं ली है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भरत सिंह ने बताया कि जल निगम के कर्मचारीयों से कई दिन से कह रहे है कि ट्यूबैल चलाकर गांव में पानी की समस्या को दूर किया लेकिन कर्मचारी कोई नहीं सुन रहा। ग्रामीणों ने पानी की समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। जल निगम जेई हेमंत कुमार ने बताया एक ट्यूबल की लाइन को पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क पर पुल बनाते समय तोड़ दिया है उनको लाइन ठीक करने को पत्र भेज दिया है तथा दूसरे ट्यूबल पर बिजली फेस उड़े हुए थे जिन्हें उसे आज ठीक कराया जा रहा है।

# एसएसपी सहित 12 पुलिस कर्मियों का हुआ सम्मान

**मथुरा।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा विगत जनवरी माह में हुई सरार्फा व्यवसाई सतीश चंद्र गर्ग की हत्या व लूट का 24 घंटे में पुलिस द्वारा खुलासा करने व माल बरामदगी से खुश होकर मसानी स्थित होटल में एसएसपी सहित लगभग डेढ़ दर्जन पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया व कप्तान को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम में मौजूद मृतक व्यापारी के बेटे मयंक गर्ग ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को नगद 51 हजार रुपया इनाम की घोषणा की जिस पर कप्तान द्वारा धन्यवाद देते हुए व्यापार मंडल के सहयोग से उक्त पैसे से बाजारों में कैमरा लगवाने व अन्य जगह देने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग ने कहा कि विगत 40 वर्षों से नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल व्यापारियों की सुविधार्थ अच्छे अधिकारियों का सम्मान व व्यापारी विरोधी अधिकारियों का पुरजोर विरोध करता रहा है आज का कार्यक्रम इसी प्रयास में एक सराहनीय कदम है।

उपस्थित एसएसपी श्लोक कुमार द्वारा कहा आज व्यापार मंडल द्वारा दिए गए इस सम्मान से हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है व्यापार मंडल द्वारा इस तरह से पूरी टीम का सम्मान कर पूरे विभाग के हौसले को बढ़ाया है मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि व्यापार मंडल के माध्यम से जो भी विषय मेरे व विभाग के संज्ञान में लाया जाएगा उसे प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा क्योंकि पुलिस व्यापारी एक दूसरे के पूरक है। बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष अजीत तेहरिया ने कहा कि पुलिस व व्यापारी एक दूसरे के पूरक है और आज व्यापारियों द्वारा जिस तरह से पुलिस विभाग का सम्मान किया गया है यह एक अच्छा व सार्थक संदेश है जिससे विभाग की जिम्मेदारी अब व्यापारियों के प्रति और अधिक बढ़ जाएगी।




इससे पूर्व विगत 3 जनवरी को तेलीपारा क्षेत्र में हुई सरार्फा व्यापारी सतीश चंद्र गर्ग हत्याकांड व लूट का 24 घंटे में खुलासा करने पर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी आशना चैधरी, थाना गोविंद नगर प्रभारी रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी अजय वर्मा, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, उप निरीक्षक रिंकेश शर्मा, उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक गौरव तोमर, उप निरीक्षक नकुल कुमार उप निरीक्षक मयंक, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल हरिजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल दुर्विजय सिंह, कांस्टेबल रमन चैधरी, कांस्टेबल योगेश कुमार, कांस्टेबल आशुतोष, आरक्षी चालक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल अजीत सिंह लोर, हेड कांस्टेबल अखिल प्रताप का दुपट्टा उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व कार्यक्रम संयोजक कल्यान दास अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस टीम की ओर से पुलिस कप्तान को उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया व अध्यक्ष सुनील अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित मीडिया कर्मियों, पुलिस कर्मियों व व्यापारियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महानगर महामंत्री शशिभानु गर्ग ने किया।

# जन जागरूकता कार्यक्रम में कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी दी




**फिरोजाबाद।** शुक्रवार को शिकोहाबाद एटा रोड स्थित जानकी महल में कृषि जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृषि संबंधी योजनाओं के बारे में कोल्ड स्टोरेज के स्वामी व किसानों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक केंद्रीय कार्यालय के एसवी मंगरूलकर, ब्रांच मैनेजर सिविल लाइंस आगरा के मदनलाल मीणा, चीफ मैनेजर आगरा नीरव सिंह मैं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में कोल्ड स्टोरेज के स्वामियों तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं एवं उनसे संबंधित ब्याज दरों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ग्राहकों द्वारा दैनिक आधार पर प्रस्तुत की जाने वाली शिकायतों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया बैंक द्वारा उन्हें भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट एवं संतोषजनक सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में कोल्ड स्वामी और कई किसानों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्रांच मैनेजर राजीव निराला, ब्रांच मैनेजर सिरसागंज पूजा गुप्ता, दीपक चौधरी सीनियर मैनेजर, फिरोजाबाद ब्रांच मैनेजर रवि चौहान, कोल्ड स्वामी राघवेंद्र सिंह, ठाकुर सुदीप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## गैंगलीडर नकल माफिया के रूप में घोषित

**फिरोजाबाद।** जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार कर सॉल्वर बनकर प्रतियोगी परीक्षाओं में अन्य प्रतिभागियों के स्थान पर बैठने जैसे अपराध कारित करने वाले गैंगलीडर अखिलेश को नकल-माफिया के रूप में घोषित किया गया। जिसे थाना मटसेना पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। शुक्रवार को जनपद के थाना मटसेना पर अपने साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार कर सॉल्वर बनकर प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभागियों के स्थान पर बैठने जैसे अपराध कारित करने वाले गैंगलीडर अभियुक्त अखिलेश पुत्र शम्भू दयाल उर्फ सम्भूदयाल निवासी सिकहेरा थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद को नकल माफिया घोषित किया गया है जिसको थाना मटसेना पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्त पर पुलिस द्वारा निगरानी प्रारम्भ की गयी है। नकल माफिया अखिलेश अपने साथियों संग मिलकर कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार कर सॉल्वर बनकर प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभागियों के स्थान पर बैठने जैसे अपराध कारित कर समाज विरोध क्रियाकलापों में संलिप्त होकर आर्थिक लाभ अर्जित करता है।

## जीआरपी-आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ जागरूकता अभियान चलाया

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन टूंडला पर आरपीएफ व जीआरपी टूंडला पुलिस ने ज्वलनशील पदार्थ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें रेलयात्रियों के बैग अटैची लगेज आदि सामानो की चेकिंग की गई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी एवं जीआरपी टूंडला थानाध्यक्ष मोनू कुमार आर्य ने स्टाफ द्वारा संयुक्त चेकिंग की गई। इस दौरान स्टेशन परिसर सभी प्लेटफार्म बेटिंग रूम टिकट घर सकुर्लेटिंग एरिया में ज्वलनशील पदार्थ जागरूकता अभियान चलाया। तथा यात्रियों को ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने हेतू जागरूक किया कि यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील पदार्थ तथा नशीले पदार्थ आदि न ले जाये अगर कोई अन्य व्यक्ति ले जा रहा हो तो उसकी जानकारी होने पर तुरन्त आरपीएफ, रेल कर्मचारियों, आरपीएफ हेल्प लाइन नंबर 139 पर सूचित करें। जिससे कोई घटना घटित होने से बचाया जा सके। इस मौके पर आरपीएफ वजीआरपी पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

## फिरोजाबाद की बेटी का अंडर-17 राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ चयन




**फिरोजाबाद।** आईवी इंटरनेशनल स्कूल की 11वीं की छात्रा प्रयांशी राजपूत का चयन सीबीएसई अंडर-17 राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य डॉ. नंदिनी यादव ने बताया कि प्रयांशी पिछले 5 वर्षों से बतौर गेंदबाज अभ्यास कर रही हैं। कोच पावन शर्मा के अनुसार भोपाल में आयोजित नेशनल टूनार्मेंट में नॉर्थ जोन की जीत में प्रयांशी का अहम योगदान रहा, जिसके आधार पर उन्हें अब सीबीएसई की नेशनल टीम में जगह मिली है। विद्यालय की ओर से प्रयांशी को राष्ट्रीय टीम की यूनिफॉर्म और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कोच और शिक्षकों ने उम्मीद जताई है कि प्रयांशी भविष्य में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बनेंगी।

## सामौर बाबा धाम पर 5 से 11 मार्च तक लगेगा श्रद्धा व भक्ति का मेला

**फिरोजाबाद।** जनपद के सिरसागंज में करहरा के प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर इस वर्ष परंपरागत साप्ताहिक होली मेला महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। यह मेला दिनांक 5 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। मेला समिति के संयोजक हाकिम सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में देश के सुप्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भव्य संध्या कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव में भजन गायक हंसराज रघुवंशी लखबीर सिंह लक्खा, ब्रजेश शांडिल्य देश का सुप्रसिद्ध साधो बैंड अपनी विशेष भक्ति प्रस्तुतियाँ देंगे। मथुरा की सुप्रसिद्ध कलाकार गीतांजलि शर्मा ब्रज की होली और वाराणसी के कलाकार शिव तांडव स्त्रोत पर अपनी नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियां देंगी। महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर सामौर बाबा धाम परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा व्यवस्था मंच व साउंड सिस्टम विद्युत आपूर्ति पेयजल पार्किंग व्यवस्था साफ-सफाई तथा कार्यक्रमों के समय निर्धारण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला अवधि के प्रत्येक दिन संध्या समय भजन संध्या एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कराई जाएंगी, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु सुगमता से कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें। इस बैठक में पूर्व प्रधान प्रवीन कुमार नीटू पूर्व जिला पंचायत सदस्य मातादीन धनगर संदीप कुमार पिंटू ज्ञानेंद्र सिंह, संजय शर्मा योगेश गुप्ता, नितिन सिंह प्रधान सोथरा सचिन सिंह, प्रधान सैनावली सोनू सिंह, प्रधान करहरा दिनेश कठेरिया पूर्व प्रधान फूल सिंह बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश सिंह शिशुपाल सिंह बंगाली, अजीत राजपूत, प्रेमराज राजपूत राजवीर राजपूत पूर्व प्रधान गोपाल सिंह, विजेंद्र सिंह बेबी, अवधेश कुमार पप्पू प्रेमदास दिवाकर, लाल कुमार पंडित आदि सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



संक्षेप

## सैमसंग के एआई स्मार्टफोन का प्री-रिजर्वेशन शुरू

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन के लिए भारत में प्री-रिजर्वेशन की घोषणा कर दी है। इस नई गैलेक्सी एस सीरीज स्मार्टफोन को 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड कार्यक्रम में पेश किया जाएगा। ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस की खरीद पर 2,699 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे।कंपनी के अनुसार, नई गैलेक्सी एस सीरीज को इस तरह तैयार किया गया है कि रोजमर्रा के काम आसान हों, यूजर का आत्मविश्वास बढ़े और गैलेक्सी एआई फीचर्स शुरू से ही सहज और स्वाभाविक अनुभव दें।

## पोवा कर्व 2 स्लिम लॉन्च

बंगलुरु। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पोवा कर्व 2 स्लिम फ्यूचरिस्टिक डिजाइन में जबरदस्त बैटरी पावर के साथ अधिकृत रूप से लांच किया गया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिव एस्थेटिक्स से नया ट्रेंड शुरू किया, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह कूल फैक्टर को कुछ ज्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिजाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है।

## 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर है बादाम

नयी दिल्ली। वैलेंटाइन डे अब सिर्फ बड़े दिखावे या एक दिन के जश्न तक सीमित नहीं रह गया है। आज गिफ्ट देना ज्यादा व्यक्तिगत, सोच-समझकर और रोजमर्रा की परवाह से जुड़ा गया है। कैलिफोर्निया बादाम एक समझदारी भरा गिफ्ट विकल्प बनकर उभर रहे हैं – जो बेहतरीन स्वाद के साथ रोज की सेहत का भी ख्याल रखते हैं। ये आसानी से दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाते हैं, जिससे यह ऐसा तोहफा बनता है जो वैलेंटाइन डे के बाद भी लंबे समय तक खास बना रहता है। प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट सहित 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर बादाम रोज की सेहत के लिए सरल और असरदार विकल्प हैं।


## सेरा का उद्देश्य जीवन शैली में बदलाव लाना

नयी दिल्ली। सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड का उद्देश्य सेरा के डिजाइनों के माध्यम से जीवनशैली में बदलाव लाकर आपकी आकांक्षाओं को साकार करना है। गांवों में जलजीवन मिशन शुरू होने से सैनिटरीवेयर प्रोडक्ट की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। लग्जरी के साथ ही मध्यम वर्ग के लिए भी प्रोडक्ट उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 70 स्टोर है और अगले 2 वर्षों में इसको 100 करने का लक्ष्य है। सेरा सैनिटरीवेयर लिमिटेड भारत की एक प्रमुख और अग्रणी बिल्डिंग मटेरियल कंपनी है, जो 1980 से सैनिटरीवेयर, फैसेट (नल) और टाइल्स के क्षेत्र में काम कर रही है।

## सिद्धांत चतुर्वेदी ने शुरू किया अपना रोमांटिक हीरो का सफर

नयी दिल्ली। सिद्धांत चतुर्वेदी अपने सिनेमाई सफर के एक नए अध्याय में कदम रख रहे हैं, जहां वह पहली बार पूरी तरह से रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाते नजर आनेवाले हैं। फिलहाल फिल्म ह्यदो दीवाने सहर मेंह्व के जरिए वह अपने अब तक के इंटेंस और लेयर्ड किरदारों से अलग, संवेदनशील, आकर्षक और भावनात्मक अंदाज में दिखाई देंगे। कई लोग इसे उनका 'लवर बॉय एरा' भी कह रहे हैं। संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के साथ सिद्धांत एक ऐसे सिनेमा जगत में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें 'भंसाली हीरो' की पहचान मिल रही है। ये वो दुनिया है, जहां प्रेम काव्यात्मक होता है, भावनाएं गहरी होती हैं और कहानी कहने के कई अंदाज होते हैं। ये कहें तो गलत नहीं होगा कि भंसाली से जुड़ा प्रोजेक्ट अपने आप में एक विरासत और भव्यता का प्रतीक माना जाता है, और इस जोन में सिद्धांत का आना उनके करियर के विस्तार और विकास का संकेत देता है।

# सेंसेक्स में 1048 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच शुक्रवार को धातु, सूचना प्रौद्योगिकी और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 336 अंक टूटा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,140.37 अंक लुढ़ककर 82,534.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 362.9 अंक गिरकर 25,444.30 अंत तक आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटर्नल, टाइटन, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, केवल बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर ही बढ़त में बंद हुए। आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले कमजोर वैश्विक संकेतों और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी आशंकाओं के कारण निवेशकों का रुख सतर्क रहा। नायर ने कहा कि एआई से भारतीय आईटी कंपनियों के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका के चलते भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उपजी सकारात्मक धारणा अब लुप्त हो चुकी है। इसके अलावा धातु शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार को दबाव में लाने का काम किया। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख देखा जा रहा था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को दो प्रतिशत तक गिरकर बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 108.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीद की। घरेलू संस्थागत निवेशक भी 276.85 करोड़ रुपये के शुद्ध खरीदार रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत बढ़कर 67.81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 558.72 अंक गिरकर 83,674.92 अंक पर और निफ्टी 146.65 अंक टूटकर 25,807.20 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया तीन पैसे टूटकर 90.64 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 90.64 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूती ने रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं की बढ़त को सीमित कर दिया। इससे रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.69 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.60 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.79 के निचले स्तर तक आया। अंत में, रुपया 90.64 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को, डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे की मजबूती के साथ 90.61 पर बंद हुआ था। विभिन्न उद्योगों पर कृत्रिम मेधा (एआई) के असर को लेकर नयी चिंताओं से जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई है। इसके चलते सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली संपत्तियों में तेजी आई है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़कर 97.01 पर रहा। वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.04 प्रतिशत टूटकर 67.49 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 1,048.16 अंक टूटकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 336.10 अंक टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ।

## वनस्पति तेल आयात नवंबर-जनवरी में दो प्रतिशत गिरकर 39.6 लाख टन रहा

नयी दिल्ली। भारत का वनस्पति तेल आयात तेल वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में दो प्रतिशत घटकर 39.6 लाख टन रहा। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की कम खरीद ने पाम तेल आयात में वृद्धि के असर को संतुलित कर दिया।

तेल उद्योग के संगठन एसईए के मुताबिक, एक साल पहले नवंबर-जनवरी की समान तिमाही में देश ने 40.5 लाख टन वनस्पति तेल (खाद्य एवं अखाद्य सहित) का आयात किया था। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 की इस तिमाही में पाम तेल आयात 18 प्रतिशत बढ़कर 19.1 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 16.2 लाख टन था। एक फरवरी को पाम तेल का बंदरगाहों पर भंडार 4.86 लाख टन रहा, जो पिछले महीने से 33,000 टन अधिक है। आलोच्य अवधि में कच्चे सोयाबीन तेल का आयात नौ प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया, जबकि बंदरगाह भंडार तीन लाख टन से घटकर 1.90 लाख टन पर आ गया। इस दौरान कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात 15 प्रतिशत गिरकर 7.59 लाख टन रहा जबकि इसका बंदरगाह भंडार 1.85 लाख टन दर्ज किया गया। नेपाल ने नवंबर 2025 में भारत को करीब 54,000 टन परिष्कृत तेल का निर्यात किया, जबकि दिसंबर में यह आंकड़ा लगभग 48,000 टन रहा।

## बैंक कर्ज में दूसरे पखवाड़े में 14.41 प्रतिशत की वृद्धि




मुंबई। बैंक ऋण में वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई है और 31 जनवरी को समाप्त पखवाड़े में यह सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बैंकों के गैर-खाद्य ऋण विस्तार का यह प्रमुख आंकड़ा जीएसटी युक्तिसंगत बनाये जाने के बाद पिछले पांच महीनों से दहाई अंक में बना हुआ है। यह हाल के महीनों में खुदरा कर्जदारों और कॉरपोरेट दोनों की कर्ज मांग में सुधार का संकेत देता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में ऋण वृद्धि काफी धीमी थी और दो पखवाड़ों के दौरान यह क्रमशः 9.76 प्रतिशत और 9.98 प्रतिशत रही थी। यह कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा कर्ज लेने में सावधानी और खुदरा ऋण विस्तार में कमी को दर्शाता है। अगस्त एक बदलाव का महीना रहा, जब वृद्धि ने संक्षिप्त रूप से 10 प्रतिशत के स्तर को पार किया। ऋण वृद्धि में तेजी सितंबर से अधिक स्पष्ट हुई, जब अगले पखवाड़ों में 10.21 प्रतिशत और 10.29 प्रतिशत तक पहुंच गई और इसके बाद से लगातार दहाई अंक में बनी हुई है। तीन सितंबर, 2025 को जीएसटी परिषद ने पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सरल द्वि-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दी थी। इस कदम को अनुपालन स्पष्टता और व्यावसायिक धारणा में सुधार लाने वाले कारक के रूप में देखा गया।

## सरकार ने दी 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गयी है।

खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था। यह सुनिश्चित एमएसपी और खरीद व्यवस्था द्वारा समर्थित गेहूं की खेती में किसानों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।

# व्यापार समझौते में किसानों के हित सुरक्षित: चौहान



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में झूठ फैलाने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा है।

चौहान ने आईसीएआर-आईएआरआई के 64वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के अलावा यूरोपीय संघ एवं अन्य देशों के साथ हुए सभी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भी देश के हित में किए गए हैं। चौहान ने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) और अन्य देशों के साथ हुए सभी एफटीए देश के हित में हैं। अमेरिका के साथ हुआ व्यापार समझौता भारत के हित में है और इसमें पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखा गया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोग किसान हितों के मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं। चौहान ने कहा, वे हंगामा कर रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें लूट लिया गया है। हम बर्बाद हो गए हैं। सब कुछ बर्बाद हो गया है। देश बिक गया है। उन्होंने कहा कि वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे किसानों की ताकत बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। कृषि मंत्री ने विपक्ष पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, वे झूठ बोल रहे हैं। वे झूठ खाते रहते हैं, झूठ पीते रहते हैं, झूठ के साथ उठते हैं, झूठ के साथ सोते हैं और झूठ फैलाते रहते हैं। उन्होंने झूठ की दुकान खोल ली है। झूठ के पंजे फैला रहे हैं। लेकिन आज इस स्थापित मंच से, मैं अपने देशवासियों और किसानों से कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते में गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन और मोटे अनाज जैसी किसी भी प्रमुख फसल के मामले में ऐसी कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है जिससे घरेलू उत्पादकों को नुकसान हो, जबकि डेयरी और पोल्ट्री जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, "हमारा पक्का लक्ष्य वर्ष 2047 तक नंबर वन अर्थव्यवस्था बनना है। हम जो भी कदम उठाएंगे, वह उस ऐतिहासिक मील के पत्थर की ओर मजबूती से बढ़ेगा। समारोह में कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक एम एल जाट और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.7 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केन्द्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.66 अरब डॉलर बढ़कर 570.05 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 14.21 अरब डॉलर घटकर 123.47 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13.2 करोड़ डॉलर घटकर 18.82 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित भंडार भी 3.2 करोड़ डॉलर घटकर 4.71 अरब डॉलर रहा।

## पेज एक का शेष

### बाराबंकी में

विजयवर्गीय ने बताया कि शुरुआती जांच में यह सुनियोजित हमला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और कुछ संदिग्धों की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और हमलावरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सेवा तीर्थ

को आकार देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और प्रमुख नीतियां साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतों में विकसित की गईं। हालांकि, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ये संरचनाएं मूल रूप से अंग्रेजों के प्रतीक के रूप में बनाई गई थीं। उन्होंने कहा कि भारत की राजधानी कोलकाता से रायसीना हिल पर स्थित उन इमारतों में स्थानांतरित कर दी गई थी, जिनका निर्माण ब्रिटिश राजघराने की इच्छा के अनुसार किया गया था। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, यह महत्वपूर्ण है कि भारत औपनिवेशिक मानसिकता के हर निशानी को छोड़ दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह अत्यंत आवश्यक है कि वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के बाद भी गुलामी के प्रतीक यहां मौजूद हैं"। मोदी ने आज कहा कि हर कोई एक नए इतिहास के निर्माण का साक्षी बन रहा है और यह दिन, 13 फरवरी, भारत के विकास के सफर में एक नयी शुरुआत का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा, "शास्त्रों में विजय एकादशी को बहुत महत्व दिया गया है। इस दिन, जिस भी संकल्प के साथ कोई आगे बढ़ता है, वह निश्चित रूप से विजय दिलाता है। आज हम सभी एक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन में प्रवेश कर रहे हैं। हमारे लक्ष्य में विजय प्राप्त करने का दिव्य आशीर्वाद हमारे साथ है।

### यूपी अब

नहीं हुई थी, बल्कि वर्षों तक चले अव्यवस्थित आचरण और अपराध के वातावरण ने उसे प्रभावित किया था। बेटियां भयभीत थीं, व्यापारी अपना कारोबार समेटने को मजबूर थे और दंगे-कर्फ्यू आम बात थे। 2017 के बाद से प्रदेश में ह्लजीरो टॉलरेंसह्व नीति लागू की गई है। 2017 से पहले नीतिगत उदासीनता और प्रशासनिक शिथिलता का माहौल था, जबकि अब कानून का राज स्थापित हुआ है। 2017 के बाद से कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है और प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। राज्यपाल के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से 6 करोड़ से अधिक लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है। यह आंकड़ा नीति आयोग के अनुसार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीबी से बाहर आने का अर्थ यह नहीं कि लाभार्थियों को अन्य योजनाओं से वंचित किया जाएगा। योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किए गए सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में बड़े पैमाने पर भर्ती की गई है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या 10,000 से बढ़कर आज 44,000 हो गई है। 2017 से पहले हमारी प्रशिक्षण क्षमता 3,000 भी नहीं थी। आज यह स्थिति है कि हाल में 60,200 से अधिक पुलिस भर्ती की गईं, जिसके सभी चयनितों को प्रदेश में ही ट्रेनिंग दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए सभी 75 जिलों में साइबर थाने की स्थापना के साथ-साथ प्रदेश के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। फॉरेंसिक साइंस इकोसिस्टम को मजबूत किया गया है, जिससे जांच प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकल चुका है। पहली बार आर्थिक सर्वेक्षण को सदन में व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया गया, जो ह्लविचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकासह्व की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने इसे अविश्वास से आत्मविश्वास की ओर बढ़ता प्रदेश बताया, जहां पहले उपद्रव की खबरें सुर्खियां बनती थीं, अब निवेश, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक कल्याण की खबरें प्रमुखता पा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण पर कुल 92 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया, जिनमें 60 सत्ता पक्ष और 32 विपक्ष के सदस्य थे। उन्होंने इसे संविधान की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि विधायिका के मंच से वर्ष की शुरूआत करना लोकतांत्रिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विपक्ष ने अपनी बात रखी, सत्ता पक्ष ने अपना पक्ष रखा, लेकिन सभी ने चर्चा में भागीदारी की, यह स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से दलीय नेताओं की भूमिका की सराहना की और चर्चा की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन किया।

### इमर्जिंग

है, ताकि एक केंद्रीय संस्थान से जुड़े अन्य संस्थानों को तकनीकी संसाधन और प्रशिक्षण सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता है कि अधिक से अधिक युवाओं को भविष्य उन्मुख तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी उन्नयन को नई दिशा मिली है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाठ्यक्रमों को आधुनिक बनाया है। माध्यमिक शिक्षा के तहत प्रत्येक जनपद के राजकीय कॉलेजों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स से जोड़ा जा रहा है। विद्यार्थियों को डेटा उपयोग, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल संसाधनों से सशक्त करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 1,10,000 युवाओं को 10 प्रतिशत मार्जिन मनी के साथ ब्याज-मुक्त और गारंटी-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में चयन और प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया गया है, ताकि युवा सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने महिला उद्यमियों के लिए भी विशेष योजना लागू करने की बात कही गई। साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के माध्यम से युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी पहलों को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने बजट में घोषित यूपी डेटा अथॉरिटी और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना को भविष्य की जरूरत बताया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार के समय लगभग 19 प्रतिशत रही बेरोजगारी दर अब घटकर 2.24 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने इसे नीतिगत सुधार, निवेश वृद्धि और कानून-व्यवस्था में सुधार का परिणाम बताया।

### माफिया की

होती है। आज विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि इन्सेफेलाइटिस से बच्चों को बचाने का जो कार्य हुआ है, उसका श्रेय प्रधानमंत्री जी के गतिशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार को जाता है। यह भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की डबल इंजन सरकार की उपलब्धि है। हमने इन्सेफेलाइटिस पर वैसे ही प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है, जैसे प्रदेश में माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह सरकार केवल माफिया पर ही नहीं, बल्कि मच्छरों से फैलने वाली घातक बीमारियों पर भी उसी दृढ़ता के साथ नियंत्रण करती है। इन्सेफेलाइटिस इसका एक उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना हमारी सरकार ने आगे बढ़ाई। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 36 से बढ़कर 81 हो चुकी है। 81वां मेडिकल कॉलेज अमेठी में प्रारंभ हो चुका है। इसके अतिरिक्त कुछ नए मेडिकल कॉलेजों पर कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में दो एम्स गोरखपुर और रायबरेली में संचालित हो रहे हैं। कई मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं विकसित की गई हैं। डायलिसिस की सुविधा अब प्रत्येक जिले में निःशुल्क उपलब्ध है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ 46 लाख गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक निधि के संदर्भ में भी हमने लचीलापन दिखाने का प्रयास किया है, ताकि गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंदों को सहायता मिल सके। यदि कोई विधायक सिफारिश करते हैं तो बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। न किसी की जाति देखी जाती है, न मत, न मजहब। हर जरूरतमंद के साथ सरकार खड़ी है। आईसीयू की व्यवस्था के संबंध में एक समय कुछ निजी अस्पतालों के विरुद्ध शिकायतें आई थीं। उस पर जांच कराई गई और संबंधित अस्पतालों को योजना से बाहर किया गया। किंतु जो मामले लंबित थे, उन्हें पुनः धनराशि उपलब्ध कराई गई। किसी भी प्रकार की सीमा निर्धारित नहीं की गई है। हर जरूरतमंद को सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी अस्पतालों की मनमानी पर नियंत्रण आवश्यक है।

### साइबर अपराधों

सम्मेलन में हुई चर्चाओं के आधार पर सरकार को सिफारिशें भेजने को भी कहा था। सूत्रों के अनुसार, सरकार को दिए गए सुझाव संभवतः साइबर अपराध के इस विशेष पहलू - भारतीय सिम कार्ड के दुरुपयोग और फर्जी बैंक खातों-पर अंकुश लगाने पर केंद्रित होंगे। सूत्रों ने बताया कि यह देखा गया है कि भारतीय सिम कार्ड सक्रिय किए जाते हैं, विदेशों में तस्करी करके भेजे जाते हैं और इन कार्ड से भारतीयों को कॉल किए जाते हैं, और उन्हें डिजिटल अरेस्ट, ऋण और नौकरी के प्रस्तावों आदि जैसी विभिन्न चालों के माध्यम से साइबर अपराधियों को पैसे देने के लिए मजबूर किया जाता है।

### निराश्रित महिला

महिला गहने पहनकर बाहर निकल सकती है? आपके समय में तो महिलाएं दिन में भी नहीं निकल पाती थीं। अब तो महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी उद्योगों और कार्यालयों में कार्य कर रही हैं। इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है? दिव्यांगजनों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि आपके समय मात्र 300 रुपये पेंशन मिलती थी, आज हम 12,000 रुपये सालाना पेंशन दे रहे हैं। आपके समय में वह 300 रुपये जाता था, वह भी छह महीने में एक बार जाता था। उसमें भी आधा ही लाभार्थी को मिल पाता था। आज डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा लाभार्थी के खाते में जाता है। प्रत्येक जरूरतमंद को उसके हिसाब से सुविधा का लाभ दिया है।

### उत्तराखण्ड : कानून

संस्कृति को लागू करने की दिशा में व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हाल की घटनाओं को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति, जांच की प्रगति और संवेदनशील क्षेत्रों की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित एफआईआर, निष्पक्ष जांच और शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का भरोसा तभी मजबूत होता है जब अपराधियों के खिलाफ बिना दबाव और बिना देरी के कठोर कार्रवाई हो।

रोकथाम आधारित पुलिसिंग पर जोर

राज्य सरकार अब पारंपरिक घटना के बाद कार्रवाई की व्यवस्था से आगे बढ़ते हुए अपराध से पहले रोकथाम की नीति पर काम कर रही है।




# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया

## जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया

कोलंबो। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया।

जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई। मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।



बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी चार विकेट 12 गेंद के अंदर गंवाए। इससे पहले पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शुरुआत में धार की कमी दिखी और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने इसका फायदा उठाया। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने एडम जांपा का भी अच्छी तरह से सामना किया। जांपा ने अपने चार ओवरों में 31 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। पहले बल्लेबाजी का न्यौता अपने वाले जिम्बाब्वे की पारी का मुख्य आकर्षण मारुमानी और बेनेट के बीच पहले विकेट के लिए 7.3 ओवरों में 61 रन की साझेदारी थी।

# स्कॉटलैंड पर बड़ी जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

कोलकाता। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है।

इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता लंबे समय से चली आ रही है। स्कॉटलैंड ने कुछ अवसरों पर इंग्लैंड को हराया भी है और उसकी टीम इस मैच में अपने उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्सी और माइकल जोन्स ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब इंग्लैंड के दिग्गज स्पिनर आदिल रशीद के दो ओवर में 26 रन बनाए थे और उनका मुकाबला एक बार फिर से देखने लायक होगा। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 30 रन की हार के बाद दबाव बढ़ गया है। इससे हैरी ब्रूक के नेतृत्व वाली टीम मुश्किल स्थिति में पहुंच गई है। नेपाल के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में भी उसकी टीम हार के कगार पर पहुंच गई थी लेकिन आखिर में वह चार रन से जीत हासिल करने में सफल रही। वानखेड़े की पिच पर मिली हार ने स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार बढ़ती कमजोरी को भी उजागर कर दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और आखिर में 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड का कम रैंकिंग वाली टीमों के



खिलाफ रिकॉर्ड भी बहुत अच्छा नहीं है। उसने टी20 विश्व कप में निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ नौ मैच खेले हैं, जिनमें से चार में जीत हासिल की है और तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसे दो बार नीदरलैंड से और एक बार आयरलैंड से हार मिली। बांग्लादेश के भारत में खेलने से इनकार करने के बाद विश्व कप में नाटकीय रूप से देर से प्रवेश करने के बावजूद स्कॉटलैंड ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे पहले मैच में वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में उसने इटली को हराकर अच्छी वापसी की।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**इंग्लैंड:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल रशीद, फिल साल्ट, जोश टोंग और ल्यूक वुड।

**स्कॉटलैंड:** रिची बेरिंगटन (कप्तान), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली क्यूरी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, ज़ैनुल्लाह इहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलन, जॉर्ज मुन्सी, सफ्यान शरीफ, मार्क वाट और ब्रैड व्हील। मैच शुरू होने का समय: भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे।

संक्षेप

## उपमहाद्वीप की पिचों को लेकर शिकायत नहीं करनी चाहिये

कोलंबो। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मेट रेनशॉ ने जिम्बाब्वे के हाथों टी20 विश्व कप में मिली 23 रन से हार का ठीकरा आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर नहीं फोड़ा और कहा कि उपमहाद्वीप की टीमें आस्ट्रेलिया दौरे पर रफ्तार और उछाल वाली पिचों को लेकर कभी शिकायत नहीं करती हैं। रेनशॉ के 44 गेंद में 65 रन के बावजूद आस्ट्रेलियाई टीम 146 रन पर आउट हो गई। रेनशॉ ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , क्रिकेट ऐसा ही है। उपमहाद्वीप की टीमें आस्ट्रेलिया आती हैं तो कभी उछाल और रफ्तार को लेकर शिकायत नहीं करती हैं। आजकल क्रिकेट ऐसा ही है और आपको अलग अलग पिचों पर खेलने में सक्षम होना होगा। उन्होंने यह भी मानने से इनकार किया कि बिग बैश लीग में कठोर और उछालभरी आस्ट्रेलियाई पिचों पर खेलने के बाद धीमी पिचों पर खेलने में दिक्कत आई। उन्होंने कहा बिग बैश लीग के दौरान आस्ट्रेलियाई विकेटों में काफी उछाल रहता है। भारत में अलग तरह की पिचें होंगी जिन पर बड़े स्कोर बनेंगे क्योंकि बाउंड्री भी छोटी होगी। रेनशॉ ने कहा कि यहां बाउंड्री काफी बड़ी है लेकिन यही क्रिकेट है। हालात के अनुकूल खुद को ढालना होता है।

## ब्रेंडन टेलर लेंगे बेन कुरेन की जगह

कोलंबो। जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर एक ग्रुप मैच के दौरान लगी चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम में बेन कुरेन को शामिल किया गया। चालीस वर्षीय टेलर नौ फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच आठ विकेट से जीता था। जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को मैच से पहले टॉस के दौरान कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, ब्रेंडन टेलर को चोट लग गई है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम के भाई शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन कुरेन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि नौ फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर बेन कुरेन को उनकी जगह चुना गया। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए हालांकि टूर्नामेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी है, इसके बाद ही आधिकारिक रूप से उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है। जिम्बाब्वे जब ओमान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

# अभिषेक पाक के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से फिटः वरुण

नयी दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पेट के संक्रमण के कारण उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था।

चक्रवर्ती ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज बेहतर महसूस कर रहा है और उन्हें लगता है कि अगला मैच खेल सकता है। चक्रवर्ती ने कहा कि मुझे लगता है कि वह अगला मैच खेलेगा। मुझे उसकी स्थिति के बारे में पूरी तरह नहीं पता। लेकिन मैंने उससे बात की है, वह अच्छी स्थिति में लग रहा है। उसने आज कुछ अभ्यास भी किया। उसने बताया कि वह वापसी की प्रक्रिया में है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय कहा था कि अभिषेक पूरी तरह फिट होने से पहले एक या दो मैच से बाहर रह सकते हैं। अभिषेक की अनुपस्थिति में संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत की थी।

## तारिक का सामना करने के लिए अश्विन की भारत को सलाह, जब वह रुके तो बस क्रीज से दूर हट जायें

नयी दिल्ली। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर कहा कि अगर गेंदबाज़ गेंद फेंकने से पहले थोड़ा रुक जाता है, तो बल्लेबाज़ को दूर हटने का अधिकार है। वह कह सकता है कि मुझे लगा कि वह रुक रहा है। यह एक दिलचस्प मामला होगा और अंपायर के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर देगा। उन्होंने कहा कि अगर मैं वहां होता तो मैं भी यही करता। मैच जीतने के लिए नियमों के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं बस इतना कहता कि मुझे नहीं पता कि वह गेंद कब छोड़ेगा और मैं एक तरफ हट जाता। अगर मैं हट जाता हूं, तो यह अंपायर की जिम्मेदारी होगी। मैच के बीच में उस्मान तारिक पर पड़ने वाले दबाव की कल्पना कीजिए। यह एक अविश्वसनीय रोमांचक अनुभव होगा। वह उनकी टीम का तुरुप का इक्का है। जरा सोचिए, अगर बल्लेबाज इस तरह की प्रतिक्रिया करता है तो वह क्या कर सकता है। तारिक के अनोखे एक्शन को लेकर क्रिकेट जगत की अलग अलग राय है। अश्विन ने पहले उनका समर्थन किया था। पाकिस्तान तारिक का इस्तेमाल बहुत कम कर रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उनके गेंद फेंकने से पहले थोड़ी देर के लिए रुकने की शैली को अवैध करार दिया था जिसके बाद से वह क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

# कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

नयी दिल्ली। जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड



ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। कनाडा के लिए साद बिन जफर ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। यूएई की गेंदबाजी के दौरान सिद्दीकी को जवादुल्लाह के साथ शुरुआती ओवरों में कनाडा के तीन विकेट चटकाकर दबाव बना दिया था। जवादुल्लाह ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर एक विकेट लिया। कनाडा के लिए हर्ष ठाकेर ने 41 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 50 रन की पारी खेली। उन्होंने 38 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद नवनीत धालीवाल के साथ 47 गेंद में 58 रन की साझेदारी कर पारी को सवारा। धालीवाल ने 28 गेंद में चार चौके की मदद से 34 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई को शानदार लय में चल रहे कप्तान मुहम्मद वसीम (चार) के आउट होने से बड़ा झटका लगाय। आर्यांश शर्मा ने जसकरण सिंह के खिलाफ छक्का लगाने के बाद दो चौके जड़े जिससे टीम ने छठे ओवर से 17 रन बटोरे। पावरप्ले के बाद यूएई का स्कोर एक विकेट पर 39 रन था। दूसरे छोर से तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे अलीशान शराफू ने बड़े शॉट की तलाश में साद बिन जफर की गेंद को हवा में लहरा दिया और किरटन ने आसान कैच लपककर 13 गेंद में उनकी पांच रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले के बाद यूएई के बल्लेबाज बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करते दिखे और टीम ने नौवें ओवर में 50 रन पूरे किये। अंश पटेल की गेंद आर्यांश के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए चार रन के लिए चली गयी जिससे तीन ओवर के बाउंड्री का सूखा खत्म हुआ। जरूरी रनगति के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए मयंक ने बायें हाथ के स्पिनर जफर के खिलाफ अंपायर के ऊपर से बड़ा शॉट खेला लेकिन गेंद हवा में लहरा गयी और कलीम सना ने आसान कैच लपक लिया। हर्षित कौशिक (पांच) भी प्रभावित करने में नाकाम रहे और जफर के खिलाफ स्लॉग स्वीर करने की कोशिश में गेंद डीप मिडविकेट पर खड़े किरटन की हाथों में खेल गये।

# पाक के खिलाफ अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारतः गावस्कर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। उन्होंने कहा, श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा, हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि



अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते। गावस्कर ने कहा, वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।

# ओमान के खिलाफ मैच से कप्तान स्टर्लिंग के बाहर होने से आयरलैंड को झटका

कोलंबो। दो हार और कप्तान पॉल स्टर्लिंग के घुटने की चोट के कारण बाहर होने के बाद आयरलैंड की टीम शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में जीत हासिल करके सुपर आठ की धूमिल होती उम्मीदों को जीवंत रखना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी।

आयरलैंड को सह-मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमशः 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। आयरलैंड की टीम स्टर्लिंग से प्रेरणा लेने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन ओमान मैच से पहले दाहिने घुटने में चोट के कारण वह टी20 विश्व कप के बाकी मैच से बाहर हो गए। स्टर्लिंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में एक कैच लेते हुए दाहिने घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए तेजी से एक रन लेने के प्रयास में वह चोट और गंभीर हो गई। इस झटके के बावजूद आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। ओमान की टीम में अधिकतर भारतीय और पाकिस्तानी



मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। आयरलैंड को अच्छी तरह पता है कि टूर्नामेंट में बने रहने की अपनी धुंधली उम्मीद को बरकरार रखने के लिए उसे बड़ी जीत हासिल करनी होगी, जबकि ओमान दो करारी हार के बाद अपनी काबिलियत साबित करने की कोशिश करेगा। आयरलैंड की बल्लेबाजी कमजोर रही है और स्टर्लिंग भी बाहर हो गए हैं तो बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए रॉस एडायर, हैरी टेक्टर, लोरकान टकर और कर्टिस कैम्फर जैसे खिलाड़ियों को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल अब तक टूर्नामेंट में आयरलैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के अलावा विकेट भी लिए हैं लेकिन उन्हें तेज गेंदबाज मार्क एडायर और बैरी मैकार्थी तथा और स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रीज और गैरेथ डेलानी जैसे गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है। दूसरी ओर ओमान के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है लेकिन आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल करना उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इन दोनों टीमों के बीच अभी तक पांच मैच खेले गए हैं जिनमें आयरलैंड ने चार बार जीत हासिल की है, जबकि ओमान ने अक्टूबर 2019 में एक जीत दर्ज की थी। ओमान भी बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहा है। उसने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ क्रमशः 103 और नौ विकेट पर 120 रन बनाए। ओमान को जतिंदर सिंह, आमिर कलीम, हम्माद मिर्जा और बड़े शॉट लगाने वाले विनायक शुक्ला जैसे बल्लेबाजों से दमदार प्रदर्शन करने की जरूरत है। मोहम्मद नदीम ने श्रीलंका के खिलाफ अकेले ही संघर्ष किया और अर्धशतक बनाया। ओमान को अगर आयरलैंड को हराना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**आयरलैंड:** सैम टॉपिंग, मार्क एडायर, रॉस एडायर, बेन कैलिट्ज़, कर्टिस कैम्फर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू हम्फ्रीज़, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, हैरी टेक्टर, टिम टेक्टर, लोरकान टकर (विकेटकीपर), बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

**ओमान:** जतिंदर सिंह (कप्तान), आमिर कलीम, हम्माद मिर्जा, वसीम अली, करण सोनावाले, जितेन रामानंदी, विनायक शुक्ला (विकेटकीपर), सुफियान महमूद, नदीम खान, शाह फैसल, शकील अहमद, मोहम्मद नदीम, जय ओडेदरा, आशीष ओडेदरा, शफीक जान। मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा।

# घट रहे पराली जलाने के मामले

## पराली जलाना प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है : चौहान



नयी दिल्ली। शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में शुक्रवार को कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराने के कारण खास तौर पर पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामले लगातार घट रहे हैं।

प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में चौहान ने कहा कि पराली जलाना प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में यह सर्दियों में भी कुल प्रदूषण में केवल पांच प्रतिशत योगदान करता है। उन्होंने कहा कि उद्योग और वाहन भी मुख्य प्रदूषण स्रोत हैं, लेकिन अक्सर किसानों को दोषी ठहराया जाता है। उच्च सदन में कृषि मंत्री ने बताया कि हालांकि किसानों के लिए खेत साफ करने का आसान तरीका पराली जलाना है, लेकिन इसके कई नुकसान भी हैं। इनमें फसल के अनुकूल कीटों का नाश, मिट्टी की उर्वरता में कमी, पोषक तत्व और कार्बन की हानि शामिल है। इसी कारण सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन (कॉप रेसिड्यू मैनेजमेंट ... सीआरएम) योजना शुरू की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को पराली प्रबंधन के लिए मशीन खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है, जबकि इन मशीनों को किराए पर किसानों को उपलब्ध कराने वाले संस्थानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। चौहान ने कहा कि अब तक 3.5 लाख से अधिक किसानों को मशीनें दी जा चुकी हैं, जिनमें पंजाब के l,60,296 किसान, हरियाणा के l,10,550 किसान और उत्तर प्रदेश के 76,135 किसान शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने के मामले काफी हद तक घट गए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के मामलों में केवल 17 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है और सरकार इस दिशा में और प्रयास कर रही है। दालों के उत्पादन में गिरावट संबंधी सवाल पर चौहान ने कहा कि सरकार कृषि वैज्ञानिकों के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता वाले बीज विकसित कर रही है ताकि फसल उत्पादन बेहतर हो। उन्होंने कहा कि चरम मौसम की परिस्थितियां भी फसल उत्पादन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने बताया कि 2016 में भारत सबसे बड़ा दाल आयातक था, लेकिन प्रौद्योगिकी, बेहतर बीज और किसानों के लिए सुविधाओं के कारण देश ने दलहन क्रांति देखी और 202122 में रिकॉर्ड दो करोड़ 73 लाख टन उत्पादन हुआ। चौहान ने कहा कि केवल 202425 में ही दालों के उत्पादन में गिरावट आई, और इसके लिए सरकार ने दलहन मिशन शुरू किया है, जिसमें बेहतर बीज विकास और पारंपरिक बीजों के प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) जैसी पहल शामिल हैं। मध्य प्रदेश में मूंग उत्पादन के सवाल पर चौहान ने कहा कि अब राज्य में गर्मियों के मौसम में भी 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक मूंग उत्पादन हो रहा है।

## राहुल गांधी संसद को बाधित करने के लिए बहाना तलाशते हैं : प्रधान



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को बयान बहादुर करार देते हुए कहा कि वह (गांधी) सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नये-नये बहाने तलाशते हैं।

संसद के बजट सत्र का पहला चरण हंगामेदार रहा, जिसमें भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की अप्रकाशित किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। संसद के बजट सत्र का पहला चरण शुक्रवार को समाप्त हुआ और दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होगा। प्रधान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली ही नहीं, (बल्कि) उसकी पहचान बन चुकी है। हर सत्र में एक ही स्क्रिप्ट दोहराई जाती है- हंगामा, शोर, झूठ और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सुनियोजित उल्लंघन। उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी आदत नहीं, उनकी राजनीतिक पहचान है, जिसने उन्हें भारतीय राजनीति में अविश्वसनीयता का प्रतीक बना दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस को संविधान, लोकतंत्र, लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय प्रणाली और जनता के मताधिकार में विश्वास नहीं है। वैचारिक रूप से खोखली कांग्रेस योजनाबद्ध तरीके से संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। प्रधान ने कहा, आपातकाल की मानसिकता वाले लोग भारत की तरक्की से नफरत करते हैं और डेड इकोनॉमी (चौपट अर्थव्यवस्था) बोलकर देश का अपमान करते हैं। बयान बहादुर राहुल गांधी सामंतवादी सोच और राजनीतिक कुंठा के कारण झूठ फैलाते हैं और हर बार बेनकाब होते हैं। उन्हें यह स्पष्ट होना चाहिए कि संसद कांग्रेस के निजी स्वार्थ साधने का मंच नहीं, बल्कि देशहित में संवाद का मंच है। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू हुआ था।

## राहुल के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लायेगी सरकार, भाजपा सांसद ने दिया है नोटिसः रीजीजू

नयी दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाने की योजना छोड़ दी है क्योंकि भाजपा के एक सांसद ने इसी मुद्दे पर कांग्रेस नेता के खिलाफ एकै विशिष्ट प्रस्तावै शुरू करने के लिए नोटिस दिया है। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस बारे में लोकसभा अध्यक्ष से सलाह ली जाएगी कि इस मामले को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए, आचार समिति को भेजा जाए या सीधे लोकसभा में लाया जाए। उन्होंने कहा, अभी यह तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि एक सदस्य ने निजी तौर पर प्रस्ताव के लिए पहले ही नोटिस दे दिया है, इसलिए सरकार अपना प्रस्ताव पेश करने से बचेगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस दिया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की सदन की सदस्यता रद्द करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की मांग की है। दुबे के अनुसार, उन्होंने अपने नोटिस में कहा है कि कैसे नेता प्रतिपक्ष विदेश जाते हैं और भारत विरोधी तत्वों के साथ सांठगांठ करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के बजट सत्र के पहले चरण के दौरान उनका आचरण अराजक, अलोकतांत्रिक और राजनीतिक रूप से असभ्य रहा। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि गांधी के इशारे पर सत्र के दौरान जिस तरह से कांग्रेस सदस्यों ने व्यवहार किया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि वह सदन की किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और नियमों में विश्वास नहीं करते हैं।










आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com